

आम आदमी का अपना दैनिक अखबार

# तरुण छत्तीसगढ़

E-mail:
tarunpressraipur@gmail.com
tarun_press@yahoo.co.in

Web:
www.tarunchhattisgarh.in
facebook.TarunChhattisgarh
Twitter - Tchhattisgarh36
Instagram -tarunchhattisgarh.raipur

phone: 0771-2543112

■ रायपुर,रविवार 17 सितंबर 2023 ■ भाद्रपद शुक्ल पक्ष-3 ■ वर्ष- 39 ■ अंक-170 ■ पृष्ठ-8 ■ डाक संस्करण 18 सितंबर 2023 ₹ 1.00




Visit us : ChhattisgarhCMO ChhattisgarhCMO ChhattisgarhCMO ChhattisgarhCMO DPRChhattisgarh DPRChhattisgarh www.dprcg.gov.in

## एक नजर

### दबंगई करता युवक गिरफ्तार

**भिलाई, 17 सितंबर।** भिलाई रिवाल्वर दिखाकर दबंगी करने वाले युवक को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। आरोपी के खिलाफ पुलिस ने आर्म्स एक्ट के तहत जुर्म दर्ज किया है सुपेला टीआई दुर्गेश शर्मा ने बताया कि मुखबिर की सूचना पर थाना क्षेत्र के आदतन अपराधी मिलन चैक कृष्णा नगर निवासी वीरेन्द्र नाई लोगों को रिवाल्वर दिखाकर धमका रहा था जिसे पुलिस ने रिव्लार के साथ पकड़ा है। आरोपी वीरेन्द्र नाई पूर्व में भी सिपाही के उपर गोली चला चुका है आरोपी क्षेत्र में निवासरत लोगों पर खौफ जमाने रिवाल्वर रखता था इसके अलावा शराब तस्कर कोहका निवासी अभिषेक चौहान और कृष्णा नगर के राहुल महानंद को भी गिरफ्तार किया है।

### ताला तोड़कर घर में चोरी

**भिलाई, 17 सितंबर।** भिलाई वैशाली नगर थाना क्षेत्र मकान में ताला जड़कर दिल्ली गए परिवार के मकान का ताला तोड़कर सामान पार करने का मामला सामने आया है शिकायत पर पुलिस ने धारा 380,457 के तहत जुर्म दर्ज किया है पुलिस ने बताया कि जवाहर नगर निवासी कमला अहिरवार माह भर पूर्व अपने पति के साथ दिल्ली बेटे के घर गई थी 13 सितंबर की सुबह दिल्ली से वापस लौटने पर मकान के सामने का ताला टूटा पड़ा मिला।

### पाटन महाविद्यालय समाज कार्य विभाग एमएसडब्ल्यू में हुआ परिषद का गठन



**पाटन, 17 सितंबर।** शासकीय महाविद्यालय पाटन के समाज कार्य एमएसडब्ल्यू विभाग में परिषद का गठन हुआ जिसमें उमाशंकर निर्मलकर अध्यक्ष तो वही विपिन बंछोर उपाध्यक्ष सहित सचिव वीनू साहू ,सह सचिव जयंती साहू कोसअध्यक्ष खिलेंद्र बने सभी पदाधिकारियों का गठन सर्वसम्मति से हुआ गठन का कार्यक्रम विभागाध्यक्ष पुष्पा मिंज एमएसडब्ल्यू के प्रो राहुल चौधरी, अभिषेक वर्मा के उपस्थिति में हुआ यह विभाग महाविद्यालय में नई पाठ्यक्रम में सम्मिलित है इसका शुरुआत अभी 2023 में हुआ ये सभी पदाधिकारि प्रथम बेच है ।सभी ने पदाधिकारी को उचित दिशा निर्देश देते हुए बधाई दी साथ ही सभी पदाधिकारी एकजुट होकर कार्य करने की शपथ ली।

### मेरा घर, मेरा दफ्तर अभियान से शासकीय कार्यालयों में व्यापक पैमाने पर की गई साफ-सफाई

**राजनांदगांव 17 सितम्बर ।** जिले में शासकीय कार्यालय की सफाई के लिए कलेक्टर श्री डोमन सिंह के मार्गदर्शन में चलाये जा रहे मेरा घर, मेरा दफ्तर अभियान के तहत सभी शासकीय कार्यालयों में व्यापक पैमाने पर साफ-सफाई की गई। कलेक्टर के आव्हान पर जिले भर में हर माह के तीसरे शनिवार को शासकीय अधिकारी-कर्मचारी अपने कार्यालय की सफाई कर रहे हैं। आज कलेक्टोरेट में सभी विभागीय अधिकारी-कर्मचारियों ने फाइल व्यवस्थित कर संधारित किया।गौरतलब है कि प्रत्येक माह के तीसरे शनिवार को सुबह 8 बजे से 10 बजे तक शासकीय कार्यालय की साफ-सफाई की जा रही है। सफाई अभियान अंतर्गत रिकार्ड व्यवस्थित रखी जा रही है।

### ग्राम जोरातराई में स्वीप मतदाता जागरूकता कार्यक्रम का हुआ आयोजन

**राजनांदगांव 17 सितम्बर ।** कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी श्री डोमन सिंह के निर्देशानुसार आगामी विधानसभा निर्वाचन 2023 को ध्यान में रखते हुए जिले के सभी कार्यालय एवं विभाग प्रमुखों द्वारा मतदाता जागरूकता कार्यक्रम स्वीप अंतर्गत मतदाताओं को मतदान के लिए प्रेरित करने मतदाता जागरूकता गतिविधियों का आयोजन किया जा रहा है। जिसके अंतर्गत जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी श्री अमित कुमार के मार्गदर्शन में श्रम विभाग द्वारा राजनांदगांव विकासखंड के ग्राम जोरातराई के औद्योगिक क्षेत्र क्रेस्ट स्टील एण्ड पावर लिमिटेड में स्वीप मतदाता जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया।



### मुख्यमंत्री ग्राम सड़क विभाग में विश्वकर्मा जयंती मनाई गई

**कवर्धा, 17 सितंबर।** मुख्यमंत्री ग्राम सड़क विभाग में मुख्यमंत्री ग्राम सड़क विभाग कार्यपालन अभियंता जे के मेश्राम सहित सहायक अभियंता मनोज सोनी , पीएमजीएसवाय एसडीओ त्रिवेणी कांत गजेंद्र , उप अभियंता अश्विनी ठाकुर ,उप अभियंता गजेंद्र वर्मा और कर्मचारियों ने भगवान विश्वकर्मा की पूजा की । सभी स्टाफ ने धूमधाम से विश्वकर्मा जयंती मनाया ।

# पीएम मोदी एवं पूर्व राष्ट्रपति कोविंद से चुनाव कानूनों में बदलाव की अपील की प्रकाश ने

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**भिलाई, 17 सितंबर।** वॉइस एंड डिमांड ऑफ़ इंडियन वोटर्स फेसबुक पेज के संचालक, समाजसेवी एवं गणितज्ञ प्रकाश कुमार शर्मा ने निर्वाचन आयोग से भारत में चुनाव प्रणाली में सुधार लाकर एक देश एक चुनाव की वकालत करते हुए कहा है कि मतदाताओं को धर्म के आधार पर विभाजित करना और शिक्षित या अशक्षित मतदाताओं की भावनाओं से खिलवाड़ करना तथा वोटों का ध्रुवीकरण करना यह लोकतंत्र और देश की एकता के लिए गंभीर खतरा है। शर्मा ने कहा कि लोकतंत्र समावेशिता, सूचित निर्णय और विविधता में बना होता है। ऐसी तकनीकें इन सिद्धांतों को कमजोर करती हैं और समाज की संरचना के लिए हानिकारक परिणाम हो सकते हैं।



यह महत्त्वपूर्ण है कि हम समझावा, सम्मान और निष्पक्ष बहस को बढ़ावा दें ताकि लोकतंत्र और राष्ट्रीय एकता को मजबूती मिले। शर्मा ने कहा कि अगर हमारी सरकार नेताओं के स्थान पर कृत्रिम बुद्धिमत्ता वाले रोबोट लगाएं जिनमे कृत्रिम बुद्धमत्ता हो तो हम कई अरबों रूपये बचा सकते हैं और जनता पर बोझ कम करेंगे तथा युवाओं के रोजगार का मार्ग प्रशस्त होगा। शर्मा ने कहा कि आज हमें प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जैसे दृढ इच्छाशक्ति वाले नेता की जरूरत हैं जो भारत का नाम विश्व पटल पर उज्जवल और विकसित बना सके। उन्होंने कहा कि देश प्रतीक्षा कर रहा है कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी तथा एक देश एक चुनाव के लिए गठित समिति के अगुआ पूर्व राष्ट्रपति रामनाथ कोविंद जरूर इस ओर ध्यान देंगे और देश की चुनाव प्रणाली को बेहतर बनाकर देश में अनावश्यक राजनीति करने वाले नेताओं की संख्या कम करेंगे। अंग्रेजों के समय एक वायसराय पूरे देश का शासन चलाता था।

### दुर्गेश ने वैशालीनगर विधानसभा से की कांग्रेस से दावेदारी



**भिलाई, 17 सितंबर।** वैशालीनगर विधानसभा क्षेत्र में विभिन्न संस्थानों से जुड़कर जीवन यापन कर रहे यूपी, बिहार के लोग अधिकांश वोटर है। इस विधानसभा को यूपी बिहार का गढ़ माना जाता है। सुपेला के निवासी कांग्रेस के कर्मठ सिपाही एवं समाज सेवा क्षेत्र में जाना पहचाना व व्यक्तित्व के धनी दुर्गेश ताम्रकार ने पहली बार वैशालीनगर से विधानसभा की टिकट मांगा है। वह चुनावी रणनीति में पारंगत है, मिलनसार,गरीबों की सेवा करने में धनी मृदुभाषी ऐसा भी कहा जाता है कि उनके यहां हाथ फैलाने वाले कभी बैरंग नही लौटे है, उन्हें गरीबों का मसीहा कहा जाता है।, तकरीबन 42 से 43 वर्ष के युवा है और जुझारू भी है। उनके पास कार्यकर्ताओं की फौज है, उन्हें चुनाव जीतने के लिए फैज रूपी कार्यकर्ता खड़े है। उन्हें अजमाईश करने की कतई जरूरत नहीं है, चुनाव में कब कौन सा दांव-पेंच खेलकर चुनाव जीतना है, उक्त कला में दुर्गेश ताम्रकार पारंगत है।

# विश्वकर्मा जयंती पर भिलाई में किया गया रंगारंग आयोजन

भिलाई,17 सितंबर। विश्वकर्मा जयंती के अवसर पर आज भिलाई में जगह-जगह पूजा-पाठ एवं भगवान विश्वकर्मा प्रतिमा स्थापना कर हर्षोल्लास के साथ भजन कीर्तन किया गया। भिलाई स्टील प्लांट एवं नगरीय निकाय से लेकर समस्त कल-कारखानों एवं प्रतिष्ठानों में विश्वकर्मा जयंती की धूम रही। औद्योगिक क्षेत्र स्थित श्रीकला जनरल इंजीनियरिंग वर्क्स में कारखाने के चेयरमैन आरके पांडेय ने इस अवसर पर सृजन एवं निर्माण के देवता भगवान विश्वकर्मा को नमन करते हुए पूजा पाठ किया और श्रमिकों को सम्बोधित करते हुए औद्योगिक उत्पादन की निरंतरता को बनाए रख कर राष्ट्र की भागीदार बनने का आह्वान किया। कंपनी के प्रबंध निदेशक अमित पांडेय ने भगवान विश्वकर्मा की प्रतिमा की आरती उतारी एवं पारितोषिक का वितरण किया। शुक्ला इंडस्ट्रीज में भगवान विश्वकर्मा की जयन्ती



हर्षोल्लास के साथ मनाई गयी। सुबह आयोजित पूजा-पाठ के कार्यक्रम में कारखाने संचालक अनिल शुक्ला ने अपने पिता संस्थापक चेयरमैन स्व. डीएस शुक्ला का स्मरण करते हुए कहा कि भारत के विकास में औद्योगिक इकाइयों का खास महत्व है। शुक्ला ने कहा कि भगवान विश्वकर्मा के आशीर्वाद से छत्तीसगढ़ में कृषि के साथ ही औद्योगिक उत्पादन भी लगातार आशाजनक रूप से बढ़त की ओर यह शुभ संकेत है। इस अवसर पर श्रमिक बिरादरी का सम्मान किया गया।

# एसपी और एएसपी ने स्टार लगाकर उप निरीक्षक की पदोन्नति की शुभकामनाएं दी

ठ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

कवर्धा,17 सितंबर। पुलिस महानिरीक्षक राजनांदगाँव रेंज के राजनांदगाँव आदेशानुसार पदोन्नति हेतु जारी योग्यता सूची वर्ष 2023 में जिला पुलिस कबीरधाम के प्रधान आरक्षको का सहायक उप. निरीक्षक के पद पर पदोन्नति, एवं राजनांदगाँव के प्रधान आरक्षकों का स्थानांतरण/पदोन्नति हेतु योग्यता सूची जारी की गई है। इसी तारतम्य में आज दिनांक-16.09.2023 को पुलिस अधीक्षक कार्यालय में उक्त पदोन्नत प्रधान आरक्षकों को पुलिस कप्तान डॉ. अभिषेक पल्लव, एवं अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक हरीश राठौर तथा उप. पुलिस अधीक्षक मुख्यालय कौशल



किशोर वासनिक के द्वारा स्टार लगा कर सहायक उप. निरीक्षक के पद पर पदोन्नति प्रदान की गई है। जिसमें (1) प्रधान आरक्षक क्रमांक- 09 अशोक चौधरी पी.टी.एस.राजनंदगाँव से स्थानांतरण पश्चात पदोन्नति (2) महिला प्रधान आरक्षक श्रीमती चंपा लांजी डी.एस.बी. शाखा कबीरधाम, (3) प्रधान आरक्षक 145 प्यारेलाल साहू जिला कबीरधाम(4) प्रधान आरक्षक 278 रामाधार यादव जिला कबीरधाम(5) प्रधान आरक्षक 108 भुवन रामजांगड़े जिला कबीरधाम(6) प्रधान आरक्षक 123 रामकुमार राजपूत जिला कबीरधाम(7) प्रधान आरक्षक 141 तेज लाल निषाद जिला कबीरधाम,(8) प्रधान आरक्षक क्रमांक 200 शिवेंद्र मोहन उपाध्याय जिला कबीरधाम(9) प्रधान आरक्षक 39 बंदे सिंह मेरावी जिला कबीरधाम (10) प्रधान आरक्षक क्रमांक 24 नबोर एक्का जिला कबीरधाम। उक्त पदोन्नत अधिकारियों को पुलिस अधीक्षक डॉ. अभिषेक पल्लव द्वारा संबोधित करते हुए कहा गया कि आप सभी के कार्यों में पदोन्नति के साथ वृद्धि होगी, जिसे बेहतर ढंग से निभाना आप सभी का प्रथम कर्तव्य होगा कहकर पदोन्नति की बधाई देते हुए उज्जवल भविष्य की शुभकामनाएं की गई। इस अवसर पर कार्यालयीन अधिकारी/कर्मचारी एवं पदोन्नत अधिकारी गण के परिवार जन उपस्थित रहे।



### कॉम्बिंग गश्त के दौरान कुल 108 वारंट तामिल

**भिलाई,17 सितंबर।** दुर्ग एसपी शलभ सिन्हा के द्वारा समस्त राजपत्रित अधिकारियों और थाना चौकी प्रभारियों की बैठक पुलिस कंट्रोल रूम भिलाई में लेकर फरार वारंटियों को गिरफ्तार करने निर्देश दिया था। कॉम्बिंग गश्त के दौरान कुल 108 वारंटो की तामिल कराई गई। दुर्ग पुलिस के द्वारा आरोपियों के वारंटों की तामील कराने कॉम्बिंग गश्त की गश्त के दौरान राजपत्रित अधिकारी, थाना प्रभारी पुलिसकर्मी तैनात किए गए थे ।कॉबिंग गश्त में लंबे समय से फरार वारंटियों को पकड़ने में सफलता मिली थानों में वारंट के लंबित मामले बढ़ने, आरोपित के फरार होने, वारंट तामील नहीं होने से न्यायालय मे प्रकरण लंबित थे वारंट की तामीली होने से पीड़ितों को न्याय मिल सकेगा। फरार वारंटियों की गिरफ्तारी के लिए काबिंग गश्त चलाने के निर्देश पर वारंटियों की गिरफ्तारी का अभियान चल रहा है दो माह में अब तक 1000 से अधिक वारंटियों को पकड़कर न्यायालय में पेश किया।

### चलती ट्रेन से बुजुर्ग गायब, परिजनों को अनहोनी की आशंका

भिलाई,17 सितंबर। भिलाई के वयोवृद्ध फल विक्रेता राजमन सेन के चलती ट्रेन से गायब हो जाने से परिजनों को अनहोनी की चिंता सता रही है। फलों के थोक एवं चिल्हर व्यापारी अशोक कुमार सेन ने शासकीय रेलवे पुलिस को घटना की जानकारी देते हुए बताया है कि उनके 92 वर्षीय पिता राजमन सेन पिछले 11 सितम्बर को अपनी पत्नी मालती देवी एवं पिताजी राजमन सेन के साथ ट्रेन नंबर 18212 बिलासपुर-दुर्ग एक्सप्रेस से अनूपपुर से भिलाई पावर हाउस आने के लिए कोच नंबर एस-6 में दरवाजे के पास बैठ कर अनूपपुर से सफर कर रहे थे। सुबह उस्लापुर स्टेशन पर ट्रेन पहुंची थी।



उस समय तक उनके पिताजी साथ थे। उसके बाद ट्रेन चलने पर नींद आने पर वे सीट के नीचे सो गए। सुबह साढ़े आठ बजे नींद खुलने पर देखा कि पिताजी नहीं थे। उस समय तिल्दा स्टेशन पर ट्रेन खड़ी थी। पूरी गाड़ी छान मारने पर भी उनका कोई पता न चला। प्रार्थी अशोक सेन ने अपने पिता की फोटो मय विवरण के जीआरपी को देकर ढूंढने का निवेदन किया है।

# जागरूकता लाने महापौर और सभापति ने पकड़ी झाड़ू, निकाली रैली




**रिसाली।** रिसाली को स्वच्छ और सुंदर बनाने जागरूकता रैली निकाली गई। महापौर शशि सिन्हा व सभापति केशव बंछोर ने जागरूक करने सड़क के अलावा खेल मैदान की सफाई की। इंडियन साक्षरता लीग 2.0 के तहत नगर पालिक निगम रिसाली में जागरूकता लाने 2 अक्टूबर तक आयुक्त आशीष देवांगन के मार्गदर्शन में कार्यक्रम चलाया जाएगा। रिसाली निगम को कचरा मुक्त करने विशेष पहल की जा रही है। शनिवार को शहर के मुख्य मार्ग में रैली निकालकर शहर को साफ सुथरा रखने का संदेश दिया गया। रैली में शामिल जन प्रतिनिधियों व नागरिकों ने टी शर्ट , कैप व हाथो में दस्ताना लगाकर जनभागीदारी से निकाय क्षेत्र को साफ रखने का आव्हान भी किया। रैली में महापौर परिषद के सदस्य गोविंद चतुर्वेदी, चन्द्र भान ठाकुर, अनुप डे, पार्षद डॉ सीमा साहू, संजू नेताम, शीला नारखेड़े, जमुना ठाकुर, कार्यपालन अभियंता एम पी देवांगन, नोडल अधिकारी रोहित साहू, जन स्वास्थ्य विभाग के कर्मचारी, समाज के प्रतिनिधि व आजीविका मिशन के महिला सदस्य शामिल थी। रैली से पहले जनप्रतिनिधियों व नागरिकों ने निगम कार्यालय पहुंचकर संकल्प लिया। उन्होंने शहर को साफ सुथरा रखने और आम लोगो को जागरूक कर सफाई में सहयोग करने का वचन दिया। कर्मचारियों ने भी कार्यालय परिसर को साफ रखने का संकल्प लिया। निगम कार्यालय में स्वच्छता को लेकर विविध कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यालय परिसर के दीवार पर शामिल लोगों ने हथेली में रंग लगाकर छाप बनाया। यह इस बात का संकेत है कि वे अभियान में शामिल होकर लोगों को जागरूक करेंगे।

### इंजीनियर्स दिवस के उपलक्ष्य में मेगा इंटर-यूनिट टेक्निकल क्विज का आयोजन



**भिलाई,17 सितंबर।** सेल-भिलाई इस्पात संयंत्र प्रबंधन ने भारत के अग्रणी सिविल इंजीनियर, प्रशासक और एक प्रतिष्ठित राजनेता, भारत रत्न से सम्मानित मोक्षगुंडम विश्वेश्वरैया की जयंती पर मेगा इंटर-यूनिट टेक्निकल क्विज टेक क्वेस्ट 3.0 के आयोजन के साथ 56वां इंजीनियर दिवस मनाया। टेक क्वेस्ट 3.0 का आयोजन 15 सितंबर को मानव संसाधन विकास विभाग के असेंबली हॉल में लगातार तीसरे वर्ष किया गया था। इस टेक्निकल क्विज को क्विजमास्टर्स सहायक महाप्रबंधक विकास पिपरानी और सहायक महाप्रबंधक आशीष अग्रवाल ने कुशलता से आयोजित किया। मुख्य अतिथि के रूप में भिलाई इस्पात संयंत्र के निदेशक प्रभारी, अनिर्बान दासगुप्ता उपस्थित थे।

### अनिर्बान लाइफ टाइम इंजी. एक्सीलेंस अवार्ड से सम्मानित



**भिलाई,17 सितंबर।** सेल-भिलाई इस्पात संयंत्र के सहयोग से इंस्टीट्यूशन ऑफ इंजीनियर्स (इंडिया), भिलाई लोकल सेंटर द्वारा 56 वां ऋइंजीनियर्स डे 2023ऋ का संयुक्त रूप से आयोजन 15 सितंबर को इंजीनियर्स भवन, न्यू सिविक सेंटर में किया गया। शुभारम्भ, भारत रत्न एम विश्वेश्वरैया के चित्र पर माल्यार्पण और दीप प्रज्ज्वलन के साथ किया गया।

तत्पश्चात अतिथियों का स्वागत किया गया। मुख्य अतिथि के रूप में डायरेक्टर (आईआईटी, भिलाई) डॉ राजीव प्रकाश, विशेष अतिथि और प्रमुख वक्ता के रूप में भिलाई इस्पात संयंत्र के निदेशक प्रभारी तथा एक कुशल इंजीनियर अनिर्बान दासगुप्ता उपस्थित थे। भिलाई इस्पात संयंत्र के निदेशक प्रभारी अनिर्बान दासगुप्ता को इंस्टीट्यूशन ऑफ इंजीनियर्स द्वारा लाइफ टाइम इंजीनियरिंग एक्सीलेंस अवार्डऋ से सम्मानित किया गया। इंजीनियर और संयंत्र के पूर्व वरिष्ठ अधिकारियों एच वी शर्मा, एम डी अग्रवाल, जी वी चाऊजी, ए पी मिश्रा का स्मृति चिन्ह, शाल तथा श्रीफल से सम्मान किया गया। साथ ही बीआईटी, दुर्ग के प्रोफेसर सुब्रता नागपाल, एसोसिएट प्रोफेसर (सिविल) डॉ निशांत यादव, प्रोफेसर (ईटीसी) डॉ अरूण साहू, एसोसिएट प्रोफेसर (मेकेनिकल) डॉ संतोष कुमार मिश्रा को भी सम्मानित किया गया। इस अवसर पर भिलाई इस्पात संयंत्र के कार्यपालक निदेशक एस के मुखोपाध्याय, कार्यपालक निदेशक पवन कुमार, कार्यपालक निदेशक बिपिन कुमार गिरी सहित अनेक अभियंता और भिलाई इस्पात संयंत्र के पूर्व अधिकारी, इंजीनियरिंग महाविद्यालयों के छात्र-छात्राएं एवं पालकगण उपस्थित थे। सचिव डॉ नागेन्द्र त्रिपाठी द्वारा धन्यवाद ज्ञापित दिया गया।

# दो एटीएम काटकर 70 लाख रुपए की चोरी

**भिलाई, 17 सितंबर।** भिलाई बीते 26 व 27 अगस्त की दरम्यानी रात हाउसिंग बोर्ड शॉपिंग कॉम्पलेक्स बोरसी स्थित एसबीआई बैंक का एटीएम बूथ एवं हुडको भिलाई स्थित एसबीआई बैंक के 2 एटीएम बूथ में अज्ञात चोरो ने मशीन के लोहे के पैनल को गैस कटर से काट कर क्रमशः 21,54,500 रूपये व 48,47,300 रूपये कुल रकम 70,01,800 रूपये को चोरी कर ले गये थे। इसके साथ ही एटीएम मशीनों में आग लगाकर-तोड़फोड़ कर लोक संपत्ति को नुकसान पहुंचाया गया था। इस वारदात में शामिल रहे हरियाणा के मेवाती गिरोह से जुड़े दो सदस्यों को दुर्ग पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। पकड़े गए आरोपियों में निसार खान पिता असरुफ खान ( 22 वर्ष ) एवं सरबाज खान पिता खलील खान ( 19 वर्ष ) दोनों निवासी पेमाखेड़ा थाना पुनहाना जिला नूह मेवात हरियाणा हैं टीम द्वारा घटना स्थल का निरीक्षण कर ए.टी.एम. एवं ए.टी.एम. तक आने-जाने वाले रास्तों में लगे सीसीटीवी कैमरों के फूटेज प्राप्त कर फूटेज का सुक्ष्मता से अवलोकन किया गया, जिसमें घटना स्थल पर एक बलेनो कार में सवार होकर आये 03-04 व्यक्तियों के द्वारा चोरी की घटना को अंजाम देना परिलक्षित हो रहा था, तीनों घटना स्थल पर बलेनो कार से जाकर घटना को अंजाम दिया गया था, जिसके आधार पर आरोपियों द्वारा उपयोग में लाये गये संदिग्ध वाहन का लगातार सीसीटीवी फूटेज के जरिये आने एवं जाने के रास्तों में फूटेज देखकर उनके आने एवं जाने के समय का निर्धारण किया गया, भिलाई-दुर्ग से देवरी तक तकरीबन 250 सीसीटीवी कैमरो के फूटेज का अवलोकन किया गया, ए.टी.एम. चोरी से संबंधित अंतर्राज्यीय गिरोहों के संबंध में डाटा एकत्रित किया गया, पूर्व के आदतन चोरो एवं संदिग्धों से पूछताछ कर पतासाजी के प्रयास किये जा रहे थे, तकनीकी आधार पर भी आरोपियों की उपस्थिति के संबंध में पतासाजी की जा रही थी। तकनीकी आधार पर घटना स्थल में



कुछ दिगर प्रांत के संदिग्ध व्यक्तियों की उपस्थिति का होना पता चला, जिससे घटना में प्रयुक्त वाहन के सीसीटीवी फूटेज के समय से और भी सुक्ष्मता से विश्लेषण करने पर इनकी उपस्थिति आने-जाने वाले मार्गो में दिखाई दी एवं घटना के बाद इनकी उपस्थिति हरियाणा मेवात में होना पता चला। अंतर्राज्यीय ए.टी.एम.चोर गिरोह के डाटा बेस का अवलोकन करने पर वर्ष 2022 में ठाणे मुम्बई पुलिस स्टेषन, असाम एवं तमिलनाडू में पकड़े गये मेवाती गिरोह के आरोपीगण निसार खान, नसीम खान निवासी पेमाखेड़ा जिला नूह हरियाणा की उपस्थिति घटना स्थल में होना पता चला जिसके आधार पर एसीसीयू प्रभारी के नेतृत्व में 02 टीमें बनाकर आरोपियों की गिरफ्तारी हेतु मेवात हरियाणा रवाना किया गया।

टीम द्वारा हरियाणा गुड़गांव मॉल के पास आरोपी निसार खान को पकड़ने में सफलता मिली और दूसरे आरोपी सरबाज खान को भी गुड़गांव मॉल के आस-पास से ही गिरफ्तार करने में सफलता मिली। जिनसे पूछताछ करने पर निसार खान की बलेनो कार क्रमांक भ्त.93.ठ.2529 में निसार खान, नसीम खान एवं सरबाज खान तीनो दिनांक 24.08.2023 को योजना के मुताबिक कार से छ.ग. के लिय रवाना होना, रास्ते में सागर के होटल में रात्रि में रूकना उसके बाद दिनांक 25.08.2023 को कामठी नागपुर आकर अपने साथी आरिफ के साथ रूकना जहाँ से दिनांक 26.08.2023 को आरिफ को साथ लेकर उसके बताये अनुसार दुर्ग आना रास्ते में एलपीजी सिलेण्डर खरीदना और दुर्ग आकर जिला अस्पताल दुर्ग में खड़ी एक एम्बुलेंस से ऑक्सीजन सिलेण्डर चोरी करना तथा आरिफ के द्वारा घटना स्थल ले जाने पर अपने साथ लाये गये पाईप, बर्नर, एलपीजी सिलेण्ड, एवं गैस सिलेण्डर के माध्यम से बोरसी दुर्ग में एक ए.टी.एम. को गैस कटर से काटकर पैसा चोरी कर ए.टी.एम. में आग लगाना उसके बाद हुडको भिलाई जाकर 02 ए.टी.एम. को गैस कटर से काटकर पैसा चोरी करके ए.टी.एम. में आग लगाने की घटना को अंजाम देना। तीनो ए.टी.एम. से तकरीबन 70,01,800/- रूपये की चोरी करना वापस जाते समय ए.टी.एम. के कैष बॉक्स से पैसा निकाल कर बॉक्स को रास्ते में किसी नाले में फेक देना बताये, जिससे आरोपी निसार खान एवं सरबाज खान के कब्जे से चोरी गयी रकम मे से 03 लाख रूपये, घटना में प्रयुक्त कार, गैस सिलेण्डर, पाईप बर्नर जप्त किया गया। प्रकरण के अन्य आरोपी नसीम खान एवं आरिफ खान के ठिकानों पर दबिष दी गयी जो की नही मिलें। प्रकरण के आरोपीगण निसार खान एवं सरबाज खान को थाना पुनहाना जिला नूह हरियाणा में गिरफ्तार कर ट्रांजिट रिमाण्ड में भिलाई लाया गया तथा स्थानीय अधीकारिता क्षेत्र के न्यायालय में प्रस्तुत कर पुलिस रिमाण्ड हासिल कर पूछताछ की जा रही है व फरार आरोपियों की पतासाजी की जा रही है। अग्रिम कार्यवाही संबंधित थाना भिलाई नगर एवं पद्यमनाभपुर से की जा रही है।

आम आदमी का अपना दैनिक अखबार

# तरुण छत्तीसगढ़

■ रायपुर,रविवार 17 सितंबर 2023

## संक्षेप

### नए संसद भवन पर उपराष्ट्रपति ने ध्वजारोहण किया

**नई दिल्ली,17 सितंबर।** नए संसद भवन पर पहली बार रविवार को राष्ट्रीय ध्वज तिरंगा फहराया गया। उप-राष्ट्रपति जगदीप धनखड़  संसद भवन के गजद्वार पर ध्वजारोहण किया। इस दौरान लोकसभा स्पीकर ओम बिड़ला भी उपस्थित रहे। कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे नहीं पहुंचे। संसद का विशेष सत्र 18 सितंबर से पुरानी इमारत में बुलाया गया है। उससे पहले रविवार को नए संसद भवन पर धनखड़ राष्ट्रीय ध्वज फहराएंगे। 19 सितंबर को गणेश चतुर्थी के दिन संसद की पुरानी बिल्डिंग से नई इमारत में शिफ्ट होगी। नए भवन में इसी दिन से कामकाज का श्रीगणेश हो जाएगा। विशेष सत्र के बाकी के 4 दिन के कामकाज भी यही होंगे।

### रेलवे ने चूहों को पकड़ने के लिए खर्च किए 69 लाख

**लखनऊ,17 सितंबर।** भारतीय रेलवे ने एक चूहा पकड़ने के लिए 41 हजार रुपये खर्च कर दिए. बाकायदा एक आरटीआई के जवाब में उत्तर रेलवे ने कहा है कि उत्तर रेलवे के लखनऊ मंडल द्वारा प्रति चूहा पकड़ने पर करीब 41 हजार रुपए खर्च किए गए हैं. मध्य प्रदेश के आरटीआई कार्यकर्ता चंद्रशेखर ने सवाल किया था कि उतर रेलवे को चूहा पकड़ने पर कितना खर्चा आता है. जवाब में बताया गया कि उत्तर रेलवे के लखनऊ डिवीजन ने 168 चूहों को पकड़ने के लिए वर्ष 2020 से 2022 के बीच 69.5 लाख रुपये खर्च किए. प्रति वर्ष चूहा पकड़ने पर 23.2 लाख रुपये की राशि खर्च हुई. अब अगर प्रति चूहे का हिसाब किया जाए तो प्रति चूहा पकड़ने पर 41 हजर रुपये से थोड़ा अधिक खर्च किया गया.

### सीएम निवास में विश्वकर्मा पूजा

**रायपुर,17 सितंबर।** मुख्यमंत्री भूपेश बघेल की धर्मपत्नी मुक्तेश्वरी बघेल ने विश्वकर्मा जयंती के अवसर आज यहां अपने निवास में पूर्ण



विधि-विधान एवं मंत्रोच्चार के साथ भगवान विश्वकर्मा की पूजा-अर्चना किये। उन्होंने पूजा-अर्चना कर प्रदेश की सुख, समृद्धि और खुशहाली की कामना की।

### दीपिका कोयला खदान में कामकाज ठप्प

**कोरबा,17 सितंबर।** साउथ ईस्टर्न कोलफील्ड्स लिमिटेड की दीपिका कोल माइंस में डंपर शावेल ऑपरेटर, केबलमेन सहित स्टाफ ने आज हड़ताल कर दी। यह सभी रिले ए शिफ्ट इंचार्ज एनके साहू की मनमानी से त्रस्त हैं। हड़ताल पर जाने वाले ऑपरेटर ने कहां कि इंचार्ज की हरकतों से वे मानसिक रूप से प्रताड़ित हो चुके हैं और उनकी उपस्थिति में यहां काम करने में असहज महसूस कर रहे हैं। एकाएक खदान में हड़ताल होने से कामकाज ठप हो गया है और प्रबंधन की चिंता बढ़ गई है।



## जी-20: विदेशी मेहमानों का तिलक लगाकर राजकीय गमछा से स्वागत

■ तरुण छत्तीसगढ़

**रायपुर,17 सितंबर।** छत्तीसगढ़ की राजधानी रायपुर में जी-20 के चौथे फ्रेमवर्क वर्किंग ग्रुप मीटिंग  में हिस्सा लेने दुनिया भर से प्रतिनिधियों के आने का सिलसिला शुरू हो गया है. रायपुर एयरपोर्ट में विदेशी मेहमानों के पहुंचते ही रेड कार्पेट बिछाकर उनका स्वागत किया जा रहा है. डेलीगेट्स को छत्तीसगढ़ का राजकीय गमछा पहनाकर और राऊत नाचा से स्वागत किया जा रहा है. छत्तीसगढ़ में अलग-अलग देश से डेलीगेट्स आ रहे हैं. आज दिनभर डेलीगेट्स का आने जाने का सिलसिला लगा रहेगा. नीदरलैंड, स्वीजरलैंड, यूनाइटेड स्टेट, जर्मनी समेत 16 देशों के डेलीगेट्स छत्तीसगढ़ आ रहे हैं. एयरपोर्ट से लेकर रिसॉर्ट मेफेयर तक अनेक देशों के फ्लैगस लहरा रहे हैं. बैठक को लेकर नवा रायपुर को दुल्हन की तरह छत्तीसगढ़ी संस्कृति से सजाया गया है. बता दें कि नवा रायपुर में जी-20 के चौथे फ्रेमवर्क वर्किंग ग्रुप मीटिंग 18 सितंबर से 19 सितंबर तक रखी गई है. इस बैठक में 20 देशों के साथ ही 9 विशेष आमंत्रित देश शिरकत कर रहे हैं. बैठक में जी-20 देशों की वित्तीय प्रणाली, भविष्य की योजनाओं और फंडिंग पर चर्चा की जाएगी.

## ड्यूटी के दौरान जवान ने खुद को मारी गोली, मौत

■ तरुण छत्तीसगढ़

**धमतरी/कांकेर 17 सितंबर।** सीएएफ जवान ने गोली मारकर आत्महत्या कर ली। जवान का नाम चंद्रशेखर यादव बताया जा रहा है। जवान सीएएफ में कांकेर में अभी पोस्टेड था। जानकारी के मुताबिक ड्यूटी के दौरान ही जवान ने सर्विस रिवाल्वर से खुद को गोली मार ली। जानकारी के मुताबिक जवान चंद्रशेखर यादव धमतरी जिले के रुद्री थाना का रहने वाला है। कांकेर एसपी दिव्यांग पटेल ने बताया कि जवान की मौत के कारण अभी स्पष्ट नहीं है। फिलहाल पुलिस इस पूरे प्रकरण की जांच कर रही है। पुलिस सूत्रों से मिली जानकारी के मुताबिक पदस्थ जवान चंद्रशेखर यादव हलवा चौकी में मोर्चा ड्यूटी पर तैनात था। इस दौरान उसने खुद को गोली मार ली। 15वीं बटालियन बीजापुर के क्र कंपनी



का मृतक जवान था। घटना की सूचना के बाद घटना की सूचना के बाद पुलिस अधिकारी मौके पर पहुंचे। शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है। फ़िलहाल पुलिस पूरे मामले और आत्महत्या की वजह जानने में जुट गई है।

## वन नेशन - वन इलेक्शन : 23 सितंबर को होगी समिति की पहली बैठक

**नई दिल्ली,17 सितंबर।** 'एक देश, एक चुनाव' की बैठक को लेकर पूर्व राष्ट्रपति रामनाथ कोविंद ने शनिवार को कहा कि इसकी पहली बैठक 23 सितंबर को होगी। पूर्व राष्ट्रपति मीडिया से बात करते हुए कहा कि यह बैठक संसद के पांच दिवसीय विशेष सत्र के समापन के एक दिन बाद होगी। बता दें कि इस महीने की शुरूआत में केंद्र सरकार ने 'एक देश, एक चुनाव' की संभावना तलाशने के लिए आठ सदस्यीय एक कमेटी का गठन किया है। इस कमेटी की अध्यक्षा पूर्व राष्ट्रपति रामनाथ कोविंद करेंगे। इससे पहले 'एक राष्ट्र, एक चुनाव' को लेकर गठित इस समिति की पहली आधिकारिक बैठक 6 सितंबर को दोपहर 3 बजे दिल्ली में पूर्व राष्ट्रपति रामनाथ कोविंद के आवास पर हुई थी, जो इस समिति के प्रमुख हैं। इस बैठक में केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह और कानून मंत्री अर्जुन राम मेघवाल भी शामिल हुए थे। सूत्रों के हवाले से बताया था कि करीब एक घंटे तक चली यह बैठक 'शिष्टाचार मुलाकात' थी।इस कमेटी में केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह, लोकसभा में विपक्ष के नेता अधीर रंजन चौधरी, पूर्व राज्यसभा सांसद गुलान नबी आजाद, 15वें वित्त आयोग के पूर्व अध्यक्ष एनके सिंह, लोकसभा के पूर्व महासचिव सुभाष कश्यप को सदस्य बनाया गया है।

## दिल्ली मेट्रो में मना पीएम मोदी का बर्थडे

**नई दिल्ली,17 सितंबर।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का आज जन्मदिन भी है। 17 सितंबर को अपने जन्मदिन के मौके पर पीएम मोदी ने दिल्ली में दो बड़ी सौगातें देश को सौंपी हैं। पीएम मोदी ने दिल्ली एयरपोर्ट लाइन पर बने में नए मेट्रो स्टेशन योशोभूमि द्वारका सेक्टर 25 का उद्घाटन किया और यशोभूमि कन्वेंशन सेंटर का भी पीएम मोदी ने उद्घाटन किया। इस दौरान पीएम मोदी ने दिल्ली मेट्रो में सफर भी किया। दिल्ली मेट्रो के अंदर सफर कर रहे लोग प्रधानमंत्री मोदी को अपने बीच पाकर काफी खुश नजर आए। इस दौरान यात्रियों ने पीएम मोदी को खास अंदाज में उनका जन्मदिन भी विश किया।

एक महिला ने पीएम मोदी से कहा कि वो उन्हें संस्कृत में जन्मदिन की बधाई देना चाहती हैं। इसके बाद इस महिला ने



पीएम मोदी को संस्कृत में जन्मदिन की बधाई दी। इसका एक वीडियो भी सामने आया है। वीडियो में नजर आ रहा है कि महिला पीएम मोदी को संस्कृत में जन्मदिन की बधाई दे रही है।

मेट्रो में सफर कर रही इस महिला यात्री के अलावा कई अन्य यात्रियों ने भी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को हैप्पी बर्थडे विश किया। इस दौरान पीएम मोदी भी आम लोगों से खुलकर मिले। पीएम मोदी ने महिलाओं और बुजुर्गों से बातचीत की। वो बच्चों से बातचीत करते और उनके साथ हंसते-खेलते भी नजर आए। कई बच्चों ने पीएम मोदी के साथ सेल्फी भी ली है।

दिल्ली एयरपोर्ट मेट्रो एक्सप्रेस लाइन पर द्वारका सेक्टर-21 से लेकर द्वारका सेक्टर 25 में नये मेट्रो स्टेशन यशोभूमि तक का विस्तार किया गया है। जिसका उद्घाटन प्रधानमंत्री ने किया है। अधिकारियों से मिली जानकारी के मुताबिक, पीएम मोदी धौला कुआं मेट्रो स्टेशन पर मेट्रो पर सवार हुए थे।

पूरे सफर के दौरान वो यात्रियों से संवाद करते नजर आए। पीएम मोदी ने दिल्ली मेट्रो के कर्मचारियों से भी बातचीत की है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के

### राष्ट्रपति समेत कई राजनेताओं ने दी बधाई

जन्मदिन के अवसर पर पूरे देश में कई कार्यक्रम आयोजित किये गये। पीएम नरेंद्र मोदी का आज 73वां जन्मदिन है। पीएम मोदी के जन्मदिन पर देश और दुनिया की कई हस्तियों ने उन्हें शुभकामनाएं दी हैं। देश की राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू, गृहमंत्री अमित शाह के अलावा कांग्रेस सांसद राहुल गांधी ने भी पीएम को जन्मदिवस पर बधाई दी है।

इसी कड़ी में मुख्यमंत्री **भूपेश बघेल** ने पीएम नरेंद्र मोदी को जन्मदिन की बधाई दी है. सीएम भूपेश बघेल ने ट्वीट कर कहा कि, देश के माननीय प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी जी को जन्मदिन पर बधाई एवं शुभकामनाएँ। आपके स्वस्थ जीवन की कामना करता हूँ।

## सरकार अपराधियों को दे रही संरक्षण:साव

रायपुर,17 सितंबर ■ तरुण छत्तीसगढ़

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जन्मदिन पर भाजपा प्रदेश अध्यक्ष अरुण साव ने उन्हें बधाई और शुभकामनाएं दी है. साव ने भिलाई में हुई हत्या को लेकर कांग्रेस पर निशाना साधते हुए कहा कि कांग्रेस की सरकार अपराधियों का संरक्षण कर रही है. इसके साथ ही उन्होंने विपक्षी गठबंधन इंडिया को लेकर बयान दिया है और भाजपा की परिवर्तन यात्रा को लेकर बताया कि यात्रा ऐतिहासिक रूप से सफल हो रही है.

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जन्मदिन पर अरुण साव ने दी बधाई और शुभकामनाएं. साव ने कहा कि देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का आज 73वां जन्मदिन है. छत्तीसगढ़ वासियों की ओर से मैं उन्हें बहुत बधाई और शुभकामनाएं देता हूं. वे स्वस्थ रहें और देश की जनता का इसी तरह से देश की जनता की सेवा करते रहे. दुनिया में भारत का मान सम्मान और परचम लहराते रहे. जिस तरह से उन्होंने अपने सामाजिक जीवन में अपनी एक अलग पहचान बनाई है. इमानदारी से कर्मठ होकर उन्होंने जनता की सेवा की है निश्चित रूप से हम जैसे कार्यकर्ताओं के किए प्रेरणा



का विषय है.

भिलाई के खुर्सीपार में हुए मर्डर की घटना को लेकर अरुण साव ने कहा कि हम शुरू से कहते हैं कि कानून व्यवस्था यहां लाचार हो चुकी है. लगातार घटनाएं हुई है अपराध बढ़ा है. सरकार हाथ पर हाथ धरे बैठी है. अपराधियों का संरक्षण कांग्रेस की सरकार कर रही है. भिलाई की जो घटना है पाकिस्तान के खिलाफ बोलने पर जिस बेरहमी से युवक की हत्या की गई है. मैं मृतक के प्रति श्रद्धांजलि अर्पित करता हूं. सरकार इस पर तुरंत संज्ञान ले. मृतक के परिवार को मुआवजा दे. भजपा की परिवर्तन यात्रा को लेकर अरूण साव ने कहा कि पहली परिवर्तन यात्रा को कल 5 दिन पूरे हुए हैं. मैं पांचवें दिन पूरे समय यात्रा में था आज भी रहने वाला हूं. जो 5 दिनों में यात्रा को जनता का समर्थन और स्वागत हुआ है, वह ऐतिहासिक है. निश्चित रूप से प्रदेश में परिवर्तन की हवा बह रही है. दूसरी यात्रा का कल दूसरा दिन था और वह यात्रा भी ऐतिहासिक रूप से सफल हो रही है. केंद्रीय नेताओं को लेकर कांग्रेस के दिए गए बयान पर अरुण साव ने पलटवार करते हुए कहा कि हर एक राजनीतिक दल के नेता दूसरे राज्यों में जाते हैं. ऐसा कौन सा दल है जिसके नेता छत्तीसगढ़ में नहीं आ रहे हैं.

### ये कैसी श्रद्धा



## मां समेत दो बच्चियां नदी में बहीं



जगदलपुर,17 सितंबर ■ तरुण छत्तीसगढ़

जिले में बड़ा हादसा हुआ है. भानपुरी इलाके के नारंगी नदी में मां समेत दो बच्ची बह गई. घटना की जानकारी मिलते ही पुलिस और एसडीआरएफ की टीम मौके पर पहुंची. नदी में बहे तीन लोगों में से एक बच्ची को रेस्क्यू कर पानी से बहार निकाल लिया गया है. बच्ची पूरी तरह से सुरक्षित है. वहीं पानी में डूबे मां और बच्ची की खोज जारी है. जानकारी के अनुसार, यह घटना भानपुरी थाना क्षेत्र के अमलीगुड़ा एनिकट की है. तीनों मां बेटी नारंगी नदी में तेज बहाव के बीच एनीकट के ऊपर से पार हो रहे थे तभी अचानक तीनों तेज बहाव में बह गए. बताया जा रहा है कि मां चेरो कश्यप, बेटी सखी और परी कश्यप एनीकट के रस्ते नदी पार कर बैगा के घर जा रहे थे. घटना की सूचना पर पहुंची पुलिस और एसडीआरएफ की टीम तीनों की तलाश में जुट गई. वहीं बस्तर फाइट के जवान रुपनाथ बघेल ने नदी में बही बच्ची परी कश्यप को बचा लिया है. बाकि मां और बेटी को कोई पता नहीं चल सका है, दोनों की खोजबीन जारी है.

## अनंतनाग में सेना का ऑपरेशन जारी

**श्रीनगर,17 सितंबर।** जम्मू कश्मीर के अनंतनाग में सेना का ऑपरेशन पांचवें दिन भी जारी है। सेना ने आतंकियों के पकड़ने के लिए जबरदस्त डेरा डाल रखा है। अब तक सेना के इस ऑपरेशन में एक आतंकी ढेर करने में सफलता मिली है। एहतियाद के तौर पर सेना ने आसपास के इलाकों में अलर्ट भी जारी कर रखा है। माना जा रहा है कि कोकरनाग के जंगलों में अब भी आतंकी छुपे हुए हैं। ऐसे में से ना ड्रोन से बम बरसा रही है और यहां रुक-रुक कर फायरिंग भी हो रही है। इससे पहले भारतीय सेवा ने पहाड़ी वाली इलाके पर रॉकेट लांचर से हमला किया था। सुना अपने इस अभियान में ड्रोन और हेलीकॉप्टर की मदद भी ले रही है अधिकारियों ने यह जानकारी दी है। बता दे



की अनंतनाग में हुई मुठभेड़ में सुरक्षा बल के तीन अधिकारी और एक अन्य जवान शहीद हो गए थे इसके बाद ही सुना ने यह ऑपरेशन चलाया हुआ है।  ऑपरेशन के संबंध में अधिकारियों का कहना है कि दक्षिणी कश्मीरी जिले के कोकरी नाग इलाके में गेड लेकर जंगलों में आतंकवादियों के ठिकानों का पता लगाया जा रहा है। आतंकवादियों का ठिकानो का पता लगाने के लिए ड्रोन और हेलीकॉप्टरों की मदद ली जा रही है। बता दें कि आतंकवादियों के साथ बुधवार सुबह मुठभेड़ में सेना की 19 राष्ट्रीय राइफल्स इकाई के कमांडिंग अधिकारी कर्नल मनप्रीत सिंह, मेजर आशीष ढोचक, जम्मू-कश्मीर पुलिस के उपाधीक्षक हुमायूं भट्ट और सेना का एक अन्य जवान शहीद हो गए थे।

## बालको चिमनी हादसा:चीनी ठेका कंपनी के अधिकारियों की याचिका खारिज

**कोरबा,17 सितंबर।** बालको में 14 साल पहले हुए चिमनी हादसे में हाई कोर्ट ने सेपको कंपनी के तीन चीनी अधिकारियों की याचिका खारिज कर दी है. तीनों अधिकारियों ने कोरबा एडीजे कोर्ट द्वारा आरोप तय करने के खिलाफ हाईकोर्ट में क्रिमिनल रिवीजन प्रस्तुत किया था. कोर्ट ने सेपको के जिम्मेदार अधिकारियों के खिलाफ जिला कोर्ट में मामला चलाने का भी आदेश दिया है. जीडीसीएल, सेपको के जिम्मेदार अधिकारियों के खिलाफ अपराध दर्ज कर उनको गिरफ्तार किया. इसके बाद एडीजे कोर्ट ने 13 दोषियों के खिलाफ आरोप तय किए. इनमें चीनी ठेका कंपनी सेपको के प्रोजेक्ट मैनेजर व छूनान, ल्यू जाकसन, वांग क्यूंग शामिल हैं. कोर्ट ने धारा 304 और 201 के तहत आरोप निर्धारित किए हैं, जिसमें आरोपियों पर जानबूझकर जान जोखिम वाले काम करने और साक्ष्य छिपाने के आरोप तय किए गए हैं. शासन की ओर से डिप्टी एडवोकेट जनरल मधुनिशा सिंह ने हाईकोर्ट में पक्ष रखा. मामले में पुलिस ने भी कोर्ट में चालान पेश कर दिया है, इसमें बालको सहित चीनी ठेका कंपनी सेपको, उप ठेका कंपनी जीडीसीएल और एनसीसीबीएम के अधिकारियों पर भारतीय दण्ड विधान की धारा 304 जानबूझकर ऐसा कृत्य करना, जिससे



किसी की मृत्यु हो सकती हो और धारा 201 साक्ष्य छुपाने का आरोप लगाया गया था. इस पर आरोपियों ने धारा 304 को 304 ए, गैर इरादतन हत्या में बदलने के लिए याचिका दाखिल की थी. एडीजे कोर्ट ने आरोपियों के आवेदन को नामंजूर करते हुए सभी के खिलाफ धारा 304 और 201 के तहत आरोप निर्धारित किया. एडीजे कोर्ट के इसी फैसले के खिलाफ हाईकोर्ट में अपील की गई थी.

मामले में बालको के तत्कालीन प्रोजेक्ट मैनेजर विरल मेहता, अतिरिक्त महाप्रबंधक दीपक नारंग, जीटीई अतुल महापात्रा, चीनी ठेका कंपनी सेपको के प्रोजेक्ट मैनेजर वू छूनान, ल्यू जाकसन, वांग क्यूंग, उप ठेका कंपनी जीडीसीएल के प्रोजेक्ट मैनेजर मनोज शर्मा, इंजीनियर आलोक शर्मा, सुनील सिंह विशक्ति पाल, व्यंकटेश, संजय देव, अनिरूद्ध और विकास भारती के खिलाफ आरोप तय किए गए हैं. इसके अलावा कोर्ट ने हादसे के बाद निर्माण सामग्री की गुणवत्ता की जांच करने वाले नेशनल काउंसिल फॉर सीमेंट एंड बिल्डिंग मटेरियल्स एनसीसीबीएम वल्लभगढ़ के संयुक्त संचालक डॉ एमएन अंसारी, समूह प्रबंधक यूके मंडल और महाप्रबंधक आरके गोस्वामी को भी आरोपी बनाया है. इन पर साक्ष्य छुपाने और उनसे छेड़छाड़ करने का आरोप है. इसमें गोस्वामी की मृत्यु हो चुकी है.

## लाखों रुपये कैश के साथ चंद्रपुर विधायक का वीडियो वायरल

**सक्ती,17 सितंबर।** चंद्रपुर विधायक रामकुमार यादव का वीडियो सोशल मीडिया में वायरल हुआ है, जिसमें विधायक नोटों की गड्डी के साथ वीडियो में दिख रहे हैं. भाजपा प्रदेश महामंत्री ओपी चौधरी ने अपने सोशल मीडिया में वीडियो को पोस्ट किया है और कांग्रेस के साथ ही खुद को गरीब विधायक कहने पर रामकुमार यादव पर कटाक्ष किया है. चंद्रपुर



विधायक रामकुमार यादव ने वायरल वीडियो को लेकर अपनी प्रतिक्रिया देते हुए कहा है कि गरीब का बेटा विधायक बना है, उसे बदनाम करने की कोशिश की जा रही है. जब छोटा आदमी कुछ बनता है तो बड़े लोगों को तकलीफ होती है. ओपी चौधरी पढ़े लिखे हैं, तभी तो कलेक्टर बने थे. कलेक्टर लोग ऐसे करते हैं तो इससे अच्छा तो गाय-भैंस चराने वाला ठीक है, मैं गरीबों के लिए लड़ता हूं. मैं फेसबुक, व्हाट्सएप पर रात में जागकर अनाप-शनाप किसी के बारे में पोस्ट नहीं करता.

## एक नजर

### जुआरियों के विरुद्ध थाना गैंदाटोला पुलिस की ताबड़तोड़ कार्रवाई

**राजनांदगांव 17 सितंबर।** विवरण - वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक राजनांदगांव श्री अभिषेक मीना के निर्देश एवं अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक श्री लखन पटले के तथा अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक श्रीमती नेहा वर्मा द्रष्टष्ठ्ठ राजनांदगांव के मार्गदर्शन एवं थाना प्रभारी निरीक्षक ओमप्रकाश के नेतृत्व मे जिले मे चलाये जा रहे अवैध जुआ सट्टा के खिलाफ एवं असामाजिक तत्वो के विरूद्ध चलाये जा रहे अभियान के तहत दिनांक 16.09.2023 के 19/10 को थाना प्रभारी थाना गैंदाटोला निरीक्षक ओमप्रकाश ध्रुव द्वारा विशेष मुहिम छेड़ कर मुखबिर सूचना के आधार पर स्टाफ के साथ मुखबीर के बताए स्थान पर दबिश देकर धारा 4 एवं 5 जुआ एक्ट के तहत कार्यवाही कर मामला दर्ज किया गया आरोपीगणो को माननीय न्यायालय राजनांदगांव मे पेश किया गया।

### अवैध शराब बिक्री करने वाले पर लालबाग पुलिस की कार्रवाई

**राजनांदगांव 17 सितंबर।** अवैध शराब बिक्री/ परिवहन एवं सार्वजनिक स्थानों पर शराब पीने एवं पीलाने की सुविधा उपलब्ध कराने वाले लोंगों पर लालबाग पुलिस द्वारा लगातार की जा रही है कार्यवाही । श्रीमान् वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक महोदय श्री अभिषेक मीना के निर्देशन में अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक महोदय श्री लखन पटले के मार्गदर्शन पर नगर पुलिस अधीक्षक श्री अमित पटेल के पर्यवेक्षण में लालबाग थाना क्षेत्र में अवैध शराब विक्रय/परिवहन पर कार्यवाही की जा रही है। थाना प्रभारी निरीक्षक संतोष भुआर्य के नेतृत्व में लालबाग पुलिस के द्वारा दिनांक 16/09/2023 को मुखबिर सूचना पर नया ढाबा में आरोपी राजू खुटेल पिता श्री रामसिंह खूटेल उम्र 40 साल साकिन ग्राम धर्मापुर थाना लालबाग को अवैध रूप से शराब बिक्री करने हेतु कब्जे में रखना पाए जाने पर आरोपी के कब्जे से 05 बोतल गोवा शराब कीमती 2000/रुपये जप्त किया गया आरोपी द्वारा अवैध रूप से शराब बिक्री/कब्जे में पाए जाने पर आरोपी के विरूध्द थाना लालबाग में अपराध क्रमांक 382/23, धारा 34 ( 1 ) आबकारी एक्ट कायम कर आरोपी के विरुद्ध वैधानिक कार्यवाही किया गया।

### न्युवोको ने परिवर्तनकारी फाइबर रिइंफोर्सड सीमेंट कम्पोजीशन के लिए पेटेंट हासिल किया

**रायपुर 17 सितंबर।** न्युवोको विस्टास कॉर्प लिमिटेड जिसे योग्यता के मामले में भारत का पांचवां सबसे बड़ा सीमेंट समूह कहा जाता है, गर्व से घोषणा करता है कि उसके प्रायोजक उत्पाद, फाइबर रिइंफोर्सड सीमेंट कम्पोजीशन÷ जिसे बाजार में ड्यूरागार्ड माइक्रोफाइबर सीमेंट के नाम से ब्रांडेड किया गया है, के लिए एक पेटेंट प्राप्त किया है। यह पेटेंट, आवेदन की तारीख, 4 अप्रैल, 2018 से प्रभावी है और इसे अगले 20 वर्षों के लिए विशेष अधिकार मिले है। कंक्रीट सुदृढ़ीकरण के लिए फाइबर को उपयोग करने की अवधारणा 1960 के दशक में उत्पन्न हुई थी। ड्यूरागार्ड माइक्रोफाइबर सीमेंट ने इस ऐतिहासिक विकास का उपयोग करके भारतीय सीमेंट बाजार में क्रांतिकारी बदलाव लाने का प्रयास किया है। इस फाइबर-आधारित सीमेंट ने सीमेंट की बॉन्डिंग प्रक्रिया को महत्वपूर्ण रूप से बेहतर बनाया है, दरार प्रतिरोध में सुधार किया है, पारगम्यता को कम किया है, प्रभाव शक्ति और दीर्घकालिता में सुधार करने के साथ एक सुगम सतह स्वरूप प्रदान किया है।

### हिंदवेयर होम इनोवेशन लिमिटेड ने रायपुर में नया स्टोर खोला

**रायपुर 17 सितंबर।** भारत में सबसे तेजी से बढ़ते उपभोक्ता उपकरण ब्रांडों में से एक, हिंदवेयर होम इनोवेशन लिमिटेड ने रायपुर, छत्तीसगढ़ में अपने नए ब्रांड स्टोर हिंदवेयर स्मार्ट एप्लायंस एक्सक्लूसिव गैलरी के लॉन्च की घोषणा की। स्टोर का उद्घाटन चेंबर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्रीज, रायपुर के अध्यक्ष अमर पारवानी की उपस्थिति में किया गया। स्टोर का उद्घाटन उपभोक्ताओं के लिए एक अनुरूप खरीदारी अनुभव प्रदान करने और असाधारण ग्राहक सेवा मानकों को बनाए रखने के लिए कंपनी के समर्पण को रेखांकित करता है। रायपुर के नहरपारा क्षेत्र में रणनीतिक रूप से स्थित, हाल ही में खोली गई किचन गैलरी में हिंदवेयर स्मार्ट अप्लायंसेज की पेशकशों की एक श्रृंखला है, जो समकालीन भारतीय घरों की आवश्यकताओं को पूरा करने के लिए सोच-समझकर डिजाइन की गई है। इसमें बड़े रसोई उपकरणों की एक पूरी श्रृंखला है, जिसमें रसोई चिमनी, कुक-टॉप, रसोई हॉब्स, बिल्ट-इन सिंक, डिशवॉशर और बहुत कुछ शामिल हैं। इसके साथ ही इसमें स्टोरेज और इंस्टेंट वॉटर हीटर की रेंज भी शामिल है। स्टोर के लॉन्च पर बोलते हुए, हिंदवेयर होम इनोवेशन लिमिटेड के सीईओ, सलिल कपूर ने कहा कि इस राज्य के लिए हमारी महत्वाकांक्षी योजनाओं और क्षेत्र में उपभोक्ताओं के बीच हिंदवेयर उपकरणों की बढ़ती मांग को देखते हुए, हमने अपने रिटेल को मजबूत करने के लिए एक रणनीतिक पहल की रूपरेखा तैयार की है। छत्तीसगढ़ में उपस्थिति। यह विस्तार क्षेत्र की बाजार क्षमता के लिए हमारी दीर्घकालिक दृष्टि के अनुरूप है।

# न्याय पाने के लिए दर-दर भटक रहा है मेहत्तर राम साहू

**एक सप्ताह के अंदर समाज में अगर नहीं मिलाया तो थाना जाने के लिए मजबूर हो जाऊंगा - मेहत्तर राम साहू**

तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**अंवरी 17 सितंबर।** मेहत्तर राम साहू पिता स्व. रामरतन साहू उम्र 74 वर्ष वार्ड क 03



गुरूघासी दास मोहल्ला नगर पंचायत भखारा तहसील मखारा जिला धमतरी (छ.ग.) का मूल निवासी का कहाना है कि मुझे रायपुर से प्रकाशित दैनिक सांध्य तरुण छत्तीसगढ़ समाचार पत्र का दिनांक 31/12/2023 तक संवाददाता (पत्रकार) किया गया है। जो कि मेरे छोटे पुत्र भारत राम साहू पिता मेहत्तर राम साहू के द्वारा विगत वर्षो से शादी शुदा होते और दो बच्चे के पिता होते हुए भी स्वाजीय लडकी गायत्री बाई छिपली ग्राम छोटी करेली की रहने वाली से प्रेम सम्बंध के चलते कही बाहर में शादी कर मेरे घर रख लिया गया है उसी समय में मेरे द्वारा पार वालों को मौखिक सूचना दिया गया था। जिसमे पार वालों द्वारा तुम्हारा फैसला हम लोग नही कर सकते करके मुझे तथा भारत राम साहू को समाज के द्वारा बगैर जानकरी दिये पार से पृथक कर दिया गया है। जिसकी जानकारी मेरे द्वारा दिनांक 05/01/2017 को साहू समाज भखारा तत्कालीन अध्यक्ष तथा सचिव को समाज में सम्मिलित होने के लिए लिखित में आवेदन दिया गया था। जिस पर कोई विचार नहीं किया गया न ही मुझे किसी बैठक में लिखित में सूचना नहीं दिया गया। मेरे पार वालो द्वारा अनावश्यक रूप से पार से पृथक कर दिया गया है। वर्ष 2019 में सुजान राम साहू के द्वारा मेरे घर में आया और मुझे पार वालो के द्वारा लिखित में पृथक किया गया है जिसकी सूचना चारो पार वालों को देने की बात कही गयी है और सुजान राम साहू के द्वारा एवं पार वालो के द्वारा लिखित पृथक किया है जिस पत्र का छायाप्रति दिया गया है। मेरे द्वारा दिनांक 04/07/2023 को वर्तमान अध्यक्ष के पास गया और पूर्व में दिये गये आवेदन पर भारत राम ने नाम से ही हस्ताक्षर था उसी आवेदन में मेरे द्वारा हस्ताक्षर कर वर्तमान अध्यक्ष को दिया गया था। साहू समाज नगर इकाई के द्वारा मुझे लिखित में एक सूचना दिया गया कि दिनांक 08/07/2023 को समय शाम 6.00 बजे साहू समाज भवन के कार्याकारणीय बैठक रखा गया था। जिसमें मुझे उपस्थित होने के लिए समाज की सूचना लिखित बुक में दिया गया था। आगे कहा कि मैं शाम 6.00 बजे साहू समाज भवन के कार्यकारणीय बैठक में उपस्थित हुआ तथा कुछ देर बाद भक्त माता कर्मा का आरती सम्पन्न हुआ। मीटिंग शुरूवात हुआ और सचिव के द्वारा मेरे दिये गये आवेदन पत्र को पढ़कर सभी कार्याकारणीय सदस्य एवं महिला कार्याकारणीय सदस्य को भी पढ़कर सुनाया गया तथा सुनने के पश्चात् मुझे सचिव के द्वारा पूछा गया कि आप के पार के साहू समाज के द्वारा लिखित आवेदन का प्राप्त किसके द्वारा हुआ तो मैंने समाज से कहा कि यह पत्र मुझे सुजान राम साहू पिता स्व. विसौजा राम साहू मेरे घर आया और मुझे कहा कि मेरे लिए एक आवेदन बना देना में भी समाज से बाहर हूँ मैं समाज से मिलना चाहता है जिसका आवेदन मेरे द्वारा बनाया गया बनने के पश्चात् सुजान राम साहू के द्वारा अपने पार के द्वारा लिखित में मुझे तथा मेरे पुत्र भारत राम साहू को बहिस्कृत करने वाले एक आवेदन का फोटो कापी मुझे दिया गया है यह मैं समाज को बताया उस समय सुजान राम साहू समाज के बैठक में उपस्थित नहीं था। फिर समाज के द्वारा सुजान राम साहू को बुलवाने के लिए चपराची को भेजा गया और सुजान राम साहू समाज के बैठक में उपस्थित हुआ। समाज में सुजान राम साहू की उपस्थिति में भी मुझे यही जानकारी लिया कि लिखित बहिस्कृत का फोटो कापी मिला गया वह किसके द्वारा मिला गया है तो मैं सुजान राम साहू और समाज के सामने कहा कि यह पत्र सुजान राम साहू के द्वारा दिया गया है। यह कि सुजान राम साहू के द्वारा थोड़ा बहुत गोल मटोल करता रहा फिर बाद में उसी समय सुजान राम साहू ने कहा कि मैं मेहत्तर राम साहू को यह पत्र दिया है, कहकर स्वीकार किया। फिर सुजान राम साहू के द्वारा भरे कार्याकारणीय की सदस्यों के एवं महिला सदस्यों के सामने मुझे मेहत्तर राम गददार है करके कहा गया है जो मेरा और समाज का बहुत बड़ा अपमान किया गया है जिसका निर्णय किया जाए।कार्याकारणीय सदस्यों के द्वारा यह भी मुझे कहा गया है कि तुम हाई कोर्ट में केश किये हो उसके बारे में बताओ कहा गया तो मैंने कहा कि यदि तत्काल फैसला करोगे तो मैं पूरी जानकारी दूंगा तो समाज के द्वारा कहा गया कि यह फैसला पूरे साहू समाज चारो पार में आपका फैसला किया जायेगा।तो मेरे द्वारा शर्तनामा आवेदन चारो पार एवं पूरा साहू समाज के सामने शर्त रख रहा हूँ। एवं मेरे पार वालो द्वारा कई बार हो गया है मुझे अनावश्यक रूप से प्रताड़ित किया जाता है इसलिए मैं इस पार में नहीं रहना चाहता हूँ। यदि कोई दूसरा पार वाले मुझे रखना चाहता है तो मै दूसरे पार वालो के साथ रहने के लिए तैयार हूँ। यदि कोई दूसरा पार वाले मुझे रखने के लिए तैयार नहीं है होता है तो मैं सर्व साहू समाज में रहना चाहता हूँ जो मुझे अपने कार्यक्रम में सम्मिलित करेगा उसे मैं भी अपने कार्यक्रम में भाई के समान दर्जा दूंगा। मेरे द्वारा दिनांक 05/01/2017 को आवेदन दिया था उसमें विचार कर एवं समाज में मुझे बुलाकर मेरे आवेदन का फैसला कर देता तो मुझे थाना, हाईकोर्ट, कचेरी जाना नहीं पड़ता।

मेरे पार वालों द्वारा मुझे तथा मेरे पुत्र को लिखित में पृथक किया गया है वह एक समाज का गोपनीयता रखा जाता है, उसको भी सुजान राम साहू के द्वारा गोपीयता पत्र को मेरे पास लाकर दिया गया तो मेरे द्वारा 2019 में मुझे हाईकोर्ट का सहारा लेना पड़ा। समाज के द्वारा जो भी निर्णय लिया जाएगा उसे मुझे लिखित में देना होगा। चुकि इस लिखित आवेदन को लेकर हाईकोर्ट में अपना केश वापस लेने के लिए देना पड़ेगा। मुझे जानकारी मिला हुआ है कि विगत दिनो साहू समाज नगर इकाई का एक बैठक रखा गया था जिसमें सुजान राम साहू के द्वारा मेरे उपर आरोप लगाया गया है कि मेहत्तर राम साहू एवं कुछ और लोगो के द्वारा समाज को बदनाम करने एवं समाज को झुकाने का प्रयास किया गया है। तो में सुजान राम साहू जी से जानना चाहता हू कि मेरे द्वारा समाज को क्या बदनाम किया गया है और समाज को क्या झुकाना चाहता हूँ इसका स्पस्टीकरण यह कि सुजान राम साहू के द्वारा यदि मुझे अपने पार वालो के द्वारा लिखित पृथक किया गया पत्र मिलने से मेरा केश बहुत मजबूत हो गया है जिसके कारण हाईकोर्ट बिलासपुर में 50000 से 60000 रूपया खर्च हो गया है जिसे वापस दिलाने की विचार करें। यदि ऊपर लिखे सभी शर्त मंजूर किया जाता है तो मैं निर्णायक समिति में अपना सहमति किया जाए।देने के लिए तैयार हूँ। दिनांक12/09/2023 को रात्रि में स्थानीय साहू समाज का बैठक रखा गया था। जिसमें ज़ मुझे तथा मेरे पुत्र भारत राम साहू पिता मेहत्तरराम साहू को लिखित में सूचना तथा मौखिक जानकारी नही दिया गया। आगे कहां की अगर एक सप्ताह के अंदर भखारा साहू समाज मुझे नहीं मिलाया तो मुझे मजबूरन थाना जाना पड़ेगा।

## 10 किलो गांजा के साथ युवक को पुलिस ने किया गिरफ्तार

तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**राजनांदगाँव 17 सितंबर।** कोतवाली पुलिस को 10 किलो गांजा के साथ ग्वालियर के युवक को पुलिस ने रंगे हाथ पकड़ने में सफलता प्राप्त की है. पुलिस मिली जानकारी में बताया गया कि पुलिस द्वारा थाना क्षेत्रांतर्गत लगातार संदिग्ध वाहनों एवं असामाजिक तत्वों तथा अवैध रूप से मादक पदार्थ गांजा, नशीली पदार्थ एवं शराब बिक्री करने वालो के विरुद्ध चलाये जा रहे अभियान के तहत 16 सितम्बर 2023 को मुखबीर की सूचना मिला कि दुर्ग की ओर से एक लग्जरी बस आ रही है जो नागपुर की ओर जाने वाली है उक्त बस में एक व्यक्ति काले रंग के बैग में अवैध रूप से मादक



पदार्थ गांजा रखा है कि सूचना पर तत्काल पुलिस टीम गठित कर पुराना बस स्टैण्ड चैक रॉयल बस बुकिंग आफिस के सामने राजनांदगॉव के पास पहुँचे जहॉ पर लग्जरी बस आकर रूकी बस को चेक करने पर एक व्यक्ति काले रंग का बैग रखा जिसे नाम पता पूछने पर अपना नाम व पता अनिकेत वर्मा पिता विकास कुमार वर्मा उम्र 25 साल साकिन डी-5 तानसेन नगर हजीरा वार्ड न0 13 थाना केलागेट ग्वालियर (मध्यप्रदेश) बताया उसके हाथ में रखे बैग को चेकिंग करने पर बैग के अंदर पीले रंग की दो नग पालिथीन पैकेट में जो सेलोटेप लगा था जिसमें 10 किलो 184 ग्राम मादक पदार्थ गांजा कीमती 80,000 रूपये मिला आरोपी के पास मादक पदार्थ गांजा रखने ले जाने के संबंध में कोई वैध कागजात नही रखना पाये जाने से मौके पर जप्त किया गया। साथ ही आरोपी का 01 नग सेमसंग कपंनी का एन्ड्राइड मोबाईल कीमती दस हजार रूपये भी जप्त किया गया। पुलिस ने आरोपी के विरुद्ध नारकोटिक्स एक्ट के तहत अपराध क्र0 729/23 धारा 20(बी) नारकोटिक्स एक्ट के तहत कार्यवाही कर आरोपी को विधिवत् गिरफ्तार कर न्यायिक रिमाण्ड में भेजा गया माननीय न्यायालय से जेल वारंट प्राप्त होने पर जिला जेल राजनांदगॉव में दाखिल किया गया। उपरोक्त कार्यवाही में थाना प्रभारी कोतवाली निरीक्षक एमन साहू, सउनि शत्रुहन टण्डन, प्र0आर0 संदीप चैहान, आर0 महेन्द्र पाल जोशी, मिर्जा असलम बैग, ऋषिदास मानिकपुरी एंव थाना स्टाफ की सराहनीय भूमिका रही।

## महापौर ने दी तीजा एवं गणेश चतुर्थी की बधाई

**राजनांदगांव 17 सितम्बर।** महापौर श्रीमती हेमा सुदेश देशमुख ने नगर की महिलाओं को तीजा की बधाई दी साथ ही गणेश चतुर्थी की नागरिकों को शुभकामनाएं देते हुये गणेश पर्व को भक्ति भाव एवं उमंग व उल्लास के साथ मनाने की अपील की है। उन्होंने तीजा पर अपने शुभकामना संदेश में कहा कि छत्तीसगढ़ की पारंपरिक त्यौहार तीजा में महिलाएं निर्जला उपवास कर भगवान शंकर पार्वती की पूजा कर अपने पति के दीर्घायु होने की कामना करती है। साथ ही तीजा व्रत रखने से महिलाओं को सौभाग्य के साथ साथ सुख समृद्धि की प्राप्ति होती है। इसके अलावा परिवार में भी बरकत आती है। उन्होंने कहा कि तीजा पर्व ऐसा पारंपरिक त्यौहार है जिसमें महिलाये अपने मायके आकर माता पिता, भाई के घर यह त्यौहार मनाते है। तीजा के दिन निजला व्रत रख शंकर पार्वती की पूजा कर चतुर्थी के दिन उपवास तोडते है। उन्होंने बताया कि तीजा के इस महत्व को देखते हुये छत्तीसगढ़ के संवेदनशील मुख्यमंत्री ने इस दिन अवकाश भी दिया है, ताकि महिलाये उमंग एवं उल्लास से इस त्यौहार को मना सके। उन्होंने पुनः महिलाओं को तीज पर्व की शुभकामनाएं दी है। महापौर श्रीमती देशमुख ने गणेश पर्व की शुभकामनाएं देते हुये कहा कि भगवान श्री गणेश भोले भाले एवं सादगी के प्रतीक है। इनकी भक्ति के कारण इन्हें प्रथम पूजे जाने का वरदान प्राप्त हुआ था। इसीलिये किसी भी धार्मिक पूजा पाठ एवं शुभकार्य के पहले भगवान श्री गणेश की पूजा अराधना की जाती है। उन्होंने कहा कि गणेश पर्व बहुत उत्साह से मनाया जाता है, जहॉ बडे छोटे समितियों द्वारा बडी बडी प्रतिमा स्थापना सार्वजनिक तौर पर की जाती है। वही घर घर प्रतिमा स्थापना कर सुख समृद्धि की कामना की जाती है। उन्होंने तीजा एवं गणेश पर्व की पुनः शुभकामना देते हुये नागरिकों के उज्जवल भविष्य की कामना की है।



## वनांचल से के.श्रेयशी का राष्ट्रिय शतरंज स्पर्धा के लिए चयन

तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**मोहला 17 सितंबर।** अग्रवाल जन कल्याण एवं अग्रवाल महिला कल्याण समिति तथा जिला शतरंज संघ दुर्ग के सयुक्त तत्वाधान व प्रदेश शतरंज संघ के सहयोग से सेक्टर 6 भिलाई स्थित अग्रसेन भवन में हाल ही में सम्पन्न अंडर 7 केटेगरी में राज्य शतरंज प्रतियोगिता में वनांचल जिला मोहला मानपुर अ.चौकी के विकासखण्ड मानपुर के प्राथमिक शाला इंग्लिश मीडियम मानपुर के कक्षा दूसरी में अध्यनरत के.श्रेयशी ने राज्य शतरंज प्रतियोगिता में कुल 5 चक्र में खेलते हुए,कुल 3 अंक बनाकर,राज्य शतरंज प्रतियोगिता में तीसरा स्थान बनाया,और राष्टिय स्पर्धा के लिए चयनित हुए,के.श्रेयशी अंडर 7 राष्ट्रिय शतरंज चैंपियनशिप जो कि कोलकता में 21 सितम्बर से 25 सितम्बर तक राष्ट्रिय शतरंज चैंपियनशिप में छतीसगढ़ का प्रतिनिधित्व करेंगे। विकासखण्ड शिक्षा अधिकारी ए.आर.कौर, विकासखण्ड स्त्रोत समन्वयक जहिदा खान, समन्वयक देवशंकर तारम




,चंद्रशेखर ठाकुर,संजीव सावलकर,अजय देवांगन प्राथमिक शाला इंग्लिश मीडियम मानपुर के प्रधानपाठक गीता ठाकुर ,शिक्षक तरुण हदगिया, भारत सचान,ने बधाई देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की है ।

## अच्छी सेहत के लिए खाने की तरह खेलना भी जरूरी है:चुम्मन साहू

तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**अम्बागढ़ चौकी 17 सितंबर।** खुज्जी विधानसभा क्षेत्र अंतर्गत ग्राम बनिया टोला में जय बजरंग स्पोर्ट्स क्लब के तत्वाब्धान में एक दिवसीय रात्रि कालीन कबड्डी प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। उद्घाटन समारोह में बतौर मुख्य अतिथि जिला कांग्रेस महामंत्री चुम्मन साहू शामिल हुए। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए चुम्मन साहू ने कहा कि कबड्डी भारत का सबसे प्राचीन खेल है और यह खेल अब भी प्रसिद्ध है। हमारे स्वास्थ्य के लिए जितना खाना जरूरी होता है उतना ही अच्छा स्वास्थ्य के लिए खेल खेलना भी अत्यंत जरूरी है। स्वास्थ्य के लिए कबड्डी बहुत ही



अच्छा खेल है,इस खेल को खेलने के लिए आपको किसी भी प्रकार की सामानों की आवश्यकता नही होती, यह खेल ग्रामीण अंचलों में बहुतायत देखने को मिलता है।इस अवसर पर राजू साहू,भारती साहू,भारत साहू,प्रेमा साहू,चेतन यादव,अभय साहू,रोहित निषाद, तमेश्वर यादव,नूतन निषाद,संतोष बंजारे आदि उपस्थित थे।

## मेरा घर, मेरा दफ्तर अभियान से शासकीय कार्यालयों में व्यापक पैमाने पर की गई साफ-सफाई

**राजनांदगांव 17 सितम्बर।** जिले में शासकीय कार्यालय की सफाई के लिए कलेक्टर श्री डोमन सिंह के मार्गदर्शन में चलाये जा रहे मेरा घर, मेरा दफ्तर अभियान के तहत सभी शासकीय कार्यालयों में व्यापक पैमाने पर साफ-सफाई की गई।



कलेक्टर के आव्हान पर जिले भर में हर माह के तीसरे शनिवार को शासकीय अधिकारी-कर्मचारी अपने कार्यालय की सफाई कर रहे हैं। आज कलेक्टोरेट में सभी विभागीय अधिकारी-कर्मचारियों ने फाइल व्यवस्थित कर संधारित किया। गौरतलब है कि प्रत्येक माह के तीसरे शनिवार को सुबह 8 बजे से 10 बजे तक शासकीय कार्यालय की साफ-सफाई की जा रही है। सफाई अभियान अंतर्गत रिकार्ड व्यवस्थित रखी जा रही है। आज कलेक्टोरेट सहित जिला पंचायत, नगर निगम, कृषि विभाग, जनसंपर्क विभाग, जिला योजना एवं सांख्यिकी विभाग, समाज कल्याण विभाग, राजस्व, लोक निर्माण विभाग, औद्योगिक स्वास्थ्य एवं सुरक्षा, महिला एवं बाल विकास विभाग, जिला व्यापार एवं उद्योग केन्द्र, मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी कार्यालय, कौशल विकास, नगर एवं ग्राम निवेश, शिक्षा विभाग, श्रम विभाग, मत्स्य विभाग, संयुक्त जिला कार्यालय भवन, समस्त एसडीएम कार्यालय, जिले भर के सभी शासकीय कार्यालयों में साफ-सफाई की गई।

## रामचरित मानस को राष्ट्रीय सन्दर्भों से जोड़कर मिश्र जी ने की अद्भुत साहित्य सेवा:यादव

तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**राजनांदगाँव17 सितंबर।** डॉ बलदेव प्रसाद मिश्र को मानस प्रकांड मर्मज्ञ इसलिए कहा जाता है क्योंकि उन्होंने रामचरितमानस के हर चरित्र की गूढ़ विवेचना की और उन्हें तत्कालीन स्वाधीनता आंदोलन के सन्दर्भों में जोड़ा। इस नाते उन्होंने हिंदी के साथ साथ भारतीय संस्कृति की यशस्वी सेवा की।उक्त विचार स्थानीय डॉ बलदेव प्रसाद मिश्र शा. उच्चतर माध्यमिक शाला में डॉ मिश्र की 125वीं जयंती पर आयोजित परिसंवाद में इंदिरा कला संगीत विश्वविद्यालय, खैरागढ़ में हिंदी साहित्य के प्राध्यापक व मानस के प्रख्यात विवेचक डॉ राजन यादव ने मुख्य अतिथि के रूप में व्यक्त किये। उन्होंने आगे बताया कि मिश्र जी ने रामचरितमानस के चरित्र राम, सीता, लक्ष्मण व भरत को अद्भुत रूप से काव्यबद्ध कर अमर कर दिया है। सीता और भरत का चित्रण कर मिश्र जी ने सहित्य व मानस रसिकों के लिए अविस्मणीय योगदान दिया। उनकी कविताओं में स्फूर्त करने वाली सकारात्मक शक्ति और उदात्त शिल्प स्पष्ट है। मानस पर उनकी व्याख्या का उस समय कोई सानी नहीं था। तत्कालीन राष्ट्रपति डॉ राजेंद्र प्रसाद उन्हें राष्ट्रपति भवन मे




मानस प्रवचन हेतु अक्सर आमंत्रित करते थे । उनकी रचनाओ मे तुलसी दर्शन, कौशल किशोर, साकेत संत हिंदी सहित्य में विशिष्ट स्थान रखते है।

इस अवसर पर अपने विवेचन उद्बोधन में दर्शनाचार्य सुरेंद्र दुबे ने मिश्र जी के राम और कृष्ण चरित्र का तुलनात्मक विश्लेषण कर श्रोताओं को मंत्र मुक्त कर दिया। उन्होंने द्वैत अद्वैत, जीव और ब्रह्म, उपनिषद एवं वेदांत दर्शन की अद्भुत उपस्थिति मिश्र जी के साहित्य में बताई । उन्होंने कहा की मिश्र जी का नाटक शंकर दिग्विजय और वैराग्य शतक भारतीय दर्शन से अभिप्रेरित है । मिश्र जी ने भारतीय दर्शन को अपने साहित्य में प्रतिष्ठित किया.

परिसंवाद में संस्मरण सुनाते हुए दिग्विजय महाविद्यालय के सेवानिवृत्त प्रोफेसर आर पी दीक्षित ने मिश्र जी के व्यक्तित्व को रेखांकित किया। उन्होंने कहा कि मिश्र जी समय के पाबंद होने के साथ साथ अध्ययन के प्रति बेहद गम्भीर थे। वे सारी चिट्ठियों को व्यवस्थित बंडल बनाकर रखते, किताबों की महवत्पूर्ण बातों को रेखांकित करते। डॉ मिश्र जी नांदगॉव की साहित्य त्रयी के अनमोल साहित्यकार थे।

इस अवसर पर दिग्विजय महाविद्यालय में हिंदी विभाग के अध्यक्ष डॉ शंकर मुनि राय ने कहा कि मिश्र जी का लेखन उनके श्रम और विवेचन को दर्शाता है। वे उत्कृष्ट साहित्यकार, कुशल प्रशासक और अच्छे व्याख्याकार थे।

समारोह में शाला के प्राचार्य श्री कैलाश शर्मा ने कार्यकम की महत्ता को रेखांकित करते हुए कहा कि ऐसे कार्यक्रमों से नई पीढ़ी को नगर के इतिहास पुरुषों के बारे में ज्ञान मिलत है।मिश्र जी ने हिंदी सहित्य में नांदगॉव का नाम स्थापित किया। शाला विकास समिति के अध्यक्ष श्री राकेश जोशी ने भी इस अवसर पर उपस्थित श्रोताओं को सम्बोधित किया।

## विप्र कॉलेज के विद्यार्थियों ने लिया मतदान करने का संकल्प

**रायपुर .17 सितंबर।** छत्तीसगढ़ युवा विकास संगठन संचालित विप्र कला, वाणिज्य एवं शारीरिक शिक्षा महाविद्यालय में जिला प्रशासन द्वारा विद्यार्थियों में मतदान हेतु जागरूकता कार्यक्रम के अंतर्गत विद्यार्थियों को मतदान करने के लिए प्रेरित करने , लोकतंत्र की प्रक्रिया ,विशेषता से अवगत कराने के साथ आदर्श नागरिक बनने के लिए प्रेरित किया गया। इस अवसर पर जिला प्रशासन की ओर से राजेश गोयल ने सर्वप्रथम कार्यक्रम आयोजन के उपदेश पर प्रकाश डाला एवं मतदान प्रक्रिया से अवगत कराया। इसके बाद चुन्नीलाल शर्मा ने लोकतंत्र की विशेषताओं से विद्यार्थियों को अवगत कराते हुए बताया कि हम सबसे बड़े और महान लोकतंत्र के निवासी हैं ।यह हमारे लिए गौरव की बात है। पर लोकतंत्र की सफलता आदर्श और जागरूक नागरिकों से ही संभव है ।इसलिए प्रत्येक विद्यार्थी को कुशल एवं योग्य नागरिक बनने का प्रयास करना चाहिए। साथ ही उन्होंने वोटर आईडी कार्ड बनाने की प्रक्रिया एवं युवाओं के लिए संचालित योजनाओं के बारे में जानकारी प्रदान की। इसके उपरांत डॉ.कामिनी बावनकर ने विद्यार्थियों को शतप्रतिशत मतदान के लिए प्रेरित किया एवं मतदान करने का संकल्प दिलाया। इस अवसर पर प्राचार्य डॉ .मेघेश तिवारी ने अपने प्रेषित संदेश में बताया कि चुनाव आयोग के प्रावधानों के अंतर्गत शत प्रतिशत मतदान के प्रयासों में स्वीप कार्यक्रम की श्रृंखला में महाविद्यालय में विद्यार्थियों को लोकतंत्र की समस्त प्रक्रिया की जानकारी देने के साथ स्वयं मतदान करने एवं अन्य नागरिकों को मतदान के लिए प्रेरित करने के लिए जिला प्रशासन के सहयोग से कार्यक्रम का आयोजन किया गया है ।उपरोक्त कार्यक्रम का संचालन महाविद्यालय के नोडल अधिकारी डॉ. विवेक शर्मा ने किया। इस अवसर पर समस्त प्राध्यापक को सहित बड़ी संख्या में विद्यार्थी उपस्थित थे।



# जनता गद्दी देना जानती है तो गद्दी छीनना भी जानती है:साव

तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**राजनांदगांव 17 सितंबर।** भारतीय जनता पार्टी की परिवर्तन यात्रा आज फरहद चौक से प्रारंभ होकर कृषि उपज मंडी में आमसभा में परिवर्तित हो गई।

मंडी के विशाल प्रांगण में आयोजित सभा को संबोधित करते हुए भाजपा प्रदेश अध्यक्ष अरुण साव ने कहा कि परिवर्तन यात्रा के 5 दिनों में ही परिवर्तन का तूफान चलने लगा है, 5 वर्ष में भूपेश सरकार ने केवल लूट की सरकार चलाई है, भ्रष्टाचार की सरकार ने सारे रिकॉर्ड तोड़ दिए हैं। भूपेश बघेल को यह जान लेना चाहिए जो जनता गदी देना जानती है, वह गद्दी से उतारना भी जानती है। छत्तीसगढ़ के हक का पैसा अब बाहर नहीं भेजा जाएगा,छत्तीसगढ़ के लोगों को उनका हक मिले इसके लिए भाजपा सरकार को लाना होगा। अरुण साव ने कहा कि इस सरकार ने झूठे वायदे करके जनता का गाड़ी कमाई का पैसा कांग्रेस के आकाओं को भेजा है।

मीडिया सेल द्वारा दी गई जानकारी के अनुसार सर्वप्रथम स्वागत प्रतिवेदन प्रदेश उपाध्यक्ष मधुसूदन यादव ने दिया।

गोवा के मुख्यमंत्री प्रमोद सावंत ने अपने भाषण की शुरुआत जय जोहार कहकर की । सावंत ने कहा कि आज अटल जी को याद कर रहा हूं, जिन्होंने एक सोच के साथ छत्तीसगढ़ का निर्माण किया। युवाओं के हाथ में काम हो, महिलाएं सुरक्षित हो,प्रदेश का विकास हो।

15 साल प्रदेश तेज गति से विकास कर रहा था,लेकिन अब विकास रुक गया है। लोगों ने 15 साल मीठा खाने के बाद मिर्ची का स्वाद चखा है। मैं कांग्रेस सरकार से कहना चाहता हूं कि वह अपना रिकॉर्ड कार्ड पेश करें। कांग्रेस सरकार की उल्टी गिनती शुरू हो चुकी है। भाजपा की डबल इंजन सरकार फिर से लानी है। बघेल सरकार में कानून व्यवस्था ठप है ।महिलाओं के साथ रोज दुष्कर्म हो रहे हैं, छत्तीसगढ़ में जिस प्रकार से घोटाले हो रहे हैं वह मैंने कभी सुने नहीं थे। इसी निकम्मी सरकार को विदा करना है और विकास की सरकार को फिर से लाना है। पूर्व मुख्यमंत्री डॉ रमन सिंह ने कहा जिस लक्ष्य को लेकर परिवर्तन यात्रा निकल रही है कार्यकर्ताओं की मेहनत से वो लक्ष्य पूरा होगा।

उन्होंने कहा भूपेश बघेल की पहचान अब एक लबरा मुख्यमंत्री के रूप में हो गई है। उन्होंने कहा चारो तरफ अंधेरा है पहरेदार लुटेरा है। जितने भवन हमने बनाए है उसकी पोताई तक कांग्रेस सरकार नहीं करवा पा रही है। हर गांव में करोड़ों रु के विकास कार्य हुए रोड कनेक्टिविटी का काम हुआ ,भूपेश बघेल जी एक भी काम अगर उन्होंने राजनांदगांव में किया है तो बताए। भ्रष्ट और निकम्मी कांग्रेस सरकार को बदलने का समय आ गया है। सांसद संतोष पांडे ने कहा कि परिवर्तन यात्रा ने संदेश दे दिया है कि छत्तीसगढ़ में परिवर्तन होकर रहेगा। छत्तीसगढ़ में कमल खिलकर रहेगा,कांग्रेस नेताओं के भड़काऊ बयान बता रहे हैं कि कांग्रेसी हमारे सनातन धर्म के विरोधी हैं । जो सनातन को गाली दे रहा है उन्हें जनता जरूर सबक सिखाएगी । भूपेश बघेल हमर भांचा राम-राम करते हैं, अपनी पार्टी के लोगों द्वारा सनातन धर्म के अपमान पर चुप क्यों हैं।

सभा का सफल संचालन यात्रा के संयोजक शिवरतन शर्मा एवं सावन वर्मा ने किया सभा में प्रमुख रूप से प्रदेश उपाध्यक्ष मधुसूदन यादव, सांसद संतोष पांडे,खूबचंद पारख, पूर्व सांसद अभिषेक सिंह, शिवरतन शर्मा, धर्मजीत कौशिक, जिला अध्यक्ष रमेश पटेल, प्रदेश मीडिया प्रभारी अमित चिमनानी, सचिन बघेल, कोमल सिंह राजपूत, आभा तिवारी, मुकेश बघेल एवं रवि सिन्हा उपस्थित थे।

## एक नजर

### गांजा परिवहन करते 2 व्यक्ति गिरफ्तार

**सुकमा 17 सितंबर (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** सुकमा में श्रीमान पुलिस अधीक्षक महोदय श्री किरण चव्हाण के मार्ग-दर्शन एवं अतिक्ति पुलिस अधीक्षक श्री प्रभात कुमार अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक श्री आकश मरकाम के निर्देषन तथा पुलिस अनुविभागीय अधिकारी सुकमा श्री परमेश्वर तिलकवार के पर्यवेक्षण में मादक पदार्थो की तस्करी के रोकथाम हेतु चलाये जा रहे अभियान तहत मुखबिर की सूचना पर दिनांक 14.09.2023 को थाना सुकमा से निरीक्षक राकेश यादव थाना प्रभारी सुकमा के नेतृत्व में उपनिरीक्षक रामकुमार जैन के हमराह जिलाबल का बल सुकमा से मलकानगिरी, ओडिशा जाने मार्ग में छत्तीसगढ़-ओड़िशा सीमावर्ती चेक पोस्ट कुम्हाररास, सुकमा मे मार्ग में आने-जाने वाले वाहनों को चेकिंग की जा रही थी, इस दौरान ओड़िशा राज्य की ओर से 01 लाल रंग के मोटर सायकल वाहन क्रमांक एमपी. 17 एनबी. 2397 मे सवार होकर दो व्यक्ति 01 काला कलर थैला लेकर सुकमा की ओर आ रहे थे, जिन्हे रोकर तलाशी लेने पर थैला के अंदर सफेद रंग के बोरी मे 03 पैकेट भूरे रंग का सैलो टेप से लिपटा हुआ कुल वजन 15.150 किलोग्राम गांजा (मादक पदार्थ) अनुमानित कीमत लगभग 1,48,000/- (एक लाख अड़तालीस हजार रूपये) को परिवहन करते हुये पाया गया। उक्त कृत्य विधि विरूद्ध पाये जाने से दोनों आरोपियों क्रमशः 01. अरविंद केंवट पिता जगजीवन केंवट उम्र 27 वर्ष साकिन पथरहा पोस्ट ढेर तहसील+थाना मऊगंज जिला रीवा (म.प्र.) 02. गिरजा पाण्डे पिता स्व0 शिव प्रसाद पाण्डे पथरहा पोस्ट ढेर तहसील+थाना मऊगंज जिला रीवा (म.प्र.) के विरूद्ध थाना सुकमा में अपराध क्रमांक 84/2023धारा 20 (ख) मादक पदार्थ अधिनियम के तहत प्रकरण पंजीबद्ध कर अग्रिम वैधानिक कार्यवाही करते हुये, उक्त दोनों आरोपियों को दिनांक 15.09.2023 को विधिवत् गिरफ्तार कर माननीय न्यायालय के समक्ष पेष कर न्यायिक रिमाण्ड में जेल भेजा गया।

### बीसीएस शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय धमतरी में रक्त समूह परीक्षण शिविर आयोजित

**अंवरी 17 सितंबर।** बीसीएस शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय धमतरी की प्राचार्य डॉ श्रीदेवी चौबे के निर्देशन व यूथ रेडक्रॉस सोसायटी, राष्ट्रीय सेवा योजना तथा रेड रिबन क्लब के संयुक्त तत्वावधान में शनिवार 16.09.2023 को निःशुल्क रक्त परीक्षण शिविर का आयोजन किया गया। उक्त शिविर का उद्देश्य विद्यार्थियों में हिमोग्लोबिन की मात्रा और रक्त समूह की जांच करना रहा जिससे आवश्यकता पड़ने पर रक्त की आपूर्ति सरलता से की जा सके। यह शिविर महाविद्यालय के प्राथमिक उपचार कक्ष में आयोजित किया गया। शिविर हेतु जिला अस्पताल धमतरी से चिकित्सकों की टीम ने महाविद्यालय के विद्यार्थियों का रक्त परीक्षण किया। डॉ कृतिका चटर्जी पैथोलॉजिस्ट के मार्गदर्शन में लैब टैक्नोलॉजिस्ट श्रमती अर्चना साहू एवं श्री भूषण सिन्हा ने तीन प्रकार के रसायनों एंटीजन ए, एंटीजन बी एवं एंटीजन डी से विद्यार्थियों के रक्त समूह और हिमोग्लोबिन की मात्रा की जानकारी प्रदान की।

### एकता और भाईचारे में विश्व का कल्याण है: पं. अतुल कृष्ण

**अंवरी 17 सितंबर।** बोल बम सेवा समिति कुरूद के संरक्षक अजय चन्द्राकर के मार्गदर्शन में जन्माष्टमी, तीज त्यौहार एवं गणेश चतुर्थी पर कुरूद विधानसभा के 15 प्रमुख जगहों पर राष्ट्रवाद पर प्रेरक प्रबोधन सत्यम शिवम सुंदरम का आयोजन किया जा रहा है। जिसमें वृंदावन के प्रमुख आचार्य अतुल कृष्ण महाराज के मुखारबिन्द से कुरूद विधानसभा के प्रमुख गांवों में राष्ट्रवाद पर निरंतर प्रेरक प्रबोधन दिया जा रहा है। इसी तारतम्य में 16 सितंबर शनिवार को बाजार चौक में एक दिवस राष्ट्रवाद से ही श्रीराम के छायाचित्र पर उपस्थित वृंदावन के आचार्य और जनप्रतिनिधियों के द्वारा पूजा अर्चना कर कार्यक्रम की शुभारंभ की गई। वृंदावन के अतुल कृष्ण महाराज ने अपने प्रेरक प्रबोधन में बताया कि एक दुसरे से मिलने से भाईचारा का प्रेम होता है जिस प्रकार श्री राम जी और केवट जी का मिलन हुआ, राम जी और शबरी माता का मिलन महान बनाते हैं।

# जर्जर साडा काम्पलेक्स बिल्डिंग के नीचे लगवाए जा रहे त्यौहारी दुकान

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता



**दंतेवाड़ा 17 सितंबर।** दंतेवाड़ा मुख्यालय के बस स्टेंड स्थित चार दशक पुरानी साड़ा द्वारा निर्मित काम्पलेक्स बिल्डिंग को नगर पालिका ने दो माह पूर्व व्यापारियों से यह कहकर खाली करवा लिया था कि मानसून में भारी बारिश के चलते कमजोर हो चुकी बिल्डिंग कभी भी जमींदोज हो सकता है जिससे जानमाल का नुकसान भी हो सकता है। लिहाजा इसी मुद्दे को आधार बनाकर दर्जनों व्यापारियों की चलती हुई दुकानों को खाली करवा लिया गया था। बिल्डिंग खाली होने के बाद नगर पालिका ने बिल्डिंग की दीवार पर एक सूचना बोर्ड चस्पा किया था जिसमें कहा गया था कि यह परिसर जर्जर हो चुका है लिहाजा कोई भी व्यक्ति इस बिल्डिंग के आसपास न रहे, साथ ही बिल्डिंग परिसर के नीचे कोइ वाहन, सामान न रखे। किसी प्रकार की घटना होने की स्थिति में पालिका जिम्मेदार नहीं होगा। एक तरह से सूचना बोर्ड लगाकर पालिका ने लोगों को आगाह करने का कार्य किया जो सही भी है। वहीं दुसरी ओर नपा स्वयं अपने ही कही बातों से थोड़े दिनों बाद ही पलटते हुए खुद ही अब जर्जर व कमजोर हो चुके बिल्डिंग भवन के नीचे तीज त्यौहारों में ग्रामीण अंचलों से आकर पूजा पाठ एवं त्यौहार की सामाग्री बेचने की दुकान लगाने वालों को बुला बुलाकर दुकान के लिए जगह दे रही है और बदले में उनसे पैसे वसूल रही है। थोड़े से पैसे के लिए लोगों की जान से खिलवाड़ करने वाली पालिका की कथनी और करनी में फर्क स्पष्ट देखा जा सकता है। राखी के त्यौहार के समय भी राखी लगाने वाले व्यापारियों को इसी जर्जर बिल्डिंग परिसर में 15-15 सौ रूपए लेकर दुकान आबंटित की गई थी और अभी पोला, तीजा, गणेश, विश्वकर्मा समेत अन्य जीत त्यौहारों के लिए पसरा सामान बेचने हर रोज ग्रामीण अंचलों से ग्रामीण व्यापारी आ रहे हैं और इन सबको इसी जर्जर बिल्डिंग भवन के नीचे बैठाया जा रहा है। चित्र में स्पष्ट तौर पर देखा जा सकता है कि बिल्डिंग के एक किनारे के हिस्से का उपर का मलबा कुछ दिनों पूर्व ही भरभराकर गिरा था और उसी जगह पर इन लोगों को दुकानें लगाने की जगह दी गई है। जर्जर भवन के नीचे छोटे बच्चे व महिलाएं तक बैठी हुई देखी जा सकती है। यह दोहरा चरित्र नगर पालिका का देखा जा सकता है। किसी की जान जाए तो जाए पालिका को इससे कोई मतलब नहीं उसे तो बस उसकी कर वसूली से मतलब है। शायद यह चित्र यही प्रदर्शित कर रहा है। इस मामले में जब दंतेवाड़ा एसडीएम शिवनाथ बघेल से बात की गई और उनसे पुछा गया कि जर्जर बिल्डिंग के नीचे कैसे दुकान लगाने की अनुमति दी जा रही है जबकि बिल्डिंग के आसपास खड़े न होने का सूचना बोर्ड भी लगा हुआ है तो श्री बघेल ने कहा कि यह सही नहीं है जब बिल्डिंग को जर्जर घोषित किया जा चुका है तो ऐसे में उस स्थल के आसपास किसी भी व्यति को वहां व्यापार के लिए जगह देना उचित नहीं है उन्होने कहा कि इस मामले पर नगर पालिका सीएमओ से चर्चा कर ग्रामीण अंचलों से आए पसरा लगाने वाले व्यापारियों के लिए कोई और जगह सुनिश्चित किया जाएगा ।

# गीदम व बारसुर में लोगों को मतदान करने के लिए किया गया जागरूक

■ 300 स्कूली बच्चों ने मानव श्रृंखला बनाकर लोगों को मतदान के लिए किया जागरूक

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता



**गीदम 17 सितंबर।** जिला निर्वाचन अधिकारी एवं कलेक्टर विनीत नंदनवार के निर्देशानुसार तहसील स्तर पर आज स्वीप कार्यक्रम अंतर्गत मतदाता जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमें स्वामी आत्मानंद अंग्रेजी विद्यालय बारसूर, शा कन्या स्वामी आत्मानंद हिंदी विद्यालय बारसूर, शा हिंदी उ. मा विद्यालय छिंदनार, शा हाईस्कूल पोटाकेबिन के विद्यार्थियों ने हिस्सा लिया। छात्रों के लिए मतदाता जागरूकता के तहत विभिन्न विधा क्विज प्रतियोगिता,रंगोली, भाषण,कविता,स्थानीय भाषा में नारा लेखन इत्यादि प्रतियोगिता का आयोजन किया गया था और विद्यार्थियों ने उत्साह से सभी विधा में हिस्सा लिया एवं शपथ लिया कि वे घरों में जाकर अपने परिजनों को अवश्य मतदान करने प्रेरित करेंगे। कार्यक्रम के अंत में 300 से अधिक विद्यार्थियों ने मानव श्रृंखला बना कर सभी को मतदान देने के लिए जागरूक किया। इस दिशा में नगरीय क्षेत्रों सहित ग्रामीण इलाकों में मतदाता जागरूकता शिविर एवं रैली आयोजन सहित ईव्हीएम और वीवीपैट मशीन का प्रदर्शन कर मतदाताओं को निर्वाचन में अवश्य मतदान करने अभिप्रेरित किया जा रहा है। कार्यक्रम के दौरान तहसीलदार संतोष धुर्वे, सहायक विकासखण्ड शिक्षा अधिकारी सुश्री भवानी पुनेम, परियोजना अधिकारी महिला एवं बाल विकास विभाग, प्राचार्य नब्बी लाल नरेटी, प्रवीण नाग, प्राचार्य जे डी नाग संकुल समन्वयक भूपेंद्र श्रीवास, बनीत नाग, चंद्र कुमार राणा, मनोज शेंडे, सुश्री माधुरी एवं समस्त विद्यालय के प्रभारी शिक्षक उपस्थित रहे। इसके साथ ही लाइवलीहुड कॉलेज में मतदान के लिए स्लोगन प्रतियोगिता आयोजित किया गया।

# थाना चिंतागुफा क्षेत्र में सक्रिय 1 लाख के ईनामी सहित 4 नक्सलियों ने किया आत्मसमर्पण

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता




**सुकमा 17 सितंबर।** सभी आत्मसमर्पित नक्सली वितग् 04-05 वर्षो से नक्सली संगठन में थे कार्यरत् छ.ग. शासन के छत्तीसगढ़ नक्सलवाद उन्मूलन नीति के तहत विश्वास, विकास एवं सुरक्षा की भावना तथा सुकमा पुलिस द्वारा चलाये जा रहे ÷पूना नर्कोम अभियान÷ (नई सुबह - नई शुरूआत ) से प्रभावित होकर किया आत्मसमर्पण । जिला सुकमा में सुन्दरराज पी., पुलिस महानिरीक्षक, बस्तर रेंज जगदलपुर (छ.ग.) कमलोचन कश्यप, उप पुलिस महानिरीक्षक रेंज दंतेवाड़ा के मार्ग दर्शन एवं किरण चव्हाण, पुलिस अधीक्षक जिला सुकमा के निर्देशन तथा प्रभात कुमार, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक नक्स ऑप्स सुकमा, गौरव मण्डल, अति. पुलिस अधीक्षक कोन्टा, रजत नाग, उप पलिस अधीक्षक नक्सल ऑप्स सुकमा, गिरिजाशंकर साव, उप पलिस अधीक्षक नक्सल ऑप्स कोन्टा एवं विजय सिंह राजपूत पुलिस अनुविभागीय अधिकारी जगरगुण्डा के पर्यवेक्षण में छत्तीसगढ़ शासन की ÷छत्तीसगढ़ नक्सलवाद उन्मूलन नीति÷ के तहत विश्वास, विकास एवं सुरक्षा की भावना एवं सुकमा पुलिस द्वारा चलाये जा रहे पूना नर्कोम अभियान नई सुबह, नई शुरूआत से प्रभावित होकर, नक्सलियों के अमानवीय, आधारहीन विचारधारा एवं उनके शोषण, अत्याचार तथा बाहरी नक्सलियों द्वारा भेदभाव करने तथा स्थानीय आदिवासियों पर होने वाले हिंसा से तंग आकर नक्सली संगठन में सक्रिय नक्सली 01. करतम सुक्का (डीएकेएमएस अध्यक्ष 01 लाख ईनामी छ0ग0 शासन द्वारा ),02 माड़वी कामा डीएकेएमएस सदस्य,03. कवासी पाण्डु ( जनमिलिशिया सदस्य 04. माड़वी माड़का जनमिलिशिया सदस्य, सभी निवासी थाना चिंतागुफा क्षेत्र के द्वारा आज दिनाँक 16.09.2023 को नक्सल ऑपरेशन कार्यालय सुकमा में रजत नाग, उप पुलिस अधीक्षक नक्सल ऑप्स सुकमा के समक्ष बिना हथियार के आत्मसमर्पण किया गया है।

उक्त आत्मसमर्पित नक्सली थाना चिंतागुफा क्षेत्रान्तर्गत विभिन्न नक्सली गतिविधियों में सम्मिलित रहा है। 03 नक्सलियों को आत्मसमर्पण कराने में गिरिजाशंकर साव, उप पुलिस नक्सल ऑप्स कोन्टा के मार्ग दर्शन में जिलाबल एवं आर.एफ.टी भद्राचलम (सीआरपीएफ) का विशेष प्रयास रहा है।

# छिंदगढ़ पुलिस ने अवैध मादक पदार्थ की तस्करी करते 1 युवक को किया गिरफ्तार

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता



**सुकमा 17 सितंबर।** सुकमा जिले में पुलिस अधीक्षक सुकमा किरण चव्हाण के दिशा-निर्देश तथा अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक प्रभात कुमार, साथ आकाश मरकाम के मार्गदर्शन एवं स्ष्ठह्क्क सुकमा परमेश्वर तिलकवार के पर्यवेक्षण में मादक पदार्थ की अवैध तस्करी की रोकथाम हेतु चलाये जा रहे अभियान तहत थाना छिंदगढ़ पुलिस को 15.09.23 बीते दिनों मुखबिर से सूचना मिली कि सीमावर्ती राज्य उड़ीसा से एक व्यक्ति एक बिना नंबर लाल रंग की ÷टी.व्ही.एस. स्पोर्ट मोटर सायकल÷ में ÷लाल रंग÷ के बैग में अवैध रूप से मादक पदार्थ गाँजा लेकर, छिंदगढ़-कस्तूरी मुख्य रास्ते से बंटूपारा होते हुए गंजेनार पुल की ओर आने वाला हैं, एवं वह दूसरे रास्ते का उपयोग कर भी निकल सकता हैं। मुखबिर से प्राप्त सूचना पर जिले के वरिष्ठ पुलिस अधिकारियों के निर्देश पर थाना प्रभारी छिंदगढ़ एकेश्वर नाग के द्वारा मादक पदार्थ की तस्करी रोकने, प्रावधानों के तहत वैधानिक कार्यवाही हेतु, छिंदगढ़ थाना हमराह स्टाफ एवं गवाहों के साथ ग्राम गंजेनार मुन्ना नाग के घर पास मुख्य रोड में (चेक पोस्ट)नाकेबंदी /घेराबंदी कर बिना नंबर लाल रंग का टी.व्ही.एस. स्पोर्ट मोटर सायकल को रोककर, वाहन चालक की तलाशी ली गई, जिसमें आरोपी के कब्जे से लाल रंग के बैग के अन्दर दो भूरे रंग के टेप से टेपिंग किया हुआ, अवैध रूप से गांजा परिवहन करते हुए पाया गया, जिसे पुलिस से जप्त कर, बरामद किया, मादक पदार्थ गांजा का वजन 11.415 किलोग्राम ( शुद्ध गांजा का वजन 11.315 किलोग्राम ), जिसकी अनुमानित कीमत लगभग (113150/- ) आंकी गई, आरोपी के कब्जे से बरामद गांजा को प्लास्टिक बोरी मे भरकर, बिना नंबर लाल रंग का टी. व्ही. एस. स्पोर्ट मोटर सायकल को गवाहों के समक्ष जप्त किया गया है।एवं आरोपी को छिंदगढ़ थाना लाने पश्चात, थाना छिंदगढ़ मे अपराध क्रमांक 43/2023 धारा 20 (क्च) ह्ष्ठक्क्स्, ह्ल पंजीबद्ध कर विवेचना मे लिया गया है। मामले मे नंबरी अपराध पंजीबद्ध करने पश्चात आरोपी को दिनांक 15.09.2023 को गवाहों के समक्ष विधिवत् गिरफ्तार किया गया जहां आरोपी का न्यायिक रिमांड लेकर न्यायालय में पेश कर जेल दाखिल किया जाएगा।कार्यवाही में थाना निरीक्षक छिंदगढ़ एकेश्वर नाग, एएसआई वी.आर.कृष्णा राव, प्रआ. आसमन मांझी, चंदन सिंह नेगी, आरक्षक निरंजन नाग, मनोज साहू, पी. राम कुमार, रंजीत कचलाम, धनीराम भाला, महिला आरक्षक राशिदा बानो का योगदान रहा।

# दुलेड में नक्सलियों ने आदिवासी महिला को मौत की सजा दी

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**सुकमा 17 सितंबर।** सुकमा ज़िले के दुल्लेड ग्राम से खबर सामने आई के कल नक्सलियों ने एक आदिवासी महिला का अपहरण करके उसकी हत्या कर दी।उस पर आरोप था के उसने ज़हरीली शराब पिलाई।

समाज सेवी फ़ारूख अली ने प्रेसविज्ञप्ति जारी कर नक्सली करतूत पर निंदा करते हुए कहा नक्सलियों की मानसिकता और उनका असली रूप फिर एक बार सामने आया है।नक्सलियों ने अपना रूप दिखाते हुए बंदूक़ की ताक़त पर आदिवासी महिलाओं को कुचलने का काम किया है,झूठा आरोप लगाकर बेरहमी से एक महिला है करके भी नही सोचा और अपना दहशत बरकरार रखने के लिए हत्या कर दिये।

फ़ारूख अली ने सवाल करते हुए कहा क्या ताड़मेटला मुठभेड़ मे चिल्लने वाले नक्सली करतूत पर आवाज़ उठायेंगे?

फ़ारूख ने मूलवासी बचाओ मंच पर गंभीर आरोप लगाते हुए कहा मूल वासी बचाओ मंच अगर नक्सलियों का विंग नही है तो फिर आदिवासी महिला की मौत पर ख़ामोश क्यों है?

अली ने समाज सेवी संगठन एवं राजनीतिक दलों पर भी सवाल खड़े करते हुए कहा के ये कैसा न्याय है के नक्सलियों द्वारा मारे गये निर्दोष ग्रामीणों कि जान की कोई क़ीमत नही और मारे गये नक्सलियों को ग्रामीण बनाने की होड़ मची है।

फ़ारूख अली ने कहा नक्सली हर मुठभेड़ के बाद ग्रामीणों को दबाव डालकर विरोध करवाते हैं,और विडंबना देखिए जब नक्सली ग्रामीणों की हत्याएँ करते हैं तो विरोध करने वाला कोई नही होता।

फ़ारूख अली ने नक्सलियों को चैलेंज करते हुए कहा अगर वो आदिवासियों के असली हितैषी हैं तोबतायें क्यों एक आदिवासी महिला को बेरहमी से हत्या किया।फ़ारूख अली ने कहा नक्सलियों को पता है उनका अस्तित्व ख़त्म होने वाला है मगर मुझे अफ़सोस उन पर हो रहा है जो डूबते जहाज़ पर सवार होकर ग़लत का साथ दे रहे हैं।

फ़ारूख अली ने जनता से अपील करते हुए कहा सच्चाई का साथ दें नक्सलियों के बहकावे मे ना आये नक्सलियों को बस्तर से खदेड़ें।

## कैंसर समेत अन्य बीमारियों की जांच की जाएगी

# 24 सितंबर को दंतेवाड़ा में निःशुल्क मेगा मेडिकल कैम्प आरोग्यम का आयोजन

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता



**दंतेवाड़ा 17 सितंबर।** दंतेवाड़ावासियों के लिए बड़े ही गर्व एवं प्रसन्नता का विषय है कि इस छोटे से आदिवासी बाहुल्य जिले में भी अब वह सब सुविधायें मिलने जा रही है जो पहले किसी महानगरों के लोगों को ही मिला करती थी। जी हां आप जिलेवासियों को बताते हुए हर्ष हो रहा है कि दंतेवाड़ा जिला मुख्यालय में आगामी 24 सितंबर दिन रविवार को एक दिवसीय निःशुल्क आरोग्यम मेडिकल कैम्प का आयोजन जिला अस्पताल दंतेवाड़ा में सुषमा विंग्स आफ केंसर सपोर्ट सोसायटी बाल्को मेडिकल सेंटर नया रायपुर तथा बस्तर चेंबर आफ कामर्स एण्ड इंडस्ट्रीज दंतेवाड़ा ब्रांच के सहयोग से किया जाना सुनिश्चित हुआ है। यह आयोजन सुबह 9 बजे से सायं 5 बजे तक चलेगा। जिसमें कैंसर के लक्षणों की जांच विशेषज्ञ डाक्टरों द्वारा किया जाएगा। अन्य बीमारियों का भी स्वास्थ्य परीक्षण की सुविधा होगी। स्वास्थ्य जांच के लिए पंजीयन करवाना आवश्यक होगा। पंजीयन दंतेवाड़ा के व्यापारी संघ के सदस्गण- मोती सालेचा, मनोज सुराना, प्रमोद गुप्ता, रजनीश सुराना एवं मनु वर्गीस से संपर्क कर किया जा सकता है। निःशुल्क आरोग्यम मेडिकल कैम्प के संदर्भ में शुक्रवार को स्थानीय सर्किट हाउस में प्रेसवार्ता आयोजित की गई जिसमें व्यापारी संघ एवं मां दंतेश्वरी रिलिफ सोसायटी दंतेवाड़ा के सदस्यों ने जानकारी देते बताया कि इस मेगा शिविर में गर्भाशय के कैंसर, सरवाईकल कैंसर, स्तन कैंसर के चिकित्सीय परीक्षण किए जायेंगे। शिविर में कैंसर रोग विशेषज्ञ, एमडी मेडिसिन, शिशु रोग विशेषज्ञ, ब्लड प्रेशर, शुगर, मनोरोग चिकित्सक अपनी सेवाएं देंगे। शिविर में विशेष रूप से बाल्को मेडिकल सेंटर से कैंसर रोग विशेषज्ञ डॉ0 मउ राय, डॉ0 भंवर शर्मा जगदलपुर, डॉ0 महेश मिश्रा नोडल अफसर एनसीडी जगदलपुर, डॉ0 आरबीपी गुप्ता, एमडी मेडिसिन महारानी अस्पताल जगदलपुर, डॉ0 राज गुप्ता महारानी अस्पताल जगदलपुर तथा मरियम केए मनोचिकित्सक मेडिकल कॉलेज जगदलपुर विशेष रूप से उपस्थित रहेंगे। शिविर में बाल्को की मोबाईल कैंसर जांच वैन भी मौजुद रहेगी, जहां मरीजों की विस्तृत स्वास्थ्य परीक्षण होगा। इस वैन में तमाम प्रकार के थर्मल स्क्रीनिंग, मुख कैंसर परीक्षण तथा स्त्री रोग संबंधी परीक्षण होंगे। सुषमा विंग की श्रीमती शशि गुप्ता ने बताया कि इस शिविर में जांच उपचार बिलकुल भी निःशुल्क होंगे। शिविर में मुख्य उद्देश्य लोगों को कैंसर जैसे खतरनाक बीमारियों के विषय में जागरूक करना है। हम लोगों को यह बताना चाहते हैं कि अगर समय रहते कैंसर जैसे घातक बीमारी की पहचान कर ली जाए तो हम उसे अर्ली स्टेज में ही क्योर कर सकते हैं। जागरूकता की कमी एवं समय पर जांच उपचार न लेने के चलते ही यह रोग जानलेना होता है। कैंसर से बिलकुल भी डरने की जरूरत नहीं है इसका इलाज संभव है बशर्ते समय पर इसकी जांच हो जाए तो इसे हराया जा सकता है। अगर कैंसर होने की जानकारी विलंब से होगी तो ईलाज में कठिनाई होगी वहीं इसकी फर्स्ट स्टेज में ही अगर पकड़ लिया जाए तो इसे जड़ से खत्म किया जा सकता है। उन्होने बताया कि बीजापुर, सुकमा, कोंडागांव जिले में इस तरह का शिविर आयोजित हो चुका है जहां सैकडों मरीजों को इससे लाभ हुआ है। दंतेवाड़ा में यह पहला कैंप इस तरह का आयोजन होने जा रहा है हम चाहते हैं कि अधिक से अधिक संख्या में इस तरह के मरीजों को लाया जाए जिसकी जांच उपचार कर उन्हें राहत पहुचांई जा सके। शशि गुप्ता ने कहा कि दंतेवाड़ा में हमें जहां स्वास्थ्य विभाग का भरपुर सहयोग मिल रहा है वहीं दंतेवाड़ा व्यापारी संघ भी हमें भरपुर सहयोग कर रहा है।

## समाचार संक्षेप



सुकमा 17 सितंबर। गणेश जी की मूर्तियां बनकर तैयार है. विक्रेताओं के माध्यम से मूर्तियां घर-घर में विराजेंगी।

### सड़क निर्माण कार्य को पूर्ण करने की मांग




**सुकमा, 17 सितंबर (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** पेन्टा से मेवाही 7 किमी दूर है। प्रधानमंत्री सड़क का कार्य आज तक अपूर्ण है। मिट्‌टी भराई हुई है। मुरूम कार्य भी नहीं हुआ है। ग्रामीणों की मांग है कि सड़क का काम शीघ्र पूरा किया जाए। यह जानकारी सरपंच ने दी है। इस मार्ग के बनने से मेवाही क्षेत्र का विकास होगा।

### जगह-जगह विराजे भगवान विश्वकर्मा

**दंतेवाड़ा 17 सितंबर।** आज सृष्टि के रचयिता भगवान विश्वकर्मा की जयंती है। प्रतिवर्ष 17 सितंबर को ही विश्वकर्मा जयंती मनाई जाती है। इस अवसर पर आज प्रशिक्षण संस्थानों, रेल्वे विभाग, समेत कई अन्य जगहों पर विश्वकर्मा जी की प्रतिमा स्थापित की जा रही है जिसकी तैयारी में बीते कई दिनों से भक्त लगे हुए थे। आज शुभ मुहुर्त में धुमधाम के साथ भगवान विश्वकर्मा जी विराजेंगे। विश्वकर्मा पूजा को लेकर भक्तों में खासा उत्साह देखा जा रहा है। प्रतिवर्ष की भांति इस बार भी नगर में जगह जगह शिल्पी भगवान विश्वकर्मा की प्रतिमा स्थापिता की जा रही है। जिसकी तैयारी जोर शोर से हो रही है। भगवान विश्वकर्मा की मूर्ति स्थापित करने के कार्य में युवा वर्ग जी जानु से जुटे हुए हैं। भगवान को स्थापित करने के लिए आकर्षक पंडाल सजाए जा चुके हैं। हर वर्ष रेलवे विभाग द्वारा विश्वकर्मा जयंती धुमधाम से मनाया जाता है लिहाजा रेलवे कालोनी में भी विश्वकर्मा जयंती हर वर्ष की जाती है इस बार भी आकर्षक विश्वकर्मा जी की प्रतिमा बैठाई जा रही है। इसके अलावा प्रतिवर्ष की भांति इस बार भी दंतेवाड़ा के बस स्टेंड चौराहे पर ऑटो चालक संघ द्वारा विश्वकर्माजी की मूर्ति बैठाई जाएगी जिसकी तैयारी भी जोर शोर से ऑटो चालक संघ द्वारा की जा रही है। आकर्षक पंडाल बनाए जा रहे है। लौह नगरी किरंदुल व बचेली में भव्य तरीके से विश्वकर्मा पूजा कार्यक्रम प्रतिवर्ष आयोजित की जाती है। जिसे देखने दूर दराज क्षेत्रों से लोग वहां पहुंचते हैं। विश्वकर्मा जयंती को लेकर जिले के अलग अलग क्षेत्रों में भगवान विश्वकर्मा की पूर्ति स्थापित की गई है जिसे देखने पंडालों में लोगों में भारी भीड़ उमड़ रही है। आगामी तीन दिनों तक नगर में विश्वकर्मा पूजा की धुम रहेगी।



### सुरक्षित शनिवार कार्यक्रम के तहत बाल श्रम व बाल विवाह विषय पर हुआ आयोजन



**गीदम 17 सितंबर।** स्कूल शिक्षा विभाग की महत्वपूर्ण योजना बस्ताविहीन पाठशाला के अंर्तगत प्रत्येक शनिवार को स्कूलों में छात्रों के सर्वांगीण विकास हेतु कार्यक्रम आयोजित किये जा रहे है। इसी कड़ी में उच्च प्राथमिक शाला माधोपारा हारम में सुरक्षित शनिवार कार्यक्रम के तहत बाल श्रम व बाल विवाह विषय पर कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमें बाल संसद द्वारा बाल श्रम से होने वाली हानियों व जागरुकता से सम्बन्धित विचार व अनुभव साझा करने का कार्यक्रम आयोजित किया गया। इसी से प्रभावित होकर शाला की कक्षा आठवी की छात्रा ने बाल श्रम से खुद को ग्रसित बताया व बताया कि वह विपरीत परिस्थितियों में अपने घर से दूर किसी परिचित के घर मे रहकर बाल श्रम करते हुए अध्ययन कर रही है। उसकी परिस्थिति को देखकर शाला के शिक्षकों व बाल संसद के छात्रों ने मिलकर उस छात्रा को सहानुभूति प्रदान कर उनके माता पिता से सम्पर्क कर सुरिक्षत उनके गांव पहुचाया। अपने गाँव वापस पहुचकर छात्रा के चेहरे की मुस्कान खिल उठी और वह खुशी खुशी शाला आने लगी।

एक नज़र

## जिला स्तरीय निःशुल्क स्वास्थ्य मेला में 272 लोगों का उपचार



**रायगढ़, 17 सितम्बर।** छ.ग.शासन संचालनालय आयुष रायपुर के निर्देशानुसार आयुष विभाग द्वारा जिला स्तरीय नि:शुल्क आयुष स्वास्थ्य मेला का आयोजन शासकीय आयुर्वेद कार्यालय, रायगढ़ में किया गया। आयुष मेला में 972 रोगियों का नि:शुल्क उपचार किया गया। साथ ही 260 लोगों का हिमोग्लोबिन एवं शुगर जांच भी की गई। आयुष मेला का शुभारंभ जिला पंचायत अध्यक्ष श्री निराकार पटेल के मुख्य आतिथ्य में किया गया। उल्लेखनीय है कि शासन लगातार आयुर्वेद पद्धति के विकास के लिए प्रतिबद्ध है लोगों का झुकाव दिनों दिन बढ़ती जा रही है। प्राचीन चिकित्सा पद्धति पर लोगों का विश्वास बढ़ते जा रहा है। शिविर का उद्देश्य आम जनता को अधिक से अधिक आयुर्वेद एवं होम्योपैथी पद्धति द्वारा स्वास्थ्य लाभ देना एवं जागरूक करना है। शिविर में आयुर्वेद एवं होम्योपैथी पद्धति से नि:शुल्क उपचार कर ग्रामीणों को नि:शुल्कऔषधि का वितरण किया गया। उक्त शिविर में ज्यादातर बात रोग, आमवात, गठिया बात, जानुशूल, कटिशुल, दौरबल्य, शीरशुल, उदर रोग, चर्म रोग, मूत्र रोग, अर्श, प्रतिशयाय, श्वास, कास, ज्वर मधुमेह, उच्च रक्तचाप, स्त्री रोग, नेत्र रोग, कान रोग, गला रोग, खून की कमी इत्यादि प्रकार के रोगियों का नि:शुल्क उपचार कर औषधि प्रदान किया गया। उक्त शिविर में 972 रोगियों का उपचार किया गया। जिसमें 180 रोगियों का होम्योपैथी पद्धति से एवं 792 लोगों का आयुर्वेद पद्धति से किया गया। डॉक्टर संजीव गुप्ता के द्वारा जड़ी बूटियों की पहचान एवं उनकी उपयोगिता बताई साथ ही साथ घरेलू उपचार से लोगों को अवगत कराया गया। डॉक्टर प्रशांत सक्सेना ने पंचकर्म चिकित्सा की महत्ता, मिलेट्स की महत्ता, डेंगू के बारे में लोगों जागरूक किया गया एवं नशामुक्ति संबंधित लोगों को जानकारी दी गई।

## डेंगू नियंत्रण के लिए सोर्स रिडक्शन के साथ होगी जुर्माने की कार्रवाई

**रायगढ़, 17 सितम्बर।** डेंगू के बढ़ते प्रकरण को नियंत्रित करने की दिशा में आज आयुक्त नगर निगम श्री सुनील कुमार चंद्रवंशी एवं मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ.मधुलिका सिंह ठाकुर के नेतृत्व में नगर निगम कक्ष में नगर निगम एवं स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों की संयुक्त बैठक आयोजित हुई। आयुक्त नगर निगम श्री चंद्रवंशी ने कहा कि शहर में बढ़ते डेंगू के प्रकरण को नियंत्रण हेतु नगर निगम एवं स्वास्थ्य विभाग की टीम द्वारा फॉगिंग एवं सोर्स रिडक्शन के साथ ही ऐसे मकानों और संस्थानों पर जुर्माने की कार्यवाही की जाएगी, जहां डेंगू मच्छर के लार्वा पनपने की संभावना है। डॉ.मधुलिका सिंह ठाकुर ने कहा कि डेंगू के नियंत्रण में जनसामान्य का सहयोग महत्वपूर्ण हैं। जनसामान्य की जागरूकता से शहर में डेंगू को प्रभावी ढंग से नियंत्रित किया जा सकेगा। बैठक में स्वास्थ्य विभाग द्वारा रायगढ़ शहरी क्षेत्र के विभिन्न वार्डो में पॉजिटिव मरीजों एवं चिन्हांकित वार्डो में जहां डेंगू के अधिक प्रकरण पाये जाते है ऐसे वार्डो में चल रहे सोर्स रिडक्शन की गतिविधियों के बारे में विस्तार पूर्वक चर्चा की गई। डेंगू के प्रकरण के नियंत्रण हेतु किए जा रहे गतिविधियों को प्रभावी बनाने के लिए निर्णय लिया गया। जिसमें मुख्य तौर पर गहन मॉनिटरिंग के दौरान लार्वा पाये जाने वाले मकानों एवं संस्थानों के मालिकों पर जुर्माना लगाया जाएगा। इसके साथ ही निजी मकान एवं संस्थानों में उपयोग में लाये जा रहे ओव्हर हेड टैंक में ढक्कन से ढका हुआ सुनिश्चित करने एवं जनसामान्य को जागरूक करने के उद्देश्य से व्यापक प्रचार-प्रसार एवं विभिन्न गतिविधियों को बढ़ावा दिया जाएगा।

## जिले में 1063.9 मि.मी.औसत वर्षा दर्ज

**रायगढ़, 17 सितम्बर।** चालू वर्षा मौसम में रायगढ़ जिले में 15 सितम्बर तक 1063.9 मि.मी.औसत वर्षा दर्ज की गई है। बीते 24 घंटे में जिले में 51.2 मिली मीटर औसत वर्षा हुई है। भू-अभिलेख शाखा से प्राप्त जानकारी के अनुसार अब तक जिले के रायगढ़ तहसील में 1070.8 मिली मीटर, पुसौर में 1145.6, खरसिया में 846.1, घरघोड़ा में 1060.5, तमनार में 1000, लैलूंगा में 1083.4, मुकडेगा में 1209.6, धरमजयगढ़ में 1148.4, छाल में 927.5 एवं कापू में 1147.3 मिली मीटर वर्षा दर्ज की गई है।

जिला अध्यक्ष परमेश्वर निर्मलकर के नेतृत्व में

# छत्तीसगढ़ टीचर्स एसोसिएशन के पदाधिकारियों ने मांगों व समस्याओं का ज्ञापन डीईओ को सौंपा



■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**राजिम, 17 सितंबर।** छत्तीसगढ़ टीचर्स एसोसिएशन जिला गरियाबंद का एक प्रतिनिधि मंडल ने आज दिनांक 15 सितंबर को जिलाध्यक्ष परमेश्वर निर्मलकर के नेतृत्व में डीईओ नवीन भगत से मुलाकात कर गरियाबंद जिले में कार्यरत शिक्षक संवर्ग की विभिन्न तात्कालिक समस्याओं के निराकरण के लिए ज्ञापन सौपकर चर्चा किया गया। नव पदस्थ प्रधान पाठक का पदोन्नत संस्था में कार्यभार ग्रहण करने हेतु कार्यमुक्त किया जावें , सहायक शिक्षक एल.बी. (टी.व ई.) संवर्ग का प्राथमिक शाला प्रधान पाठक पदोन्नति हेतु पुनः प्रतिक्षासूची से पदोन्नत किया जावें । वर्ष 2005 में शिक्षा गारण्टी एवं संविदा से शिक्षाकर्मी बनाये गये सहायक शिक्षकों को प्राथमिक शाला प्रधान पाठक पद पर पदोन्नत किया जावें ,जी.पी.एफ. कटौती वर्ष2018 से नियमित रूप से किया जा रहा है,परन्तु आज पर्यन्त पासबुक संधारण नहीं किया गया है ।सेवा पुस्तिका की द्वितीय प्रति संधारण किया जावें । शिक्षक एल.बी. (टी व ई) संवर्ग का सेवा पुस्तिका का सत्यापन स्थानीय निधि संपरीक्षक रायपुर से किया जावें वि.खं. देवभोग में कार्यरत् शिक्षक एल.बी. संवर्ग की सी.पी.एस. कटौती की राशिआज पर्यन्त उनके एनपीएस खाता में जमा नहीं किया गया है।संविलियन पूर्व के समयमान,पुनरीक्षित,लंबित ऐरियर्स का भुगतान किया जावें,चिकित्सा अवकाश,अर्जित अवकाश में रहे शिक्षकों का नियमानुसार अवकाश स्वीकृत कर वेतन भुगतान किया जायें ।अनुकम्पा नियुक्ति-सेवाकाल के दौरान दिवंगत शिक्षकों (एल.बी.)का शेष प्रकरण शीघ्र निपटारा कर उनके आश्रित परिजनों को अनुकम्पा नियुक्ति प्रदान किया जावें।विश्वविद्यालयीन व प्रतियोगी परीक्षा में सम्मिलित शिक्षकों का अनुमति आदेश प्रसारित किया जावें संघ के प्रतिनिधि मंडल को जिला शिक्षा अधिकारी गरियाबंद नवीन भगत ने आश्वासन दिया है की शीघ्र इन सभी समस्या का निराकरण किया जावेगा प्रतिनिधि मंडल मे जिला सचिव सुरेश केला ,जिला कोषाध्यक्ष नंदकुमार रामटेके शामिल रहे।

# प्राथमिक स्कूल में बच्चों के अधिगम स्तर को सुधारने किए गए नवाचार के सुखद परिणाम



**महासमुंद।** प्राथमिक स्कूल में बच्चों के अधिगम स्तर को सुधारने कई तरह के नवाचार किए गए हैं। इसके सुखद परिणाम भी सामने आए हैं। शासकीय प्राथमिक शाला कसडोल विकासखंड सरायपाली के शिक्षकों द्वारा एक ऐसे ही नवाचार और पहल से यहां के शिक्षा स्तर में बड़ा बदलाव देखने को मिल रहा है। सरायपाली से 14 किलोमीटर दूर ग्रामीण परिवेशीय गांव कसडोल है। यहां की 80त्न आबादी बुनकर का काम करती है। हथकरघा से सूती साड़ी का निर्माण करते हैं, बच्चे भी उनके काम में हाथ बटाते हैं। गांव के मध्य में शासकीय प्राथमिक शाला भवन स्थित है। हर गांव की तरह यहां भी बच्चे खेल कूद में मग्न रहते थे। पढ़ाई उन्हें बोरिंग लगता था। इसलिए बच्चे पढ़ाई को प्राथमिकता नहीं देते थे। स्वच्छता का स्तर न्यून था, जिसके कारण कई बच्चे बीच में ही शाला छोड़ देते थे। शिक्षा विभाग के अधिकारियों के मार्गदर्शन और सरायपाली बीआरसीसी सतीश स्वरूप पटेल के विशेष पहल से सभी शिक्षकों ने मिलकर रोचक नवाचार गतिविधियों से अध्यापन शुरू किया। हर कक्षा में रीडिंग कॉर्नर बनवाएं गए और बच्चों को मनोरंजक और रुचिकर पुस्तकें वितरण किया गया। जिससे बच्चे बड़ी रुचि के साथ पुस्तक पढ़ने लगे। बच्चों की रुचि बढ़ाने समुदाय को भी स्कूल से जोड़ा गया। कुछ माताओं को भी पुस्तक पढ़ने हेतु प्रेरित किया। जिससे गांव के लोग भी पुस्तक पढ़ने आने लगे। कई बार पुस्तक घर पर भी ले जाकर पढ़ने लगे। इस नवाचार और शिक्षकों के प्रयास से पढ़ाई के स्तर में सुधार दिखाई स्पष्ट परिलक्षित होने लगे। इस पुस्तकालय को मुस्कान पुस्तकालय का नाम दिया गया। इसका संचालन शासकीय प्राथमिक शाला कसडोल में नियमित रूप से किया जा रहा है। मुस्कान पुस्तकालय के साथ ही साथ बच्चों को शाला के प्रति आकर्षित करने के लिए शाला भवन की दीवारों पर बहुत सुंदर प्रिंट रिच बनवाए गए। जिससे बच्चों की उपस्थिति में सुधार हुआ। अब इस स्कूल में ड्रॉप आउट बच्चों की संख्या शून्य है। साथ ही अब बच्चों में पढ़ने के प्रति रुचि बढ़ी है। बच्चों के लिए एक खिलौना कॉर्नर का निर्माण किया गया है। इस खिलौने कार्नर में अलग-अलग तरह के खिलौने के साथ ही साथ पारंपरिक खिलौने को भी स्थान दिया गया है। कक्षा पहली और दूसरी के बच्चों के लिए स्मार्ट क्लास रूम बनाया गया है और सभी पहली और दूसरी के बच्चों को गतिविधि द्वारा पढ़ाया जा रहा है। आज यहां बच्चे हंसते खेलते पढ़ाई कर रहे हैं। पालक भी इस बदलाव से खुश हैं।

### कृषि विज्ञान केन्द्र ने धान में पेनिकल माईट प्रबंधन पर दी सलाह

**रायगढ़, 16 सितम्बर।** इंदिरा गांधी कृषि विश्व विद्यालय कृषि विज्ञान केन्द्र, रायगढ़ ने फसलों में होने वाले पेनिकल माईट के प्रकोप के संबंध में सलाह दी है। उन्होंने कहा कि सही समय में सही कृषि दवाई का उपयोग किया जाए ताकि फसलों को नुकसान होने से बचाया जा सके। पेनिकल माईट का प्रकोप सितम्बर-अक्टूबर माह में अधिक होता है। यदि पिछले वर्ष धान में पेनिकल माईट का प्रकोप हुआ है तो वर्तमान फसल मौसम में माईट प्रबंधन उपाय आवश्यक है। पेनिकल माईट नग्न ऑखों से दिखाई नहीं देता है। लीप शीथ के अंदर इसे देखने के लिए न्यूनतम 20× हेंड लेंस की आवश्यकता होती है, वयस्क माईट भूसे के रंग, अण्डाकार एवं लगभग 250 माइक्रोन लम्बाई के होते है। नर कीट अधिक सक्रिय होते और पत्ती सतह पर चलते हुए हैंड लेंस से देख सकते है। तापमान के आधार पर 7-12 दिन में एक सम्पूर्ण जीवन चक्र पूर्ण कर लेते है।

कलेक्टर, एसपी सहित अधिकारी-कर्मचारियों एवं पुलिस जवानों ने श्रमदान कर कचरा साफ किया

# एकल उपयोग प्लास्टिक से मुक्त कराने चलाया जागरूकता अभियान

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता



**बीजापुर 17 सितम्बर ।** 15 सितंबर से 2 अक्टूबर गांधी जयंती तक चलने वाले स्वच्छता गतिविधियों के अंतर्गत जिला बीजापुर में कलेक्टर कार्यालय के विभिन्न अंगों एवं जिला पंचायत कार्यालय के समस्त अधिकारियों एवं कर्मचारीगणों ने जिला कलेक्टर श्री राजेन्द्र कुमार कटारा के मार्गदर्शन में जागरूकता एवं स्वच्छता हेतु ÷श्रमदान÷ कार्यक्रम का आयोजन किया। अल सुबह सभी विभागों के अधिकारी व कर्मचारी एवं एसपी श्री आंजनेय वार्ष्णेय के सानिध्य में पुलिस बल एवं डीआरजी के सदस्यों ने भी सफाई अभियान में अपना दमखम दिखाते हुए श्रमदान किया। इस कार्यक्रम की शुरुआत जिला पुलिस अधीक्षक कार्यालय के सामने स्थित लोहाडोंगरी पार्क से हुई, जिसमें सभी ने अनापेक्षित झाड़ियों व खरपतवार के उन्मूलन में सहयोग किया। तदुपरांत कलेक्टर आवास की ओर सड़क के दोनों तरफ एवं जैतालूर मार्ग पर नवीन जिला सेंट्रल लाइब्रेरी की ओर सफाई करते बढ़ चले। इस पूरे कार्यक्रम की योजना उप संचालक (पंचायत) श्री गीत सिन्हा एवं स्वच्छ भारत मिशन के जिला समन्वयक श्री रंजीत सिंह के सानिध्य में तैयार हुआ।

इस पूरे कार्यक्रम को आगे विभिन्न चरणों में अन्य विकासखंडों एवं पंचायतों में भी चलाया जाएगा। इस दौरान जिले को एकल.उपयोग प्लास्टिक से भी मुक्त कराने का प्रयास किया जाएगा।इस कार्यक्रम के दौरान कलेक्टर श्री राजेन्द्र कुमार कटारा, एसपी श्री आंजनेय वार्ष्णेय एवं सीईओ श्री रवि कुमार साहू भी समस्त अधिकारियों के साथ झाड़ियां एवं खरपतवार साफ करने में ल्लीन दिखे।कार्यक्रम के दौरान एसडीएम श्री पवन कुमार प्रेमी, डिप्टी कलेक्टर विकास सर्वे, उप संचालक कृषि, पीपीआईए फेलो, जिला समन्वयक शानू बिस्वास, आरटीओ अधिकारी, स्वास्थ्य एवं आयुष विभाग, महिला एवं बाल विकास के साथ ही अन्य विभागों के जिलाधिकारी सहर्ष शामिल रहे। कार्यक्रम के दौरान एसपी श्री आंजनेय वार्ष्णेय ने उपस्थित सभी जनों को स्वच्छता संबंधी शपथ भी दिलाई।

# आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं और सहायिकाओं को मिली एक और बड़ी सौगात

**महासमुंद,17 सितंबर।** भूपेश सरकार ने आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं और सहायिकाओं को एक और बड़ी सौगात देते हुए सेवानिवृत्ति की आयु 62 से बढ़ाकर 65 वर्ष की गई। साथ ही सहायिकाओं के दस वर्ष के अनुभव को पांच साल किया गया है और कार्यकर्ताओं के पचास प्रतिशत रिक्त पदों पर आंगनबाड़ी सहायिकाओं की भर्ती होगी। सरकार के इस फैसले से आंगनबाड़ी कार्यकर्ता और सहायिकाओं में हर्ष व्याप्त है। संसदीय सचिव व विधायक विनोद सेवनलाल चंद्राकर ने भूपेश सरकार के फैसले को ऐतिहासिक बताते हुए कहा कि इससे प्रदेश की 51 हजार कार्यकर्ता और 46 हजार सहायिकाओं को लाभ मिलेगा।



संसदीय सचिव व विधायक विनोद सेवनलाल चंद्राकर ने कहा कि भूपेश सरकार की प्रभावी नीतियों और उनके क्रियान्वयन के कारण ही छत्तीसगढ़ में सभी वर्ग के लोग खुश हैं। सरकार ने आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं और सहायिकाओं को एक और बड़ी सौगात देते हुए सेवानिवृत्ति की आयु 62 से बढ़ाकर 65 वर्ष की गई है। वहीं सहायिकाओं के दस वर्ष के अनुभव को पांच साल किया गया है और कार्यकर्ताओं के पचास प्रतिशत रिक्त पदों पर आंगनबाडत्री सहायिकाओं की भर्ती होगी। इसके लिए महिला एवं बाल विकास विभाग द्वारा आदेश जारी कर दिया गया है। सरकार के इस फैसले से आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं व सहायिकाओं में हर्ष व्याप्त है। संसदीय सचिव व विधायक श्री चंद्राकर ने कहा कि भूपेश बघेल सरकार ने महिलाओं तथा बच्चों के पोषण एवं टीकाकरण अभियान में सक्रिय भागीदारी निभाने वाली आंगनबाड़ी कर्मियों के लिए एक के बाद एक, दूसरी सौगात दी है। इससे पहले राज्य सरकार ने आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं और सहायिकाओं के मानदेय में इजाफा किया था। आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं को मासिक मानदेय की राशि 6500 रुपये प्रति माह से बढ़ाकर 10 हजार रुपये की गई है। इसी तरह आंगनबाड़ी सहायिकाओं का मानदेय 3250 रुपये से बढ़ाकर 5 हजार रुपये और मिनी आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं का मानदेय 4500 रुपये से बढ़ाकर 7500 रुपये प्रति माह कर दिया गया है। वहीं छत्तीसगढ़ आंगनबाड़ी कार्यकर्ता सहायिका कल्याण संघ की प्रदेश उपाध्यक्ष सुधा रात्रे और जिला अध्यक्ष सुलेखा शर्मा ने सरकार के इस फैसले का स्वागत करते हुए मुख्यमंत्री भूपेश बघेल व संसदीय सचिव व विधायक श्री चंद्राकर का आभार जताया है।

### हैंडबाल के लिए खिलाड़ियों का चयन

**महासमुंद।** 23वीं राज्य स्तरीय शालेय क्रीड़ा प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। जिसमें वेडनर मेमोरियल सीनियर सेकेंडरी स्कूल की छात्र शैलराज साहू का अंडर 14 बालक वर्ग तथा छात्रा दित्या शर्मा का अंडर 14 बालिका वर्ग में हैंडबॉल खेल के लिए चयन हुआ।

शैलराज साहू ने अपना बेहतरीन प्रदर्शन कर प्रतियोगिता में प्रथम स्थान प्राप्त किया और पुरस्कार स्वरूप उन्हें गोल्ड मेडल देकर सम्मानित किया गया। इसी क्रम में दित्या शर्मा में भी शानदार प्रदर्शन कर तृतीय स्थान प्राप्त करते हुए ब्रोज़ मैडल अपने नाम किया। अंडर 17 बालक वर्ग में भी शाला के छात्र राजीव यादव का चयन राज्य स्तरीय हैंडबॉल प्रतियोगिता के लिए हुए था। बच्चों की इस सफलता पर शाला के प्राचार्य रेव्ह. फादर देवानंद बाघ एवं शाला परिवार ने हर्ष जताया है।

समाचार संक्षेप

## अपने पालकों के साथ सीआरपीएफ कैंप पहुंची बेबी भारती




**बीजापुर, 2 सितंबर (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** जैसा कि आपको विदित है बेबी भारती का जन्म दिनांक 14/9/23 को सीआरपीएफ कैम्प कमांडर व डॉक्टर ने बीजापुर जिले में चिन्नागेलुर कैम्प के पास रोड पर ही आपद स्थिति मे करवाया था तथा उसका नामकरण भी सीआरपीएफ अधिकारियों द्वारा ही किया गया था।उसके बाद उसके स्वास्थ्य को देखते हुए उसे अस्पताल भेज दिया गया था ।आज बेबी भारती अपने माता-पिता वह गांव वालों के साथ चिन्नगेलुर कैंप पहुंची जहां पर सीआरपीएफ के जवानों ने पूरे जोश और उत्साह के साथ उसका स्वागत किया तथा उसे खिलौने, कपड़े, जूते, दवाईयां व अन्य दैनिक प्रयोग के सामान प्रदान किए। सीआरपीएफ कैम्प कमांडर डिप्टी कमांडेंट योगेश यादव ने बताया की बेबी भारतीय सीआरपीएफ 153बटालियन की जिम्मेदारी है, और कमांडेंट 153 बटालियन के वादे के अनुसार उसकी सभी आवश्यकताओं की पूर्ति सीआरपीएफ 153 बटालियन करती रहेगी। इस संबंध में जब कमांडेंट 153 बटालियन राजीव कुमार से बात की गई तो उन्होंने बेबी भारती के स्वस्थ्य होकर चिन्नागेलूर कैंप आगमन को एक खुशी का लम्हा बताया। साथ ही उनका कहना था की सीआरपीएफ स्थानीय लोगों की सभी तरह की मदद करने के लिए प्रतिबद्ध है तथा जनता भी धीरे-धीरे सीआरपीएफ के आम जनता के प्रति सद्भाव और सहानुभूति को समझने लगी है । यही कारण है कि स्थानीय जनता बड़ी संख्या में चिन्नागेलूर कैंप आ रही है और असकी विभिन्न समस्याओं का यथोचित समाधान उसे प्रदान किया जा रहा है।

### सीएम का एक दिवसीय बीजापुर प्रवास

**बीजापुर, 2 सितंबर (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** छत्तीसगढ़ प्रदेश के मुखिया श्री भूपेश बघेल का एक दिवसीय प्रवास 18 सितंबर को बीजापुर मे प्रस्तावित है। प्रवास के दौरान जिले के विभिन्न विकास कार्यो का लोकार्पण एवं भूमिपूजन मुख्यमंत्री द्वारा की जाएगी। 504 करोड़ से अधिक राशि की 200 से अधिक विकास कार्यो का सौगात बीजापुर जिले को मिलेगा। इस दौरान मुख्यमंत्री द्वारा गारमेंट फैक्ट्री, सेन्ट्रल लाइब्रेरी, लोहाडोंगरी के कार्यो सहित विभिन्न कार्यो का लोकार्पण एवं मिनी स्टैडियम में आमसभा का आयोजन भी होगा जहां जिले के विभिन्न विभागों द्वारा विभागीय प्रदर्शनी का आयोजन भी किया जाएगा।

### कार्यालय सह निवास भवन निर्माण कार्य के लिए निविदा आमंत्रित

**बीजापुर, 2 सितंबर (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** छत्तीसगढ़ शासन के लोक निर्माण विभाग, जल संसाधन विभाग, ग्रामीण यांत्रिकी सेवा एवं छग गृह निर्माण मण्डल में पंजीकृत ठेकेदारों से दो लिफाफे पद्धति से प्रमुख अभियंता लोक निर्माण विभाग छत्तीसगढ़ शासन के द्वारा जारी किया गया है। जिसके अंतर्गत निविदा जारी करने की तिथि 13 सितंबर 2023 निविदा प्रपत्र विक्रय करने की अंतिम तिथि 25 सितम्बर 2023 एवं निविदा प्रपत्र खोलने की अंतिम तिथि 3 अक्टूबर 2023 को अपरान्ह 4 बजे रखी गई है।

### पोस्ट मैट्रिक छात्रवृत्ति के लिए आवेदन 22 सितम्बर से

**बीजापुर, 2 सितंबर (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** जिले में संचालित समस्त शासकीय, अशासकीय, महाविद्यालयों, इंजीनियरिंग कॉलेज, आईटीआई, पॉलिटेक्निक आदि में अध्ययनरत अनुसूचित जनजाति, अनुसूचित जाति एवं अन्य पिछड़ा वर्ग के विद्यार्थी शिक्षा सत्र 2023-24 के लिए पोस्ट मैट्रिक छात्रवृत्ति हेतु 22 सितम्बर से 20 अक्टूबर तक ऑनलाईन आवेदन कर सकते है। आदिवासी विकास विभाग के सहायक आयुक्त ने बताया कि ड्राफ्ट प्रपोजल लॉक हेतु 22 सितम्बर से 25 अक्टूबर तक और सैंक्शन आर्डर लॉक के लिए 22 सितम्बर से 30 अक्टूबर तक अंतिम तिथि निर्धारित है। अधिक जानकारी के लिए वेबसाईट

का अवलोकन कर सकते है।

### 19 से 21 सितम्बर तक चक्रधर समारोह का आयोजन



**रायगढ़, 17 सितम्बर।** 38 वां चक्रधर समारोह का आयोजन 19 से 21 सितम्बर तक सायं 6 बजे से नगर निगम ऑडिटोरियम रायगढ़ में होगा। चक्रधर समारोह महाराजा चक्रधर सिंह के सांगीतिक व्यक्तित्व का स्पंदित रूपांकन है। शास्त्रीयता, लोकरंग और महाराजा चक्रधर सिंह के प्रिय खेल कुश्ती के संयोजन के साथ सुर-ताल-छंद और घुंघरू की यह परम्परा निरंतर जारी है। चक्रधर समारोह के इतिहास में पहली बार युवा सहभागिता के तहत इस वर्ष जिले एवं प्रदेश की बहुसंख्य सांस्कृतिक प्रतिभाओं को मंच प्रदान किया जा रहा है। गायन-वादन और नृत्य के शीर्षस्थ कलाकारों सहित नयी पीढ़ी के प्रतिभाशाली फनकार इस समारोह में शिरकत करते रहे है।

चक्रधर समारोह में इस वर्ष सुश्री नेहा बनर्जी, डॉ.विनोद मिश्र, डॉ.परितोष पोहनकर सहित इंदिरा कला एवं संगीत विश्वविद्यालय खैरागढ़ को विशेष रूप से आमंत्रित किया गया है। युवा सहभागिता में रायगढ़ जिले के स्कूली छात्र-छात्राओं द्वारा सामूहिक नृत्य की प्रस्तुति दोपहर 12 से सायं 5 बजे तक होगी। इसी तरह युवा सहभागिता में रायगढ़ जिले के स्थानीय कलाकारों द्वारा आयोजित प्रस्तुति दोपहर 12 से सायं 4 बजे तक होगी।

19 सितम्बर मंगलवार को चक्रधर समारोह का उदघाटन समारोह श्री गणेश पूजन एवं दीप प्रज्जवलन के साथ होगा। इसी कड़ी में श्री वेदमणि सिंह ठाकुर एवं ग्रुप रायगढ़ द्वारा गणेश वंदना की प्रस्तुति देंगे। चक्रधर कला एवं संगीत विद्यालय, रायगढ़ द्वारा राज्यगीत (नृत्य के साथ), पं.परितोष पोहनकर द्वारा शास्त्रीय गायन की प्रस्तुति देंगे। इसी तरह श्रीमती सोमा दास एवं ग्रुप (चक्रधर बाल सदन रायगढ़ की बालिकाओं द्वारा)कथक नृत्य की विशेष प्रस्तुति, डॉ.विनोद मिश्र (ख्याल एवं ढुमरी)पर शास्त्रीय गायन, सुश्री आर्या नंदे 'श्रीधारा' द्वारा ओडिसी नृत्य, सुश्री गीतिका ठेठवार द्वारा बांसुरी वादन, सुश्री मधुमिता नकवी द्वारा शास्त्रीय गायन, सुश्री अंजली शर्मा द्वारा कथक नृत्य, श्री प्रफुल्ल सिंह गहलोत द्वारा कथक नृत्य एवं श्री दीपक आचार्य एवं ग्रुप रायगढ़ छत्तीसगढ़ी लोक संगीत रंग की प्रस्तुति देंगे। 20 सितम्बर बुधवार को सुश्री आनंदिता तिवारी द्वारा कथक नृत्य, श्री मनोज जायसवाल द्वारा सितार वादन, सुश्री ज्योतिश्री बोहिदार (रायगढ़ घराना) द्वारा कथक नृत्य, श्री गरीब दास महंत रायगढ़ द्वारा तबला वादन, सुश्री नेहा बनर्जी द्वारा कथक नृत्य, सुश्री आरती सिंह द्वारा लोक संगीत (लोकचदा), सुश्री घनिष्ठा दुबे (रायगढ़ घराना)द्वारा कथक नृत्य, मो.रौशन अली रायगढ़ द्वारा देशभक्ति एवं भजन गायन, श्री हुतेन्द्र ईश्वर शर्मा रायगढ़ द्वारा लोक रंग नाचा, कु.श्रुतिदास रायगढ़ द्वारा ओडिसी नृत्य, मो.अयान द्वारा पियानो वादन एवं सुश्री ऐश्वर्या पंडित गायन की प्रस्तुति देंगी।

# गजानंद कालेज में मनाया गया हिन्दी दिवस



**भाटापारा, 17 सितम्बर।** शासकीय गजानंद अग्रवाल स्नातकोत्तर महाविद्यालय भाटापारा के हिन्दी विभाग द्वारा 14/09/2023 को हिन्दी दिवस का आयोजन सेमीनार हॉल में किया गया। कार्यक्रम छ.ग. के वरिष्ठ साहित्यकार और अवकाश प्राप्त डिप्टी कलेक्टर डॉ.देवधर मंहत झरना बिलासपुर के मुख्य आतिथ्य और प्राचार्य डॉ. विनोद शर्मा की अध्यक्षता में संपन्न हुआ। दीप प्रज्ज्वलन और आगत अतिथियों के स्वागत के उपरांत विषय-प्रवेश करते हुए सहायक प्राध्यापक राजेश कुमार ने विश्व के अनेक विश्वविद्यालयों में हिंदी भाषा के हो रहे पठन पाठन पर विस्तृत प्रकाश डाला। हिंदी विभागाध्यक्ष प्रो. डॉ. उमाकांत मिश्र ने हिंदी की रक्षा बी.एस.एफ के जवानों द्वारा की जा रही सीमा की रक्षा की भॉति महत्वपूर्ण बताया। मुख्य अतिथि डॉ.देवधर मंहत ने गणेशशंकर विद्यार्थी का उध्दरण प्रस्तुत करते हुए हिंदी भाषा को आजादी प्राप्ति से भी अधिक अत्यावश्यक माना। उन्होंने अन्य भाषाओं को नदी एवं हिंदी को महानदी के रूप में निरूपित किया। फादर कामिल बुल्के के साथ साथ अन्य अनेक विदेशियों ने तुलसी और कबीर को पढ़ने के लिए हिंदी सीखी, जो कि गौरव का विषय है।

अध्यक्षीय उद्बोधन में प्राचार्य डॉ. विनोद शर्मा ने हिंदी विभाग द्वारा, पत्रकारिता प्रशिक्षण पर चलाये जा रहे वैल्यू एडेड कोर्स की सराहना करते हुए भावी पीढ़ियों को हिंदी की सेवा के लिए समर्पित रहने का संदेश दिया। गृहविज्ञान विभागाध्यक्ष डॉ. पूर्णिमा साहू ने अन्य भाषाओं की अपेक्षा हिंदी भाषा की सहजता और महत्ता पर प्रकाश डाला। कार्यक्रम का संचालन अतिथि व्याख्याता कु. पूजा गुप्ता ने किया तथा डॉ. मनीष ने आगत अतिथियों के प्रति आभार व्यक्त किया। कार्यक्रम में अशोक वर्मा वाणिज्य विभाग राजन तिवारी राजनीति विज्ञान, रेखा कश्यप प्राणीविज्ञान, दीपक कुमार यादव भौतिकशास्त्र, डॉ.सुमित पंत गणित, डॉ.दीपिका त्रिपाठी वनस्पतिशास्त्र के अतिरिक्त कु. लीना, हर्ष, टिकेश, योगिता, श्रुति शर्मा आदि छात्र-छात्राओं की बड़ी संख्या में उपस्थिति अंत तक बनी रही।

# बलौदाबाजार के लिए कई नाम सामने आए

तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता






**तिल्दा-नेवरा, 17 सितम्बर।** सरस्वती शिशु मंदिर सासाहोली वार्ड एक की बैठक राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ के एक आयोजन के दौरान तिल्दा नेवरा के बीजेपी से जुड़े अनेक कार्यकर्ता सम्लित हुए बैठक में छत्तीस गढ़ प्रान्त प्रचारक उपस्थित हुए। सूत्रों ने बताया की यहां बलौदा बाजार में विधायक के लिय दावेदारों की भी चर्चा हुई और उसमे आधा दर्जन नाम सामने आए है। बीजेपी की इस बैठक के बाद नगर में चर्चा है की क्या इस बार बीजेपी में टिकिट के दावेदार राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ की पसंद का होगा। जबकि पिछले विधान सभा चुनावो में सरस्वती शिशु मंदिर से जुड़े लोग खुल कर जोगी काग्रेस के प्रत्यासी को समर्थन करते देखे गए थे। बलोदा बाजार में वैसे भी बीजेपी की हालत खराब है कारण यहा नेता ज्यादा है कार्यकर्ता कम है और पिछले दस वर्षो में बीजेपी का विधायक को हराने में बीजेपी से जुड़े लोग की अहम भूमिका होती है।

### काग्रेस में छाया वर्मा तगड़ी दावेदार

काग्रेस में वैसे करीब आधे दर्जन नामो की चर्चा चल रही है और सबसे ज्यादा सक्रिय गांव गांव में पूर्व राज्य सभा सांसद मति छाया बर्मा के नाम की चर्चा अधिक है बलोदा बाजार के तिल्दा नेवरा के नागरिक की भी मांग इस बार छाया बर्मा की अधिक है। पिछले वर्षो से निरंतर इस अंचल में लोगो के बीच सीधा संपर्क भी रहा है करोना काल में पार्टी से दूर हट कर मानवता की खुल कर सेवा की ओर लोगो के सुख दुख में निरंतर सक्रिय रही है। इस बार काग्रेस में वैसे तो दावेदार अनेक है सेलेश नितिन त्रिवेदी राम गिड़लानी जनक राम वर्मा सहित अनेक लोग भी गावो में जनता के बीच सक्रिय भूमिका निभा रहे है।

### बीजेपी में आखिर टिकिट किसे मिलेगी इंतजार

भारतीय जनता पार्टी में विधान सभा के दावेदार अनेक है लेकिन योग्य उम्मीदवार के नाम की मोहर किसपर लगेगी अभी कुछ इंतजार करना होगा पार्टी में लक्ष्मी वर्मा टक राम वर्मा या फिर कोई और फ़िलहाल दोनों नामो के साथ और नाम भी चल रहे है और अब देखना है की किसको टिकिट मिलती है।

## एक नजर

### गांजा की बिक्री करने वाले दो युवकों को पुलिस ने पकड़ा




**बलौदाबाजार, 17 सितम्बर (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** बलौदाबाजार पुलिस ने जिले में अवैध गांजा बिक्री करने वालों के विरूद्ध कार्रवाई की जेल भेज दिया है। मिली जानकारी के अनुसार थाना प्रभारी निरीक्षक अमित कुमार तिवारी के नेतृत्व में टीम ने आरोपियों पर कार्रवाई की है। मामला इस प्रकार है कि 15 सितम्बर को मुखबीर की सूचना पर आरोपी कृष्णी नवरंगे पति स्व. तारक राम नवरंगे उम्र 35 वर्ष ग्राम रिसदा थाना सिटी कोतवाली जिला बलौदाबाजार के पास से 1.500 किलोग्राम गांजा कीमती 15000 को जप्त किया गया। आरोपिया का मेमोरण्डम कथन के आधार पर आरोपी हिमालय वर्मा उर्फप्रिंस पिता खिलावन वर्मा निवासी इंदिरा कालोनी सोनपुरी रोड बलौदाबाजार के द्वारा गांजा को लाकर छोडने की बात बताने पर, हिमालय वर्मा को थाना लाकर पुछताछ करने पर जुर्म घटित करना स्वीकार करने से आरोपीगणों के विरूद्ध 20(बी) एनडीपीएस एक्ट के तहत कार्यवाही किया गया है। उपरोक्त कार्यवाही में सउनि सीआर साहू, प्र.आर अंशुमान पाण्डेय, आरक्षक अकरम मोहम्मद, रमाकांत भारद्वाज, नंदकुमार कांत, म.आर. मंजू वर्मा, सरिता यादव एवं साइबर सेल से प्रधान आरक्षक अंजोर मांझी, नरेश खूंटे, आरक्षक अजय यादव, गोपाल पाल, हेमंत नायक एवं टीकाराम साहू का विशेष योगदान रहा।

### ऋण के जाल से उबरने किसानों के लिए सुनहरा मौका

**बलौदाबाजार, 17 सितम्बर (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** प्रदेश के जिला सहकारी केन्द्रीय बैंकों तथा प्राथमिक कृषि साख सहकारी समितियों के कालातीत सदस्यों हेतु एकमुश्त समझौता योजना शासन द्वारा लागू की गई है। जिसमें जिला सहकारी बैंक रायपुर के कार्यक्षेत्र जिला रायपुर, गरियाबंद, बलौदाबाजार, सारंगढ़ -बिलाईगढ़, महासमुंद एवं धमतरी की शाखाओं एवं समितियों से लिये गये समस्त प्रकार के व्यक्तिगत संस्थागत कृषि/अकृषि ऋण की अदायगी हेतु शासन द्वारा एकमुश्त समझौता योजना लागू किया गया है। समझौता योजनांतर्गत किसानों के बकाया ऋण की अदायगी के लिए नियम एवं शर्ते निम्नानुसार होगी जिसके तहत कृषक को जिला सहकारी केन्द्रीय बैंक अथवा प्राथमिक कृषि साख सहकारी समिति का कालातीत ऋणी सदस्यों होना चाहिए। दिनांक 31 मार्च 2022 पर 6 वर्ष से अधिक का कालातीत सदस्य हो।कालातीत सदस्य का खाता एन.पी.ए. होने के दिनांक पर अथवा समझौता दिनांक पर कुल बकाया ऋण, दोनों में से जो भी कम हो उस पर समझौता अथवा ऋण अदायगी दिनांक तक 6 प्रतिशत साधारण व्याज की अदायगी किसान को करना होगा। एक मुश्त समझौता योजना 30 सितंबर 2024 तक सीमित है। समझौता दिनांक पश्चात् ऋण खाते में अधि भारित दण्ड ब्याज, विधिक व्यय एवं अन्य व्यय की छूट भी बैंक समिति द्वारा दी जाएगी। उक्त योजना की सम्पूर्ण जानकारी के लिये अपने निकटतम जिला सहकारी केन्द्रीय बैंक की शाखा से व संबंधित समिति से संपर्क कर विस्तृत जानकारी प्राप्त करते हुये योजना का लाभ उठायें।

## जल जीवन मिशन ने बदली भोथीडीह की तस्वीर

# घरों से लेकर आंगनबाड़ी और स्कूलों तक होने लगी है रनिंग वाटर सप्लाई

तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**बलौदाबाजार, 17 सितंबर।** जल जीवन मिशन के तहत जिले के सभी गावों में पेय जल की उपलब्धता हेतु लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग द्वारा घरों से लेकर आंगनबाड़ी, स्कूलों, अस्पतालों एवं ग्राम पंचायत भवनों तक नल जल के माध्यम से पानी पहुचाने का कार्य किया जा रहा है। इस योजना से लाभांवित होते हुए भाटापारा विकासखंड के ग्राम भोथीडीह की तस्वीर बदल गयी है। गांव के सभी घरों, आंगनबाड़ी केंद्रों, स्कूलों एवं पंचायत भवन में नल जल से पानी उपलब्ध कराने हेतु रनिग वाटर की सप्लाई कार्य पूरी कर ली गयी है। अब इससे लोगो को घरों में ही शुद्ध पानी पीने को मिल जा रहा है।



जल जीवन मिशन से पूर्व पेयजल की स्थिति ग्राम भोथीडीह में पेयजल व्यवस्था हेतु 14 हेण्डपम्प स्थापित है, जिसमें से मुख्य रूप से सभी हेण्डपम्प संचालित है। परन्तु ग्रीष्मकाल के दिनों में अधिकतर हेण्डपम्प का जल स्तर निचे गिर जाने की वजह से सुखा की स्थिति उत्पन्न होती थी। परिवार के निस्तारन के लिए ग्राम के 4 तालाब उपलब्ध है। जो कि सिर्फ निस्तार का उपयोग योग्य है। ग्रामवासी पेयजल के लिए ग्राम से बाहर हेण्डपंप कूपों से पेयजल की पूर्ति करते थे। इस प्रकार ग्रीष्मकाल में ग्राम की महिलाओं को अत्यंत परेशानियों का सामना करना पड़ता था।

पेयजल समस्या निदान हेतु कार्य की शुरूवात ग्राम भोथीडीह की उक्त पेय जल समस्या के निदान हेतु विभागीय अधिकारी, कर्मचारीयों द्वारा ग्राम सभा जल सभा का आयोजन कर उपस्थित ग्राम वासियों से चर्चा की गई। ग्राम की पेयजल समस्या के समाधान हेतु जल जीवन मिशन योजना से कार्यो के बारे में जानकारी दी गयी। उक्त ग्राम में लगभग 239 परिवार निवासरत है। जिसमें जल जीवन मिशन के तहत् नल कनेक्शन प्रदान किया गया। ग्राम में 50 कि.ली. की क्षमता वाला पानी टंकी पूर्व से निर्माणधींन था। जो कि ट्यूबवेल से शुद्ध जल भरकर गांव के प्रत्येक घरों में जल जीवन मिशन के तहत् शुद्ध पेयजल सप्लाई हो रही है। ग्राम के सरकारी स्कूल, आंगनबाडी, पंचायत भवन, शौचालय में रनिंग वाटर के माध्यम से पानी सप्लाई किया जा रहा हैं। स्कुली बच्चों के साथ चर्चा कर उनसे जल जीवन मिशन द्वारा पहुंच जल के बारे में उनकी खुशी जाहिर करते हुए, पानी पीने, हाथ धोने और पानी व्यर्थ न बहने का आग्रह किया गया, साथ ही जल संरक्षण हेतु सोख्ता गड्ढा निर्माण कराने की गुजारिस पंचायत से की गई। उसी तरह पंचायत के प्रत्येक घरों में जाकर जल जीवन मिशन के तहत् प्रदाय नलजल योजना के द्वारा प्राप्त पानी के बारे में बात कर उनकी पूर्व की पानी से संबधित समस्याएं एवं अब हो रही सुविधा के बारे में बात करते हुए ग्राम की निवासी रेनु साहू ने बताया कि हमारे घर में पानी की बहुत ज्यादा समस्या होती थी। पीने के पानी के लिए घर से दूर बोरिंग एवं कुएं में जाना पड़ता था। जिसके वजह से घर के काम-काज में परेशानियां होती थी। बच्चों की पढ़ाई और पति के कार्य पर जाने में देरी जैसी परस्थितियों से गुजरना पड़ता था परन्तु अब सभी कार्य के लिये पर्याप्त समय मिल जाता है। उन्होंने प्राप्त नल कनेक्शन के प्रति अपना आभार व्यक्त किया। इसी तरह गांव की महिलाओं को पंचायत द्वारा चयन कर उन्हे एफटी.के. द्वारा पानी की जांच करना सिखाया गया है।

गांव की सभी बोरिंग, कुंआ के पानी का जांच किया जाना सुनिश्चित किया गया जो की एक उत्कृष्ट कार्य के रूप में किया जा रहा है। साथ ही उन्हे गांव में जल संरक्षण की जागरूकता हेतु बताया गया जो की सोख्ता गड्ढा का निर्माण कर दूर किया जा सकता है। साथ ही गांव के प्लम्बर, इलेक्ट्रिशियन, हेल्पर की ट्रेनिंग विभाग के मास्टर ट्रेनर द्वारा दी गई जो कि ग्राम में संचालित जल जीवन मिशन द्वारा नल जल कनेक्शन की देखभाल के लिये उपस्थित रहेगें। समस्त ग्राम वासियों एवं ग्राम सरपंच एवं सचिव द्वारा जल जीवन मिशन के तहत् किये गये कार्य की प्रशंसा कर सरकार के प्रति आभार व्यक्त किया है।

# निष्पक्ष और शांति पूर्ण मतदान प्रक्रिया है पुलिस की प्राथमिकता

## वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक ने आगामी विधानसभा चुनाव में समुचित सुरक्षा प्रबंधन के लिए ली समीक्षा बैठक

- **थाना क्षेत्र अंतर्गत स्थित समस्त मतदान केन्द्रों का भ्रमण कर, पहचान करने का दिया गया निर्देश**
- **चुनाव के दौरान बाहर से आने वाली केन्द्रीय बलों के रुकने एवं अन्य मूलभूत आवश्यकताओं की पूर्ति के लिए पहले से ही कर ली जाए तैयारी**

तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता



**बलौदाबाजार, 17 सितंबर।** 15 सितम्बर को प्रातः 11.00 बजे से वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक दीपक कुमार झा द्वारा आगामी विधानसभा चुनाव की तैयारी एवं आवश्यक सुरक्षा प्रबंधन हेतु समस्त राजपत्रित अधिकारियों, थाना एवं चौकी प्रभारियों का समीक्षा बैठक लिया गया। बैठक में सर्वप्रथम चुनाव इंस्ट्रक्टर के रूप में एसडीओपी भाटापारा आशीष अरोरा एवं प्रधान आरक्षक तुलेश चंद्रवंशी द्वारा चुनाव के दौरान संपादित होने वाली समस्त कार्यप्रणाली का विस्तृत ब्यौरा उपस्थित समस्त प्रभारियों के समक्ष साझा किया गया। विशेष रूप से चुनाव के समय वरिष्ठ कार्यालय भेजी जाने वाली, दैनिक जानकारी का बहुत ही सूक्ष्म निरीक्षण कर एवं सत्यापन कार्यवाही पश्चात भेजने हेतु निर्देशित किया गया। साथ ही क्षेत्र अंतर्गत पडने वाले समस्त मतदान केन्द्रों का भ्रमण कर पहले से ही तैयारी कर लिया जाए, जिससे चुनाव नजदीक आने पर किसी प्रकार की भी अनावश्यक परेशानी ना हो, इस बात पर विशेष रूप से जोर दिया गया।

तत्पश्चात अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक हरीश कुमार यादव द्वारा समस्त थाना एवं चौकी प्रभारियों को अपने-अपने क्षेत्र के समस्त ग्रामों का भ्रमण कर उस ग्राम में होने वाली परेशानियां, चुनाव प्रक्रिया को प्रभावित करने वाले संभावित कारकों की पहचान करने हेतु निर्देशित किया गया। उन्होंने कहा कि ऐसे असामाजिक तत्वों की पहले ही पहचान कर लिया जाए तथा उनके विरुद्ध समुचित वैधानिक कार्यवाही करना भी सुनिश्चित करें, जिससे चुनाव प्रक्रिया के दौरान किसी भी प्रकार की कानून व्यवस्था की स्थिति उत्पन ना हो। इसके साथ ही चुनाव के दौरान भेजे जाने वाली समस्त जानकारी का भली भांति निरीक्षण कर कार्यालय भेजने हेतु स्पष्ट रूप से हिदायत दिया गया है। उन्होंने कहा कि चुनाव सुरक्षा प्रबंधन हेतु केंद्र से आने वाली केंद्रीय सुरक्षा बलों के रहवास की व्यवस्था के लिए भवनों का चिन्हांकन करने, उनके मूलभूत आवश्यकताओं की पूर्ति समय पूर्व, पूर्ण कर लिए जाने का निर्देश दिया गया। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक द्वारा कहा गया की निष्पक्ष एवं शांतिपूर्वक चुनाव संपादित कराना, पुलिस की पहली प्राथमिकता है। उन्होंने कहा कि आदर्श आचरण संहिता का पालन कराना हम सभी की जिम्मेदारी है। इसके लिए क्षेत्र के सभी गणमान्यों नागरिकों, क्षेत्रवासियों एवं ग्रामवासियों से परस्पर सामंजस्य स्थापित कर समुचित व्यवस्था बनाए रखने की कोशिशों पर बल देने हेतु निर्देशित किया गया। समस्त एवं समस्त थाना एवं चौकी प्रभारी क्षेत्र में अधिक से अधिक पेट्रोलिंग कर आवश्यक सुरक्षा प्रबंध करना सुनिश्चित करेंगे।

## समाचार संक्षेप

### सिमगा क्रिकेट लीग का शुभारंभ 17 से



**सिमगा, 17 सितम्बर (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** सिमगा सिमगा क्रिकेट लीग की शुरुआत होने जा रही है सिमगा के इतिहास में पहली बार इतना बड़ा टूर्नामेंट हो रहा है जिसमें आठ टीमें भाग लेंगे और हर टीम में 17 सदस्य होंगे। आज सिमगा क्रिकेट लीग की कप का अनावरण हुआ, सिमगा क्रिकेट लीग 18 सितम्बर से सिमगा के उन्मुक्त खेल मैदान में क्रिकेट प्रतियोगिता का उद्घाटन किया जाएगा।

### मोनिका सिन्हा को मिला केंद्रीय सह सचिव, सांस्कृतिक प्रभार का दायित्व

**छुरा, 17 सितम्बर (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** छत्तीसगढ़ योग शिक्षक संघ ने कार्यक्षेत्र का विस्तार करते हुए सुश्री मोनिका सिन्हा को उनके योग के प्रति समर्पण, उत्साह व कार्य निष्ठा को दृष्टिगत रखते हुए केंद्रीय सह-सचिव, सांस्कृतिक प्रभार के अति-महत्वपूर्ण पद पर नियुक्त किया है। इस शुभ अवसर पर संघ के प्रांतीय अध्यक्ष अनिल चंद्राकर ने नवनियुक्त केंद्रीय सह-सचिव को बधाई देते हुए कहा कि सुश्री सिन्हा अति सक्रिय और ऊर्जावन सदस्य हैं।प्रदेश महासचिव खोमेश साहू ने मनोनयन पत्र प्रेषित कर बधाई के साथ-साथ केंद्रीय सह-सचिव, सांस्कृतिक प्रभार के कार्यो, उद्देश्यों व नियमो से परिचित कराया। समर्पण भाव के साथ कार्य करने के लिए शुभाशीष प्रदान किया। प्रदेश कोषाध्यक्ष योगेश्वर साहू, बिंदु सिँह व दीपक कुमार वर्मा ने योग में सराहनीय योगदान का फल माना। गरियाबंद जिलाध्यक्ष अर्जुन धनंजय सिन्हा ने कहा कि कुशलता के साथ किया गया कार्य ही योग है और योग का साधक प्रत्येक कार्य को कुशलता के साथ ही करता है। नई जिम्मेदारी के पूर्ण निष्ठा के साथ निर्वहन की शुभकामना प्रेषित किए। इस उपलब्धि पर मोनिका के पिता लेखराम सिन्हा व माता पार्वती सिन्हा ने जीवन का सबसे हर्षित पल बताया। योग के क्षेत्र में रोजगार उपलब्ध कराने मुख्यमंत्री एवं सभी मंत्रियों को पत्र के माध्यम से ज्ञापन सौंपने, योग आंदोलनों, ऑनलाइन संघ योगाभ्यास कार्यक्रमों में विशिष्ट योगदान रहा।परिवार जनों में डॉ गुलशन सिन्हा, छाया सिन्हा, ओम प्रकाश सिन्हा, दिलीप सिन्हा, डॉ शशांक सिन्हा, भागीरथी सिन्हा, हीरालाल सिन्हा ने बधाई दिया।मोनिका ने संघ द्वारा सौपे गए महत्त्वपूर्ण पद के लिए रूपेश्वरी सिंह, नितेश पटेल, आशना गौतम, जिलाध्यक्ष अर्जुन धनंजय सिन्हा, ओम प्रकाश साहू, अश्वनी साहू, गणेश आजाद, धानी मानिकपुरी, तीरथ यादव, अन्नपूर्णा टिकरिया, आकांक्षा चंद्राकर, सत्यम तिवारी का विशेष आभार प्रकट किया।



### 42 पाव देशी मसाला शराब के साथ आरोपी गिरफ्तार, मोटरसाइकिल जब्त




**बलौदाबाजार, 17 सितम्बर (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** बलौदाबाजार पुलिस ने शराब की अवैध तस्करी व बिक्री करने वाले आरोपी को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। मिली जानकारी के अनुसार थाना प्रभारी निरीक्षक अमित कुमार तिवारी के नेतृत्व में थाना सिटी कोतवाली बलौदाबाजार के अपराध क्र 711/2023 धारा 34(2) आबकारी एक्ट के आरोपी के विरूद्ध कार्यवाही किया गया। आरोपी का नाम दुर्गेश बंजारे पिता हीरामन बंजार (34) निवासी पुरानी बस्ती मौवली चौक बलौदाबाजार थाना सिटी कोतवाली बलौदाबाजार है। मामला इस प्रकार है कि 15 सितम्बर को मुखबीर की सूचना पर आरोपी दुर्गेश बंजारे पिता हीरामन बंजार उम्र 34 साल साकिन पुरानी बस्ती मौवली चौक बलौदाबाजार थाना सिटी कोतवाली बलौदाबाजार के पास से भारी मात्रा में शराब रखने की सूचना पर घेराबंदी कर पकडे तथा आरोपी से 42 पाव देशी मदिरा मशाला शराब कुल 7.560 बल्क लीटर जुमला किमती 4620 रूपये एवं शराब परीवहन में प्रयुक्त मोटर सायकल क्रमांक सीजी-04-डीवाय-3396 किमती 30000 जुमला किमती 34620 रूपये को जप्त किया गया आरोपी के विरूद्ध अपराध धारा 34(2) आबकारी एक्ट का पाये जाने से आरोपी को गिरफ्तार कर आब. एक्ट के तहत कार्यवाही किया गया है। उपरोक्त कार्यवाही में प्रआर 243 अमोल सिंह कंवर आर 279, 634 थाना सिटी कोतवाली बलौदाबाजार स्टाफका विशेष योगदान रहा।

## प्रधानमंत्री विश्वकर्मा योजना का शुभारंभ

# ग्राहक सेवा केंद्रों में आवश्यक दस्तावेजों के साथ कराना होगा पंजीयन

तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

- **पारंपरिक शिल्पकारों और कारीगरों का अधिक से अधिक पंजीयन कर योजना का लाभ दिलाने कलेक्टर ने दिए निर्देश**

**बलौदाबाजार, 17 सितंबर।** प्रधानमंत्री विश्वकर्मा योजना का शुभारंभ आगामी 17 सितंबर को विश्वकर्मा जयंती के अवसर पर किया जा रहा है। इसका शुभारंभ प्रधानमंत्री करेंगे। योजना के तहत 18 प्रकार पारंपरिक अंतर्गत शिल्पकारों और कारीगरों को 5 प्रतिशत ब्याज दर पर राशि उपलब्ध कराया जाएगा। योजना का लाभ लेने ग्राहक सेवा केंद्र में आवश्यक दस्तावेजों के साथ पंजीयन कराना होगा। पंजीकृत हितग्राहियों को पहले चरण में एक लाख रुपए तक की और दूसरे चरण में 2 लाख रुपए तक की राशि 5 प्रतिशत रियायती ब्याज दर पर दिया जायगा। कलेक्टर चंदन कुमार ने योजना का व्यापक प्रचार प्रसार करने और अधिक से अधिक हितग्राहियों को लाभान्वित करने के निर्देश जनपद सभी जनपद सीईओ एवं सीएमओ को दिए है। महाप्रबंधक जिला व्यापार एवं उद्योग केंद्र लुइस लकरा ने बताया कि प्रधानमंत्री विश्वकर्मा योजना के तहत 18 प्रकार के पारंपरिक शिल्पकारों और कारीगरों को शामिल किया गया है। इनमें कारपेंटर, नाव बनाने वाले, अस्त्रकार, लोहार, ताला बनाने वाले, हथोड़ा और टूल किट निर्माता, सुनार, कुम्हार, मूर्तिकार, मोची, राजमिस्त्री, टोकनी चटाई झाडू बनाने वाले, पारंपरिक गुड़िया और खिलौने बनाने वाले, नाई, मालाकार, धोबी, दर्जी, मछली का जाल बनाने वाले शमिल है।

प्रधानमंत्री विश्वकर्मा योजना के अंतर्गत शिल्पकारों और कारीगरों को प्रमाण पत्र और आईडी कार्ड के जरिए पहचान मिलेगी। योजना के तहत कौशल विकास प्रशिक्षण टूलकिट लाभ, डिजिटल लेनदेन के लिए प्रोत्साहन, विपरण सपोर्ट दी जाएगी। योजना तहत पंजीकरण हेतु न्यूनतम 18 वर्ष, पिछले 5 वर्ष में राज्य या केंद्र सरकार की किसी भी योजना में ऋण ना लिया हो, पंजीकरण और लाभ परिवार के एक सदस्य को शासकीय सेवा में कार्यरत व्यक्ति और उसके परिवार के सदस्य पत्र नहीं होंगे। पंजीकरण प्रक्रिया ग्राहक सेवा केंद्र सीएससी के माध्यम से प्रधानमंत्री विश्वकर्मा पोर्टल या मोबाइल ऐप पर आधार ऑथेंटिकेशन के माध्यम से आवश्यक दस्तावेज आधार, मोबाइल नंबर, बैंक विवरण, राशन कार्ड के आधार पर पंजीकरण पूर्णतया निशुल्क होंगे। पंजीयन का सत्यापन ग्राम पंचायत शहरी स्थानीय निकाय द्वारा किया जाएगा।

# हटा दीं तुमने दीवारों से सब तस्वीरें पुरखों की... कहाँ सीखा है ये नायाब नुस्खा घर सजाने का...






भाजपा,आरएसएस के लोग महात्मा गांधी की विचारधारा को स्वीकार नहीं करतेज. लेकिन वहां गांधी को इसलिए अपनाया जा रहा है क्योंकि इस पर पीएम नरेंद्र मोदी का जोर है।गांधी देश के साथ-साथ ब्रांड गुजरात भी हैं।सरदार पटेल भी ब्रांड गुजरात हैं,इसलिए गांधी,पटेल और मोदी के बहाने यह दिखाने की कोशिश है कि आजादी से पहले,उसके बाद और अब 21वीं सदी का भारत बनाने में ब्रांड गुजरात का बहुत बड़ा योगदान हैज इधर हाल ही में अमेरिका के राष्ट्रपति जो बाइडन, ब्रिटेन के पीम ऋषि सुनक,संयुक्त राष्ट्र के महासचिव एंटोनियो गुटारेस सहित जी 20 देशों के प्रमुख नेताओं ने महात्मा गाँधी के समाधि स्थल राजघाट पर पहुंचकर भारत के राष्ट्रपिता को श्रद्धांजलि अर्पित की,वहीं पीएम मोदी ने राजघाट पर सभी की अगवानी की। सवाल यही खड़ा होता है कि भाजपा के कुछ नेता गाँधी के खिलाफ टिप्पणी तथा उनके हत्यारे नाथूराम गोडसे की तारीफ करने में पीछे नहीं हैं पर उनके खिलाफ कार्यवाही नहीं होती है।क्या गाँधी के खिलाफ टिप्पणी को ÷राजद्रोह÷ नहीं माना जाना चाहिये।वैसे बड़े ब्रांड वैल्यू की वजह से स्वच्छ भारत अभियान और ग्राम स्वराज के बहाने भाजपा ने कांग्रेस से महात्मा गांधी को राजनीतिक तौर पर टेकओवर करने की कोशिश शुरू कर दी थी? दरअसल भाजपा को गाँधी को नजरअंदाज करना संभव भी नहीं है क्योंकि इनका कोई आइकन भी तो नहीं है न आजादी के समय का और न उसके बाद के कालखंड काज अब देखते हैं कि बापू के खिलाफ क्या टिप्पणी भाजपा नेताओं ने की हैज.भाजपा के तत्कालीन प्रमुख अमित शाह ने जून 2017 में गांधी को÷चतुर बनिया÷ (चालाक बनिया) बताया,जो उनकी चतुराई का संदर्भ था । व्यापारिक जाति जिसमें उनका जन्म हुआ।

स्वतंत्रता हासिल करने के लिए विभिन्न विचारधाराओं और सोच के लोगों ने खुद को कांग्रेस के साथ जोड़ा। कांग्रेस के पास कोई विचारधारा या सिद्धांतों का सेट नहीं था और इसका उपयोग केवल स्वतंत्रता हासिल करने के लिए एक विशेष प्रयोजन वाहन के रूप में किया गया थाऔर इसलिए,महात्मा गांधी, दूरदर्शिता के कारण,बहुत चतुर बनिया था,उन्हें पता था कि भविष्य में क्या होने वाला है।भोपाल से भाजपा की लोकसभा सांसद और मालेगांव विस्फोट की आरोपी प्रज्ञा सिंह ठाकुर ने बार-बार महात्मा गांधी के हत्यारे नाथूराम गोडसे को देशभक्त कहा है। पिछले साल लोकसभा चुनाव के बीच सिंह ने कहा था कि गोडसे देशभक्त था और वह देशभक्त ही रहेगा।हरियाणा के मंत्री अनिल विज ने अपनी टिप्पणी से विवाद खड़ा कर दिया कि महात्मा गांधी की छवि से खादी को मदद नहीं मिली और इससे मुद्रा का अवमूल्यन हुआ, जिससे व्यापक आक्रोश फैल गया,विज ने लोकप्रिय हिंदी गीत साबरमती के संत पर भी आपत्ति जताई और कहा कि इसमें भारत के स्वतंत्रता संग्राम की गलत तस्वीर पेश की गई है और दावा किया कि इसके गीत कई शहीदों का 'अपमान' थे जिनके योगदान को उन्होंने नजरअंदाज कर दिया।असम से भाजपा के राज्यसभा सदस्य कामाख्या प्रसाद तासा ने महात्मा गांधी और भारत के पहले प्रधान मंत्री जवाहरलाल नेहरू की तुलना कचरा से की थी।

### जी-20 में करीब 4100 करोड़ खर्च?...

भारत में जी-20 सम्मेलन का भव्य आयोजन अगले आयोजक देश ब्राजील के लिए किसी चुनौती से कम नहीं है। जी-20 सम्मेलन पर खर्च को लेकर सरकार ने अभी कोई अधिकारिक आंकड़ा नहीं पेश किया है, लेकिन अनुमानित तौर पर पर 4100 करोड़ रुपये के खर्च की बात सामने आ रही है।सूत्रों की मानें तो जी20 पर हुए अनुमानित 4100 करोड़ रुपए के खर्च में से 98 प्रतिशत से ज्यादा आईटीपीओ, सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्रालय और सैन्य इंजीनियर सेवाओं जैसी केंद्रीय एजेंसियों के अलावा केंद्र के तहत दिल्ली पुलिस, एनडीएमसी और डीडीए जैसी एजेंसियों ने खर्च किया है।सूत्रों की माने तो ज्यादातर खर्च संपत्ति निर्माण और रखरखाव को लेकर किया गया है. यह एनडीएमसी और लुटियंस जोन क्षेत्रों में किया गया। यही वजह है कि केंद्र सरकार के विभागों ने ज्यादातर खर्च उठाए है।सूत्रों के मुताबिक बड़ी संख्या में पधारे विदेशी अतिथियों के मद्देनजर सुरक्षा व्यवस्था पर भी काफी खर्च हुआ है,जबकि आईटीपीओ ने सिर्फ शिखर सम्मेलन के लिए नहीं, बल्कि विशालकाय कंवेंशन सेंटर भारत मंडपम जैसी दीर्घकालिक संपत्तियों के निर्माण पर खर्च किया है। साथ ही बड़े आयोजनों के लिए हमेशा तैयार रहेंगी।सूत्रों के मुताबिक इस आयोजन के कुल अनुमानित खर्च में से आईटीपीओ ने क़रीब 3,600 करोड़ रुपये के बिल में से 87त्न से अधिक भुगतान किया. इसके बाद दिल्ली पुलिस ने 340 करोड़ रुपये और एनडीएमसी ने 60 करोड़ रुपये दिये।केंद्रीय विदेश एवं संस्कृति राज्य मंत्री मीनाक्षी लेखी ने यह भी कहा कि दिल्ली पुलिस, पीडब्लूडी,?मसीडी ,डी डीए और एनएचएचआई सहित दिल्ली सरकार और केंद्र की विभिन्न एजेंसियों ने मिलकर राजधानी में जी20 की शिखर सम्मेलन की तैयारियों पर तकरीबन 4,000 करोड़ रुपये खर्च किए हैं.केंद्रीय राज्य मंत्री की तरफ से पेश किए गए एक दस्तावेज के मुताबिक वाणिज्य मंत्रालय के अंतर्गत आने वाले इंडिया ट्रेड प्रमोशन ऑर्गेनाइजेशन (आईटीपीओ) ने सबसे ज्यादा 3,500 करोड़ रुपया खर्च किया है,इसके बाद 340 करोड़ रुपये का खर्च दिल्ली पुलिस ने उठाया है।




### 'भारत' करने पर क्या फिर नोटबंदी होगी...

डॉ. बीआर अंबेडकर की अध्यक्षता वाली संविधान समिति ने संविधान में कहा है कि 'इंडिया दैट इज भारत' इस प्रकार, सभी के लिए,इंडिया भारत है और भारत इंडिया है।÷अगर भाजपा को इंडिया से दिक्कत है तो क्या आप पासपोर्ट से इंडिया हटा देंगे,जहां रिपब्लिक ऑफइंडिया लिखा है,क्या करेंसी नोटों से इंडिया शब्द हटाने को तैयार होंगे? अगर आपको इंडिया शब्द से दिक्कत है, तो क्या आप फिर से नोटबंदी सिर्फ इसलिए लाएंगे क्योंकि वहां से इंडिया हटाना है,क्योंकि हर करेंसी नोट पर रिजर्व बैंक ऑफ इंडिया लिखा होता है? देश के कई संस्थानों में इंडिया का जिक्र है।आधार कार्ड, एम्स,आईआईएम, आईआईटी, इसरो और कई अन्य स्थानों पर भी इंडिया का नाम है। आप भारत को कितनी जगहों से हटाना चाहते हैं। आप भारत को क्यों बांटना चाहते हैं कांग्रेस का आरोप है कि मोदी सरकार 200 से अधिक योजनाएं चला रही है। इनमें से 52 के नाम इंडिया के नाम पर हैं,22 के नाम प्रधानमंत्री के नाम पर हैं और केवल पांच के नाम ही भारत के नाम पर हैं।

### 3 वरिष्ठ आईपीएस नवंबर व जनवरी में रिटायर होंगे...

छत्तीसगढ़ के पुलिस महानिदेशक(डीजीपी) अशोक जुनेजा अब अगस्त 24 में रिटायर होंगे,अब छ्ग के अन्य वरिष्ठ आईपीएस के बारे में देखें तो विशेष




डीजी राजेश मिश्रा जनवरी 24 में तो प्रतिनियुक्ति पर होनेवाले वरिष्ठ आईपीएस रवि सिन्हा जनवरी 24,स्वागत दास,नवम्बर 24 में रिटायर होंगे इसलिये ये तो अगले डीजीपी की दौड़ से बाहर ही हो गये हैं। वहीं अरुण देव गौतम जुलाई 27, पवन देव जुलाई28, हिमांशु गुप्ता जून 29, एसआर पी कल्लूरी मई 31,प्रदीप गुप्ता जुलाई 31,विवेकानंद सिन्हा जनवरी 32, दीपांशु काबरा जुलाई 34 में रिटायर होंगे। इधर प्रतिनियुक्ति पर होनेवाले जयदीप जुलाई 30 में रिटायर होंगे तो एडीजी पदोन्नत तथा सीबीआई में ज्वाइँट डायरेक्ट पदस्थ अमित कुमार दिसंबर 35 में सेवानिवृत होंगे।

### और अब बस...

- बस्तर और सरगुजा संभाग में मिलाकर कुल 26 विधानसभा सीट हैज्लेकिन 2018 के विधानसभा चुनाव में भाजपा यहां से केवल एक सीट दंतेवाड़ा ही जीत पाई थी।पर विधायक की नक्सली हमले में मौत के बाद वो सीट भी उपचुनाव के बाद कांग्रेस के कब्जे में चली गई।
- कांग्रेस अपने मौजूदा विधायकों में डेढ़ से दो दर्जन की टिकट काट सकती है?
- भाजपा ने क्या छत्तीसगढ़ विस चुनाव को चुनौती के रूप में ले लिया है?

---

**एक नजर**

## पांच दिवसीय उन्मुखीकरण कार्यक्रम का समापन



**रायपुर, 17 सितम्बर।** आज दिनाँक 16 सितंबर को शासकीय दूधाधारी बजरंग महिला स्नातकोत्तर महाविद्यालय में सहायक प्राध्यापक/ प्राध्यापको के लिए उन्मुखीकरण कार्यक्रम के समापन अवसर पर वरिष्ठता निर्धारण पर वक्ता डॉ. तपेश चंद्र गुप्ता ने कहा- वरिष्ठता का निर्धारण समान अंक होने पर जन्मतिथि के आधार पर जो बड़ा होता है वही वरिष्ठ होगा। स्थायीकरण एवं अस्थायीकरण का वरिष्ठता क्रम को प्रभावित नही करता। 180 दिन का अगर वेतन नही मिला है तो वह वरिष्ठता क्रम को प्रभावित होता है एवं पदोन्नति प्रभावित होती है। महाविद्यालय की प्राचार्य डॉ. किरण गजपाल ने 5 दिवसीय उन्मुखीकरण कार्यक्रम को प्राध्यापकों/ सहायक प्राध्यापकों के लिए उपयोगी बताया एवं सम्पूर्ण जानकारी को आवश्यक बताया। मुख्यवक्ता को डॉ. जे. एन. वर्मा, डॉ. मनीषा महापात्र,डॉ. उषाकिरण अग्रवाल द्वारा स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया। कार्यक्रम प्रभारी डॉ. मनीषा महापात्र ने कार्यक्रम का संचालन व नीतू हरमुख ने आभार व्यक्त किया।इस अवसर पर सहायक प्राध्यापक एवं प्राध्यापक उपस्थित रहे।

## प्रधानमंत्री मोदी के जन्मदिन पर चाय और लड्डू का वितरण



**रायपुर, 17 सितम्बर।** देश के यशस्वी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जन्मदिन के अवसर पर विजयनगर चौक पर भाजपा नेता राजकुमार राठी डॉक्टर विवेक श्रीवास्तव अखिल चटर्जी बुद्ध देव चौधरी गंगा महानंद सत्यदेव दुबे द्वारा रहागीरों को चाय एवं लड्डू बाटकर मोदी जी के जन्मदिन की बधाई दी गई एवं उनके मंगलमय जीवन की कामना करते हुए विश्व पटल पर उनके द्वारा किए गए कार्यों की प्रशंसा करते हुए कामना की गई की आने वाले समय में भारत को विश्व गुरु बनाने का हर संभव प्रयास करेंगे।

---

**बेटी बचाओ मंच का तीजा पोरा महोत्सव**

## शारदा तीज क्वीन विजेता इमला व मोना उपविजेता



**रायपुर, 17 सितम्बर।** बेटी बचाओ मंच महादेव घाट तथा रायपुरा परिक्षेत्र की ओर से बोल बम भवन में तीज महोत्सव का आयोजन किया गया। मुख्य अतिथि मंच के प्रदेश अध्यक्ष ललित मिश्रा तथा विशेष अतिथि महादेव घाट परिक्षेत्र अध्यक्ष रत्ना शर्मा व रायपुरा अध्यक्ष शिखा शर्मा थे। महोत्सव में महिलाओं द्वारा संगीत की धुन पर समूह नृत्य खूब वाहवाही बटोरी। तीज क्वीन प्रतियोगिता के लिए प्रतियोगियों को पारंपरिक परिधान, श्रृंगार, प्रश्नोत्तरी, रैंप वॉक तथा तीज पर अपने संस्मरण आदि विभिन्न चरणों से गुजरना पड़ा। प्राप्त अंकों के आधार पर शारदा मिश्रा तीज क्वीन विजेता तथा इमला ठाकरे व मोना द्विवेदी उपविजेता घोषित हुए। श्रेष्ठ प्रदर्शन के लिए भारतीरोमनाथ शर्मा, अंजनी शर्मा तथा मनीषा मिश्रा चुने गए। रत्ना शर्मा, शिखा शर्मा को श्रेष्ठ निर्णायक का अवार्ड दिया गया। उक्त अवसर पर आयोजित नृत्य में बेहतर प्रदर्शन पर प्रमिला कोपुलवार, सरला इंग्ले तथा रंजना शर्मा पुरस्कृत हुए। 55 से अधिक उम्र की महिलाओं का समूह नृत्य ने सबको हैरानी में डाल दिया। उक्त अवसर पर तीजा पोरा के महत्व पर प्रकाश डालते हुए प्रदेश अध्यक्ष ललित मिश्रा ने कहा- जब धान की बालियों में दूध भर आता है तो इसे पोर फुटना कहते हैं। इसलिए इस पर्व को पोरा(पोला) कहा जाता है। खेतों में बैलों के विशेष महत्व के कारण बैल पूजन किया जाता है। बेटियों को गृहस्थ जीवन जीने की कला सीखने के लिए मिट्टी के चूल्हा, जाता, बर्तन देते हैं ताकि खेल-खेल में समझ सके कि आगे चलकर कैसे गृहस्थी संभालना है। पदाधिकारियो ने उक्त अवसर पर बैल पूजन के साथ छत्तीसगढ़ के पारंपरिक पकवान ठेठरी, खुरमी, बबरा, अइरसा, देहरौरी, पिड़िया, पप्ची, चौसेला का प्रदर्शन किया। अंत में करू भात के लिए करेला चने की सब्जी, कढ़ी के साथ छत्तीसगढ़ी व्यंजन की व्यवस्था की गई थी।

## नाग के बयान की निंदा

रायपुर, 17 सितम्बर( छत्तीसगढ़ बेंगाली एसोसिएशन ने बंग समुदाय के खिलाफ विधायक अनुपम नाग की टिप्पणी का विरोध करते हुए नाग की निंदा की है। बस्तर बंगाली समाज ने चुनाव बहिष्कार की घोषणा की है। एसोसिएशन के अध्यक्ष अरुण भद्रा ने कहा है कि बंगाली विस्थापितों ने आदिवासियों को उन्नत कृषि, मछली पालन, काष्ठ व मूर्तिकला सिखाकर क्षेत्र का विकास किया है। उस पर नाग कहते हैं कि बंगाली समुदाय को किसी भी राष्ट्र ने स्वीकार नहीं किया हे उसे भारत ने स्वीकार किया है। उनका यह बयान घोर आपत्तिजनक है। भद्रा ने कहा है कि मुख्यमंत्री की घोषणा के बाद भी बांगला भाषा कक्षा प्रारंभ नहीं की जा सकी है।

**जोखिम**



**रायपुर, 17 सितम्बर। खारुन नदी महादेवघाट में जोखिम लेकर गाड़ियों की धुलाई की जा रही है।**

## स्वास्तिक आकार में मानव-श्रृंखला बनाकर दिया स्वच्छता का संदेश



**रायपुर, 17 सितम्बर।** स्वच्छता पखवाड़े के अंतर्गत शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय उमरपोटी, जिला दुर्ग छत्तीसगढ़ में शाला-प्राँगण व आसपास के क्षेत्रों की सफाई की गई। स्वच्छता अभियान में छात्रों की भूमिका विषय पर निबंध प्रतियोगिता आयोजित की गई तथा चित्रकला प्रतियोगिता के द्वारा छात्रों ने अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया। छात्रों व शिक्षकों के द्वारा लोगों को स्वच्छता के लिए जागरूक करने के लिए स्वच्छता रैली निकाली गई। तथा मानव-श्रृंखला का निर्माण किया गया। सांस्कृतिक प्रभारी डॉ. दीक्षा चौबे के अनुसार परंपरागत शुचिता का प्रतीक चिह्न स्वस्तिक के रूप में मानव-श्रृंखला को आकार देकर यह संदेश दिया गया कि स्वच्छता से ही पावनता और निर्मलता आती है। स्वच्छ रहने की आदत ही एक रोगमुक्त, स्वस्थ व विकसित भारत का निर्माण करेगी।

## 200 शिक्षकों का किया गया सम्मान

**रायपुर, 17 सितम्बर।** फेडरेशन ऑफ एजुकेशनल सोसायटीज् छत्तीसगढ़ एवं अशासकीय प्राचार्य मंच के संयुक्त तत्वावधान में अशासकीय अनुदानित एवं निजी शालाओं के सेवानिवृत एवं कार्यरत वरिष्ठ 200 शिक्षकों को सम्मानित किया गया।

इस कार्यक्रम के मुख्य अतिथि मा. 'डॉ चरणदास महंत अध्यक्ष, छत्तीसगढ़ विधानसभा, उपस्थित रहे। कार्यक्रम की अध्यक्षता सत्यनारायण शर्मा पूर्व शिक्षा मंत्री एवं वरिष्ठ विधायक रायपुर ग्रामीण की अध्यक्षता में सम्पन्न हुआ। विशेष अतिथि के रूप में राजेश्री डॉक्टर महंत रामसुंदर दास अध्यक्ष गौ सेवा आयोग एवं पूर्व विधायक तथा ऑगस्टिन बर्नाड सदस्य छत्तीसगढ़ राज्य बाल अधिकार संरक्षण आयोग, पुष्पा पाटले सदस्य छत्तीसगढ़ राज्य बाल अधिकार संरक्षण आयोग, पी. हिमांशु भारती जिला शिक्षा अधिकारी



रायपुर, शैलेन्द्र पाटले अपर आयुक्त, संजय दुबे अध्यक्ष अनुदानित निजी विद्यालय शिक्षक संघ, अनिल तिवारी सचिव शिक्षण संघ भी उपस्थित रहे। फेडरेशन के पदाधिकारी अजय तिवारी अध्यक्ष फेडरेशन, डॉ सुरेश शुक्ला कार्यकारी अध्यक्ष, अशोक पटेल उपाध्यक्ष, आर के तिवारी उपाध्यक्ष, कुसुम त्रिपाठी उपाध्यक्ष, अरविंद शर्मा महा सचिव, शरद दुबे सचिव, डॉ मंजरी बख्शी सह सचिव, आशा. प्राचार्य मंच के पदाधिकारी अशोक दुबे अध्यक्ष, वी.के. मिश्रा उपाध्यक्ष आदि उपस्थित रहे। राजकीय गीत कमला देवी संगीत महाविद्यालय के डॉ एम राम मूर्ति, विद्यानाथ सिंग, तथा उनके छात्रों के द्वारा प्रस्तुत किया गया। इस अवसर पर राजेश्री डॉक्टर महंत रामसुंदर दास ने अपने उद्बोधन में गुरु की महिमा का वर्णन किया तथा गुरुओं की समाज में स्थान और उनके नेतृत्व शैली का बखान किया। कार्यक्रम के अध्यक्षता कर रहे सत्यनारायण शर्मा ने छत्तीसगढ़ की लोक परंपरा से छात्रों को अवगत कराने हेतु शिक्षकों से अपील की तथा उनकी कर्मठता को साधुवाद किया। मुख्य अतिथि डॉक्टर चरण दास महंत ने अपने उद्बोधन में समाज में निजी स्कूल की शिक्षकों की महत्व का बखान किया।

कार्यक्रम के दौरान अध्यक्ष उद्बोधन में फेडरेशन के अध्यक्ष अजय तिवारी ने इस कार्यक्रम की महत्व परंपरा की जानकारी दी तथा यह भी जानकारी दी कि पिछले 30 वर्षों से फेडरेशन इस तरह की कार्यक्रम आयोजन करते आ रहा है। कार्यकारी अध्यक्ष डॉ सुरेश शुक्ला ने सम्मानित होने वाले शिक्षकों को बधाई दी एवं उनके समर्पण की प्रशंसा की। कार्यक्रम के अंत में धन्यवाद ज्ञापन संस्था के महासचिव अरविंद शर्मा द्वारा ज्ञापित किया गया।




कौशल किशोर मिश्र प्रकाशक, मुद्रक, स्वामी की ओर से तरूण छत्तीसगढ़, तरूण छत्तीसगढ़ प्रेस टॉवर, प्रेस काम्पलेक्स, रजबंधा मैदान, रायपुर ( छ.ग. ) से मुद्रित एवं प्रकाशित प्रधान संपादक- कौशल किशोर मिश्र, पंजी. क्रं. 45088/85 डाक पं.छ.ग./रायपुर संभाग/33/2021-23